


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 सुनील गावस्कर ने बीसीसीआई को दिए...

100 प्रतिशत आश्वस्त हूं सीएए से... 12



वर्ष : 14 | अंक : 304 | नई दिल्ली, रविवार, 17 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 25°C

न्यूनतम तापमान 18°C

**बाजार**

सोना 67,545

चांदी 77,600

सेंसेक्स 72,643

निफ्टी 22,023

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह भाजपा में शामिल हुए

जयपुर। राजस्थान में अलवर से कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव शनिवार को जयपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। उनके साथ कई अन्य कांग्रेस नेता भी पार्टी में शामिल हुए। यादव ने शुक्रवार को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अलवर सीट से कांग्रेस द्वारा टिकट नहीं दिए जाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता भंवर जितेंद्र सिंह को जिम्मेदार ठहराया था। डॉ सिंह यहां भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए।

### लक्षद्वीप में पेट्रोल, डीजल की कीमत में 15.3 रुपये तक की कटौती

नई दिल्ली। लक्षद्वीप में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 15.3 रुपये प्रति लीटर तक की कटौती की गई है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने सुदूर द्वीपों तक ईंधन पहुंचाने के लिए विशेष बुनियादी ढांचा तैयार किया है। इसके लिए हुए खर्च की वसूली के लिए लागू अतिरिक्त शुल्क को हटाने से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी हुई है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने आईओसी से मिली जानकारी के हवाले से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लक्षद्वीप के एंड्रोट और कल्पेनी द्वीपों में 15.3 रुपये प्रति लीटर और कावारत्ती तथा मिनिकॉय में 5.2 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है। कावारत्ती और मिनिकॉय में पेट्रोल की कीमत पहले के 105.94 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 100.75 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। एंड्रोट और कल्पेनी में पेट्रोल की कीमत 116.13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 100.75 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। इसी तरह, कावारत्ती तथा मिनिकॉय में डीजल की दरें पहले के 110.91 रुपये से घटकर 95.71 रुपये प्रति लीटर और एंड्रोट तथा कल्पेनी में 111.04 रुपये से घटकर 95.71 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं। नई दरें 16 मार्च से प्रभावी हो गई हैं। मंत्रालय ने पोस्ट में कहा, ह्यलक्षद्वीप में आईओसी चार द्वीपों- कावारत्ती, मिनिकॉय, एंड्रोट और कल्पेनी को पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति कर रही है। आईओसी के पास कावारत्ती और मिनिकॉय में डिपो हैं, और इन डिपो में उत्पाद की आपूर्ति केरल के कोच्चि में स्थित आईओसी डिपो से की जाती है।

# चुनाव के लिए भाजपा-एनडीए पूरी तरह से हैं तैयार : पीएम मोदी

● जेपी नड्डा द्वारा रिकॉर्ड वोटिंग करने की अपील

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने आज शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार आया है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मतदाताओं से रिकॉर्ड वोटिंग करने की अपील की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक बयान में कहा है कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार आ गया है। चुनाव आयोग ने 2024 लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित कर दी हैं। हम, भाजपा-एनडीए चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सभी क्षेत्रों में हम सुशासन के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर ही लोगों के पास जा रहे हैं। दस साल पहले, हमारे सत्ता संभालने से पहले तक भारत के लोग इंडी गठबंधन के दयनीय शासन के कारण ठगा हुआ और निराश महसूस कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि तब कोई भी क्षेत्र घोटाले और नीतिगत पंगुता से अछूता नहीं रहा। इससे आगे उन्होंने कहा कि विश्व ने भारत का साथ छोड़ दिया था। वहां से, यह शानदार बदलाव रहा है। चुनाव की घोषणा के साथ ही बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश से अपील करते हुए कहा कि रिकॉर्ड वोटिंग कर लोकतंत्र की नींव मजबूत करें। इसी के साथ उन्होंने कहा कि मैं चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 की घोषणा का स्वागत करता हूं। लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव चुनाव है। उन्होंने कहा कि यह देश और प्रदेश को विकास और सुशासन के पथ पर अग्रसर रखने का बेहतरीन माध्यम भी है। इसी के साथ उन्होंने अपील करते हुए कहा, कि मैं समग्र राष्ट्र की जनता से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव को और मजबूती प्रदान करने का आह्वान करता हूं। उन्होंने दावा किया कि एक बार फिर पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा भारी बहुमत से सरकार बनाएगी और आगामी 5 वर्षों के लिए जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कटिबद्ध भाव से कार्य करेगी।

## चुनाव की घोषणा से पहले ही जनता ने एनडीए के लिए 400 पार का ऐलान कर दिया: पीएम

नगरकुर्नूल/नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तेलंगाना के नगरकुर्नूल में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पहले ही लोगों ने एनडीए के 400 सीटों के पार जाने पर अपना फैसला दे दिया है। उन्होंने कहा कि आज मैं यहां देख रहा हूं कि तेलंगाना के लोगों ने फैसला कर लिया है कि वे तीसरी बार मोदी को वापस लाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में 2024 के चुनाव का बिगुल बजने जा रहा है। लेकिन तारीखों के औपचारिक ऐलान के पहले ही देश की जनता ने नतीजों का ऐलान कर दिया है। देश ने घोषणा कर दी है कि अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि नगरकुर्नूल की भीड़ इसका प्रमाण है। 2023 में मैंने विधानसभा चुनाव के दौरान तेलंगाना का दौरा किया था। उस समय मुझे एहसास हुआ कि लोग वास्तव में बीआरएस से नाराज हैं। और आज मैं देख सकता हूं कि तेलंगाना के लोगों ने फिर से मोदी को चुनने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और बीआरएस पर तंज कसते हुए कहा कि दोनों ने मिलकर तेलंगाना के विकास के हर सपने को चकनाचूर कर दिया। अब तो यहां कांग्रेस के पंजे का कब्जा हो गया है। पहले बीआरएस की महालूट और अब कांग्रेस की बुरी नजर। ये वैसे ही हालत हैं, जैसे कुएं से निकले-खाई में गिरे। कांग्रेस के लिए तो पूरे राज्य को तबाह करने के लिए पांच साल बहुत हैं। उन्होंने कहा, बीआरएस भी कांग्रेस के ही नक्शेकदम पर चलने वाली पार्टी है। केसीआर तो कहते हैं कि भारत को नए संविधान की जरूरत है। क्या ये बाबा साहब डॉ. अंबेडकर को अपमानित करने का कृत्य नहीं है ? केसीआर ने दलित बंधु योजना से दलितों को धोखा दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने केवल गरीबी हटाओ का नारा दिया लेकिन गरीबों के जीवन में कोई बदलाव नहीं आया। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने दशकों तक देश में गरीबी हटाओ का नारा दिया ।

## चुनाव की तारीखों का हुआ ऐलान, 19 अप्रैल से शुरू होगी वोटिंग

# लोकसभा चुनाव 2024 : 7 चरणों में होगा मतदान और 4 जून को आएगा रिजल्ट

प्रात : किरण/एजेंसी




नई दिल्ली। शनिवार को चुनाव आयोग द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में आखिरकार लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया है कि आम चुनाव 7 चरणों में संपन्न कराया जाएगा। मतदान पूर्ण होने के बाद 4 जून को मतगणना होगी। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू मौजूद रहे। चुनाव आयोग की घोषणा के मुताबिक 19 अप्रैल से 7 चरणों में वोटिंग होगी। इसके बाद 4 जून को मतों की गिनती होगी। गौरतलब है कि मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और नई लोकसभा का गठन उससे पहले होना है। चुनाव आयोग के मुताबिक पहले चरण में 19 अप्रैल, दूसरे चरण में 26 अप्रैल, तीसरे चरण में 7 मई, चौथे चरण में 13 मई, पांचवें चरण में 20 मई, छठे चरण में 25 और सातवें चरण में 1 जून को वोट डाले जाएंगे। पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोट डाले जाएंगे, जबकि 26 अप्रैल को दूसरे चरण के अंतर्गत 89 सीटों पर मतदान होगा। इसी तरह से 7 मई को तीसरे चरण में 12 राज्यों की 94 सीटों चुनाव होगा। 13 मई को चौथे चरण में 96 सीट, 20 मई को पांचवें चरण में 49 सीटों पर, 25 मई को छठे चरण में 57 सीटों पर, जबकि 1 जून को सातवें और आखिरी चरण में 57 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव में 97 करोड़ मतदाता मतदान का प्रयोग करने वाले हैं। 10.5 लाख पोलिंग स्टेशन बनाए गए है। जबकि 55 लाख ईवीएम मशीन का इस्तेमाल होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि हिमालय से समुद्र तक और रेगिस्तान से बारिश वाले पूर्वोत्तर तक बूथों पर एक जैसी सुविधा होगी। 85 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वोटर या दिव्यांग वोटर के घर फॉर्म भिजवाएंगे, ताकि वे घर से वोट डाल सकें।

बूथ पर आने पर उन्हें आयोग वोलेंटियर सहयोग करेगा। सीईसी ने कहा कि चुनाव के बाद मतदान केंद्र पर कचरा नहीं होगा। कार्बन फुट प्रिंट सबसे कम होगा। केवाईसी, वोटर हेल्प लाइन और सी विजिल एप सबवोटर कार्ड से बूथ, उम्मीदवारों की जानकारी मिलेगी। कॉन्ट्रेक्ट स्टाफ या वॉलंटियर चुनाव ड्यूटी में नहीं लगाए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार ने कहा कि महिला वोटर की संख्या 12 सीटों पर पुरुषों से ज्यादा है। आयोग ने बताया कि 3400 करोड़ से ज्यादा मूल्य के सामान और नकदी की जब्ती हुई है। इसमें शराब, नकदी, नशा और फ्री बी शामिल हैं। साथ ही कहा कि हम हवाई अड्डा, सड़क और जल मार्ग पर विशेष निगरानी रख रहे है। खासकर हवाई अड्डों पर चार्टर उड़ानों पर सख्त निगाह रहेगी। सीईसी ने कहा कि चुनाव करने को लेकर आयोग के सामने 4 चुनौतियां हैं। बाहुबल का इस्तेमाल, धनबल, झूठी खबर और एमसीसी का उल्लंघन। उन्होंने कहा कि हम हिंसा मुक्त चुनाव करवाना चाहते हैं, लिहाजा इलेक्शन के दौरान कोई भी खून-खराबा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को समाचार पत्रों और अन्य मीडिया आउटलेट्स में तीन बार जानकारी प्रकाशित करनी होगी। राजनीतिक दल को बताना होगा कि उन्होंने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवार को टिकट क्यों दिया।

राज्यों के विधानसभा चुनावः आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभाओं का कार्यकाल जून में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। पिछली बार लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और 11 अप्रैल से सात चरणों में मतदान हुआ था। मतगणना 23 मई को हुई थी। आगामी चुनावों में 10.5 लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर करीब 97 करोड़ लोग मतदान करने के पात्र हैं। 1.5 करोड़ पोलिंग कर्मचारी और सुरक्षा स्टाफ इसके लिए लगाए गए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार ने कहा कि पिछले 11 चुनाव में 3400 करोड़ रुपये जब्त किए गए। इस पूरी रकम में 835 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

# केजरीवाल ने दिल्ली में रेहड़ी-पटरी वालों का सर्वेक्षण कराने की घोषणा की

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शहर में "रेहड़ी-पटरी" वालों को उनकी दुकान चलाने के लिए जगह मुहैया कराने के वास्ते एक सर्वेक्षण कराने की शनिवार को घोषणा की। केजरीवाल ने एक वीडियो संदेश में कहा कि सर्वेक्षण कुछ महीनों में पूरा किया जाएगा, जिसके बाद विक्रेताओं को उचित तरीके से जगह मुहैया करायी जाएगी ताकि अन्य दुकानदारों को कोई दिक्कत न हो तथा यातायात में कोई समस्या न आए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि रेहड़ी-पटरी विक्रेता पुलिस या अन्य प्राधिकारियों के किसी उत्पीड़न के बिना सम्मानपूर्वक अपनी आजीविका कमाने में सक्षम हों।

### प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका अनुराधा पौडवाल भाजपा में शामिल हुईं

नई दिल्ली। प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका अनुराधा पौडवाल लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी के नेताओं के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में पौडवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें मोदी की अगुवाई वाली पार्टी में शामिल होकर खुशी हो रही है। इस मौके पर उन्होंने 'सर्व मंगल मांगल्ये' भी गाया और आदि शक्ति को नमन किया। पौडवाल ने संवाददाताओं से कहा, "मुझे बहुत खुशी है कि मैं उन लोगों और उनकी सरकार में शामिल हो रही हूं जिनका सनातन से बहुत गहरा संबंध है। फिल्म उद्योग में वर्षों तक पार्श्वगायन करने के बाद पिछले 35 वर्षों से मैं केवल भक्ति गीत गा रही हूं।"

# कांग्रेस व्यापक सामाजिक, आर्थिक और जाति जनगणना की गारंटी देती है: खरगे

प्रात : किरण/एजेंसी



बेंगलुरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा को बढ़ाने के लिए संविधान संशोधन पारित करने और एक व्यापक सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना कराने का वादा किया। ये वादे श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के लिए शनिवार को पार्टी द्वारा घोषित पांच अन्य गारंटियों में शामिल हैं। खरगे ने 'हिस्सेदारी न्याय' के तहत आने वाली गारंटी गिनाते हुए कहा, ह्यकांग्रेस पार्टी एक व्यापक सामाजिक, आर्थिक व जाति जनगणना की गारंटी देती है। इसके माध्यम से सभी जातियों व समुदायों की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, राष्ट्रीय संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी और शासन से संबंधित संस्थानों में उनके प्रतिनिधित्व का सर्वेक्षण किया जाएगा।ह्ल उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक नीति देश में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। खरगे ने कहा, "कांग्रेस यह गारंटी भी देती है कि वह एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा बढ़ाने के लिए एक संविधान संशोधन पारित करेगी। 50 प्रतिशत सीमा बढ़ाकर 60, 65 की जा सकती है। तमिलनाडु की तरह, उन्होंने जो किया, हम भी करना चाहते हैं।

**जानकारी** जहाज का 14 दिसंबर को सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था।

# भारतीय नौसेना ने जहाजों का अपहरण करने का समुद्री डाकुओं का प्रयास किया विफल

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने सोमालिया के पूर्वी तट पर जहाजों के अपहरण के सोमालियाई समुद्री डाकुओं के एक प्रयास को विफल कर दिया। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि समुद्री डाकू उस जहाज पर सवार थे जिसका करीब तीन महीने पहले अपहरण किया गया था। नौसेना ने कहा, "समुद्र में अपहरण के कृत्यों को अंजाम देने के लिए एमवी रुएन का समुद्री डाकुओं के जहाज के रूप में इस्तेमाल किये जाने की जानकारी है। इस जहाज का 14 दिसंबर को सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था।" उसने बताया कि भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत ने 15 मार्च को इस जहाज का पीछा किया। नौसेना ने बताया कि जहाज से युद्धपोत पर गोलीबारी की गई और भारतीय जहाज की ओर से आत्म रक्षा में और नौवहन तथा नाविकों को समुद्री डाकुओं के खतरे से बचाने के लिए आवश्यक न्यूनतम बल के साथ समुद्री डकैती से निपटने के वास्ते अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार कार्रवाई की गई। नौसेना ने एक बयान में कहा, "जहाज पर सवार समुद्री डाकुओं से आत्मसमर्पण करने तथा उनके द्वारा बंधक बनाए जहाज तथा नागरिक को रिहा करने का आह्वान किया गया।" इसमें कहा गया है, "भारतीय नौसेना इस क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और नाविकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।"




## संक्षिप्त समाचार

### आचार संहिता से पहले पौड़ी, चमोली और पिथौरागढ़ के पुलिस कप्तान बदले

**देहरादून, एजेंसी।** पौड़ी जिले की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे का तबादला पुलिस मुख्यालय में कर दिया गया है। उनकी जगह पिथौरागढ़ के पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह को पौड़ी का एसएसपी बनाया गया है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले शासन ने बृहस्पतिवार देर रात पौड़ी, चमोली और पिथौरागढ़ के पुलिस कप्तानों का तबादला कर दिया। विशेष सचिव गृह रिद्धिम अग्रवाल ने आदेश जारी किए। इसके अनुसार, पौड़ी जिले की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे का तबादला पुलिस मुख्यालय में कर दिया गया है। उनकी जगह पिथौरागढ़ के पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह को पौड़ी का एसएसपी बनाया गया है। चमोली की पुलिस अधीक्षक रेखा यादव का तबादला पिथौरागढ़ कर दिया गया है। उनकी जगह चमोली जिले के नए कप्तान सर्वेश पंवार होंगे। सर्वेश देहरादून में पुलिस अधीक्षक यातायात के पद पर थे।

### एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**देहरादून, एजेंसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के उत्तरांचल प्रांत के प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का समान नागरिक संहिता विधेयक के लिए आभार जताया। कहा, समान नागरिक संहिता में जनजातीय समाज के रीति-रिवाजों को संरक्षित रखने के लिए प्रावधान भी स्वागत योग्य है। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री ऋषभ रावत ने कहा कि समानता की ओर कदम बढ़ाने वाले प्रदेशवासी हम हैं और यह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय सहसंयोजक पायल राय, प्रदेश सह मंत्री किरन कठायत, विभाग संगठन मंत्री नागेंद्र बिष्ट, प्रांत संस्कृत आयाम प्रमुख विवेक मंमगाई, प्रांत मीडिया संयोजक यशवंत पंवार, दिशा नेगी, शिवानी रावत, कंचन पवार, रॉबिन तोमर उपस्थित रहे।

### लोकसभा चुनाव से पहले उत्तराखंड में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल

**देहरादून, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कमी कर दी है। केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कमी कर दी है। नई दरें सुबह छह बजे से लागू हो गई। सरकार के इस एलान के बाद देहरादून पेट्रोल की कीमत 93.33 रुपये हो गई है। वहीं डीजल का दाम88.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है। वहीं, विकासनगर में पेट्रोल के नए दाम 93.33 रुपये और डीजल के नए दाम 88.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है। यहां पेट्रोल के दाम में 2.02 रुपये और डीजल के दाम में 2.00 रुपये कम हुए हैं।

### बलूनी के जीतने से रामनगर में होंगे विकास कार्य

**नैनीताल, एजेंसी।** गढ़वाल संसदीय सीट से अनिल बलूनी के जीतने पर रामनगर में विकास कार्य तेज होंगे। राज्यसभा सांसद रहते हुए उन्होंने रामनगर में कई विकास कार्य किए हैं। रामनगर के कार्यकर्ता जी-जान से उन्हें जिताएंगे। यह बात प्रेस वार्ता में रामनगर के विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कही।

विधायक ने कहा कि अनिल बलूनी जब राज्यसभा सांसद थे, तब उन्होंने धनगढ़ी व पनोद नाले पर पुल बनाने, रामनगर के अस्पताल में आईसीयू बेड, ढेला में रेस्क्यू सेंटर की स्वीकृति कराई गई। विधायक ने बताया कि रामनगर में भाजपा सरकार में टोंगिया ग्राम को राजस्व ग्राम बनाने, पर्यटन में हाथीडगर नया पर्यटन जोन खोलने, हाथीडगर कानिया नाला पर पुल निर्माण, चुकुम गांव में बाढ़ सुरक्षा कार्य सहित आदि कार्य किए गए।

# 60वीं वर्षगांठ पर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करेगा निम, डायमंड जुबली ईयर उत्सव शुरू

**उत्तरकाशी , एजेंसी।**
नेहरू पर्वतारोहण संस्थान ने इसी साल से अपना डायमंड जुबली ईयर मनाना शुरू कर दिया है। इसे खास बनाने के लिए संस्थान ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने की योजना तैयार की है।

अपनी 60वीं वर्षगांठ पर नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करेगा। संस्थान अगले साल 2025 में अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूरे करने जा रहा है। हालांकि संस्थान ने इसी साल से डायमंड जुबली ईयर मनाना शुरू कर दिया है।

देश के पहले प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की स्मृति में उत्तरकाशी में नेहरू पर्वतारोहण संस्थान की स्थापना वर्ष 1965 में हुई थी। यह देश के प्रसिद्ध पर्वतारोहण संस्थानों में से एक है। स्थापना से लेकर अब तक संस्थान ने कई बड़ी उपलब्धियां अपने नाम की हैं। संस्थान ने इसी साल से अपना डायमंड जुबली ईयर मनाना शुरू कर दिया है। इसे खास बनाने के लिए संस्थान ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट (8848 मीटर) फतह करने की योजना तैयार की है।

निम के प्रधानाचार्य कर्नल अंशुमान भदौरिया ने बताया कि डायमंड जुबली ईयर उत्सव के तहत अगले साल माउंट एवरेस्ट आरोहण प्रस्तावित है। इससे पूर्व भी दो बार वर्ष 2009 और 2021 में संस्थान का दल सफलतापूर्वक माउंट एवरेस्ट पर आरोहण कर चुका है।

संस्थान को विश्व के मानचित्र पर लाने का इरादा है। इसके लिए प्रशिक्षण, अवस्थापना विकास व उपकरणों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। देश-विदेश के बड़े संस्थानों के साथ मिलकर संयुक्त प्रशिक्षण व पर्वतारोहण अभियानों को अंजाम देने के लिए भी प्रयासरत हैं। -कर्नल अंशुमान भदौरिया, प्रधानाचार्य निम।



संस्थान अब तक पर्वतारोहण के बेसिक, एडवांस, मैथड ऑफ इंस्ट्रक्शन, सर्च एंड रेस्क्यू आदि कोर्सेज में 31500 युवाओं को प्रशिक्षण दे चुका है। जिसमें 691 विदेशी भी शामिल हैं। निम के बेसिक और एडवांस कोर्सेज के लिए तो युवाओं में खासा उत्साह रहता है। जिसके चलते इनमें एडवांस बुकिंग भी रहती है।

**ये हैं बड़ी उपलब्धियां**

-केदारनाथ पुनर्निर्माण-वर्ष 2013 में आई केदारनाथ आपदा में निम ने राहत एवं बचाव कार्य के साथ पुनर्निर्माण में बड़ी भूमिका निभाई थी। तब निम के तत्कालीन प्रधानाचार्य कर्नल अजय कोटियाल के नेतृत्व में संस्थान की टीम केदारनाथ रवाना हुई थी।
-इनडोर क्लाइंबिंग वॉल-निम ने अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार देश की पहली इंडोर स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग आर्टिफिशियल वॉल तैयार की है। जिसमें ऑटो विले मशीन से रोप अपने आप रिलीज होती है।
-हिमालय संग्रहालय-निम ने करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से हिमालय संग्रहालय तैयार किया है। जिसमें पर्वतारोहण के साथ हिमालय की लोकसंस्कृति, कला से जुड़ी वस्तुओं को सहेजा गया है। हालांकि अभी इसका उद्घाटन नहीं हो पाया है।
-अनाम चोटियों पर आरोहण-निम ने वर्ष 2018 में उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के साथ संयुक्त अभियान में रक्तवन क्षेत्र में चार अनाम चोटियों पर आरोहण किया था। जिसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने भी उपलब्धि के रूप में दर्ज किया है।
-एवरेस्ट अभियान-वर्ष 2009 के अलावा वर्ष 2021 में निम एवरेस्ट अभियान में शामिल रहा है। 2021 में निम और जम्मू-कश्मीर स्थित जवाहर इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग (जिम) के संयुक्त छह सदस्यीय अभियान दल ने माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराया था।
-नेशनल स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग चैंपियनशिप-निम ने वर्ष 2022 में पहली बार तीन दिवसीय नेशनल स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग चैंपियनशिप की मेजबानी की थी। जिसमें करीब 150 क्लाइंबर शामिल हुए थे।

## आक्रोशित छात्रों ने राधेहरि महाविद्यालय में की तालाबंदी

**काशीपुर, एजेंसी।** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को एबीवीपी और छात्रसंघ पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इसके साथ ही महाविद्यालय में अनिश्चितकाल के लिए तालाबंदी कर दी है।

छात्रसंघ अध्यक्ष अमन शर्मा ने कहा कि एक महीने से महाविद्यालय के प्राचार्य नियमित रूप से महाविद्यालय नहीं आ रहे हैं। महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर कई बार महाविद्यालय प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। कहा कि महाविद्यालय में शौचालय, पीने के पानी, मंदिर का जीर्णोद्धार, महाविद्यालय के प्रांगण में ब्लॉक टाइल, पढ़ने के लिए कक्षाएं और फर्नीचर आदि समस्याओं को लेकर कई बार समाधान करने का आग्रह किया गया मगर कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। समस्याओं का निराकरण होने तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। आक्रोशित छात्रों ने कहा कि जब तक उनकी मांगे महाविद्यालय में स्वयं प्राचार्य आकर नहीं सुनते तब तक महाविद्यालय अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेगा।

### पालिका के 10 में से आठ कूड़ा वाहन खराब

**नैनीताल, एजेंसी।** नगर पालिका के 10 कूड़ा वाहनों में से आठ के खराब होने से जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। सड़कों में लगे कूड़े के ढेर को देख लोग पालिका की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। पर्यटन नगरी व हाईकोर्ट से लेकर सभी उच्चाधिकारियों के कार्यालय नैनीताल में होने के बाद भी यहां सफाई व्यवस्था कई बार चरमरा जाती है। बीते एक सप्ताह से कई जगह कूड़े के ढेर दिखाई दे रहे हैं। लोग सोशल मीडिया में कूड़े की फोटो शेयर कर पालिका के अधिकारियों से सफाई करने की मांग कर रहे हैं। मैट्रोपोल फील्ड में कूड़े का ढेर लगा हुआ है तो जू रोड में सड़क किनारे रखे कूड़ेदान के भरने के बाद कूड़ा सड़क में फैला है। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि पालिका के 10 कूड़ा वाहनों में से आठ वाहन एक साथ खराब हैं। जिससे शहर से कूड़ा नहीं उठ पाया है।

### दुग्ध उत्पादक संघ ने लगाया स्टॉल

**द्वाराहाट (अल्मोड़ा), एजेंसी।** दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ पातालदेवी की ओर से मुख्य चौराहे पर दुग्ध स्टॉल लगाया गया। उन्होंने आंचल दूध के बने उत्पादों की जानकारी दी। मार्केटिंग इंचार्ज बलवंत सिंह रावत ने कहा कि आंचल दूध सहित उत्पादों की बिक्री से प्राप्त धनराशि की 80 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों को दी जाती है।

## जबरन सेवानिवृत्त किये गए पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों को बड़ी राहत

**नैनीताल, एजेंसी।**
उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पंतनगर विश्वविद्यालय के उन प्रोफेसरों को बड़ी राहत दी है, जिन्हें कृषि सचिव द्वारा जारी आदेश के तहत गैर शिक्षक मानते हुए 4 जुलाई 2023 को 60 साल की उम्र पूरी करने पर सेवानिवृत्त कर दिया था।

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में पंतनगर विश्वविद्यालय के उन प्रोफेसरों को बड़ी राहत दी है, जिन्हें कृषि सचिव द्वारा जारी आदेश के तहत गैर शिक्षक मानते हुए 4 जुलाई 2023 को 60 साल की उम्र पूरी करने पर सेवानिवृत्त कर दिया था। मामले की सुनवाई वरिष्ठ न्यायाधीश न्यामूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में हुई ।

राज्य सरकार व पंतनगर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा याचियों को गैर शिक्षक मानते हुए 60 साल की उम्र में सेवानिवृत्त करने के आदेश को डॉ. विनोद कुमार व अन्य ने हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति 22 अक्टूबर 2007 को पंतनगर विश्व विद्यालय में सीनियर स्टेटिशियन/सीनियर रिसर्च ऑफिसर के पद पर हुई और 20 अप्रैल 2015 में उन्हें प्रोफेसर पद पर पदोन्नति मिली । नियमों के मुताबि विश्व विद्यालय के प्रोफेसर की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष है जबकि अन्य कार्मिकों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष है । सरकार ने 2023 में एक आदेश जारी कर उन्हें गैर शिक्षक मानते हुए जुलाई 2023 में 60 साल की उम्र में सेवानिवृत्त कर दिया ।

याचिकाकर्ता के अनुसार उनकी नियुक्ति रोजगार नोटिस में दी गई शर्त के अनुसार हुई और शुरू से ही एसोसिएट प्रोफेसर के पद के लिए स्वीकार्य वेतनमान दिया गया था । और बाद में प्रोफेसर के रूप में पदोन्नत किया गया था।

इस मामले में सभी पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने माना कि याचिकाकर्ता विश्वविद्यालय का शिक्षक है और उसे एक शिक्षक के सभी लाभ दिए गए थे। इस प्रकार, इस न्यायालय को यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि राज्य सरकार द्वारा पारित आदेश, जिसके तहत याचिकाकर्ता की स्थिति बदल दी गई थी और उसे गैर-शिक्षण कर्मचारियों का सदस्य घोषित किया गया था । यह आदेश मनमाना और अवैध है, जिसे बरकरार नहीं रखा जा सकता है। कोर्ट ने उसे रदद् करते हुए पंतनगर विश्व विद्यालय प्रशासन से याचियों को समस्त लाभों सहित तुरन्त बहाल करने को कहा है ।

## पुलिस कब्र से निकालेगी शव, 19 जनवरी को हुई थी महिला की मौत; पति समेत तीन पर हत्या का केस दर्ज

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** ऊधमसिंह नगर के केलाखेड़ा 19 जनवरी को हुई महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मामले में अब पति सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस कब्र से महिला का शव निकालने की तैयारी कर रही है। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर हुई है।

ऊधमसिंह नगर के केलाखेड़ा 19 जनवरी को हुई महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मामले में अब पति सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस कब्र से महिला का शव निकालने की तैयारी कर रही है। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर हुई है।

गदरपुर के वार्ड नंबर 6/9 निवासी मोविन अली ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन नफीसा का निकाह केलाखेड़ा वार्ड नंबर 4 निवासी गुलाम हुसैन से 2002 में हुआ था। शादी के बाद उसके तीन बच्चे हुए। आरोप लगाया कि गुलाम हुसैन और उसकी पहली पत्नी की बेटी निशा भी उसकी बहन नफीसा से मारपीट करती थीं। मोविन ने आरोप लगाया कि 19 जनवरी 2024 को उसकी बहन नफीसा की हत्या कर दी। मायके वालों को बिना बताए नफीसा के शव को दफन कर दिया। पड़ोसियों से जानकारी मिलने पर उन्होंने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचकर इसका विरोध किया था। मोविन ने अपने बहनोई गुलाम हुसैन और अन्य लोगों पर बहन की हत्या करने की आशंका जताई। कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली गई। केलाखेड़ा थाना प्रभारी ललित मोहन रावल ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर गुलाम हुसैन, पहली पत्नी की बेटी निशा और गांव बहादुर का माजरा थाना स्वार रामपुर, यूपी निवासी सीमा के खिलाफ धारा 201, 302 के तहत केस दर्ज किया गया है।

## युवाओं के शरीर और दिमाग को बीमार कर रही अनिद्रा

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
अधूरी नींद (अनिद्रा) शरीर ही नहीं दिमाग की सेहत के लिए भी खतरा बन गई है। नींद न आने या अपर्याप्त नींद की वजह से लोग हाई ब्लड प्रेशर, मधुमेह, मोटापा, मानसिक बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल में नींद से संबंधित बीमारियों के 15 से 25 मरीज रोज इलाज के लिए आ रहे हैं। इसमें युवा सर्वाधिक हैं।

जिला अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ के मुताबिक नींद की कमी का नकारात्मक असर दिमाग पर भी पड़ता है। यदि व्यक्ति पर्याप्त मात्रा में नींद नहीं ले पा रहा है तो इससे उसकी दिमागी क्षमता कम हो जाती है। नींद पूरी नहीं होने से दिमाग को पर्याप्त आराम नहीं मिल पाता है। जिससे उसकी कार्यक्षमता प्रभावित होती है। लेकिन पर्याप्त नींद नहीं होने पर व्यक्ति मानसिक भारीपन का शिकार होते हैं।

पूरी और अच्छी नींद लेने वाले लोगों की तुलना में लगातार कम नींद लेने वाले लोग जल्दी और अधिक तनाव की चपेट में आते हैं। नींद न आने या अपर्याप्त नींद की वजह से लोग हाई ब्लड प्रेशर, मधुमेह, मोटापा, मानसिक बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि युवा अधिक से अधिक समय मोबाइल की स्क्रीन पर बिता रहा है। जिससे वह इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं।

नींद संबंधी बीमारी के चलते नींद की दवा की भी बाजार में काफी मांग है। जबकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ का कहना है कि चिकित्सक ने न लिखा हो तो नींद की गोली का कतई सेवन न करें। बिना चिकित्सक के दवा का सेवन सेहत पर भारी पड़ सकता है।

### नेता एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गोपाल रावत ने कांग्रेस को कहा अलविदा

**लालकुआं, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को रोजाना झटके लग रहे है, अब पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के करीबी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व दर्जा राज्यमंत्री गोपाल रावत ने पार्टी को अलविदा कह दिया है।

गोपाल रावत ने बताया कि वह मुख्यमंत्री धामी और प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से प्रभावित हुए हैं, जबकि कांग्रेस में ना तो संगठन एकजुट है और ना ही आपसी तालमेल है, इसलिए वह कांग्रेस से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश लगातार ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले काफी दिनों से कांग्रेस पार्टी की नीति और रीतियों में मतभेद देखा जा रहा है जिसके चलते पार्टी हासिये पर चली गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड लगातार विकास कर रहा है। रावत ने बताया कि उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को त्यागपत्र भेज दिया है, जल्द ही वह अपने समर्थकों के साथ भाजपा ज्वाइन कर सकते हैं।

### तेज मोड़ पर खो गया था खाई में गिरी कार का संतुलन

**देहरादून, एजेंसी।** बीते बुधवार की रात चकराता कैंट कार्यालय के निकट तेज मोड पर वाहन चालक ने संतुलन खो दिया था। इस कारण कार खाई में गिरी थी। हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। वहीं, तीन लोग घायल हो गए थे।

बीते बुधवार की रात्रि करीब 9-20 बजे चकराता थाना पुलिस को कार के खाई में गिरने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ के जवानों ने खाई में उतरकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रात्रि डेढ़ बजे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद तीन घायलों को रस्सियों के सहारे बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया गया। खाई से तीन शव बरामद हुए।

थाना प्रभारी चकराता शिशुपाल सिंह राणा ने बताया कि कार सवार सभी लोग चकराता घूमने आए थे। रात को वापस लौट रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद मृतक प्रमोद पाठक (45) पुत्र ओमप्रकाश पाठक, राम किशोर शर्मा (30) पुत्र सहेलाल दोनों निवासी ग्राम कटसारी, जिला बरेली, यूपी और मुनेंद्र (42) पुत्र छोटेलाल निवासी बहादराबाद, हरिद्वार के शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। कार प्रमोद पाठक चला रहा था। वहीं, घायल कृष्णपाल (21) निवासी ग्राम राठ, जिला पीलीभीत, यूपी, सौरभ (20) निवासी ग्राम वाला, जिला बरेली, यूपी और सुनील कुमार (46) निवासी तुंगना, जिला बागपत, यूपी का उपचार दून अस्पताल में चल रहा है।

## नया बॉयफ्रेंड बनाया तो लड़के ने दोस्त को वीडियो कॉल कर हाथ की नस काटी; सुसाइड नोट ने खोला राज

**नैनीताल, एजेंसी।** भीमताल में एक पीजी में रह रहे छात्र का शव शुक्रवार की सुबह 4 बजे संदिग्ध हालात में बाथरूम के अंदर फांसी के फंदे से झूलता हुआ मिला। घटना का सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

भीमताल के मेहरागांव में स्थित एक पीजी में रह रहे छात्र का शव शुक्रवार की सुबह 4 बजे संदिग्ध हालात में बाथरूम के अंदर फांसी के फंदे से झूलता हुआ मिला। छात्र की मौत की सूचना मृतक के दोस्तों ने 112 के माध्यम से पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के साथ छात्र को अचेत अवस्था में भीमताल सीएचसी पहुंचाया। जहां छात्र को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि मेहरागांव में नीला सिंह के पीजी में मानस जोशी (23) पुत्र प्रकाश जोशी निवासी चांदमारी लोहाघाट रहता था। मानस सातताल रोड स्थित एक प्रतिष्ठित निजी कॉलेज में बीएससी अंतिम वर्ष का पेपर देने आया था। मानस अपने दोस्त हिमांशु जोशी को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर अपने बाये हाथ की नस काट रहा था। जिस पर हिमांशु थोड़ी देर में मानस के कमरे में पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद नहीं था। लेकिन मानस बाथरूम के एकजोस फैन से लटककर नीचे पड़ा हुआ था। दोस्तों ने 108 को फोन किया लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। जिस पर उन्होंने 112 के माध्यम से पुलिस को जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मौके से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें मृतक ने अपनी गर्लफ्रेंड की ओर से एक नया बॉयफ्रेंड बनाने को लेकर नाराजगी जताई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# खाई में गिरी टैक्सी, एक और घायल ने तोड़ा दम, दो हुई मृतकों की संख्या, 12 घायल

**चमोली, एजेंसी।**
शनिवार को एम्स ले जाते समय दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि अभी भी कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। एक घायल जयवीर सिंह का ऑपरेशन महंत इंद्रेश अस्पताल में चल रहा है।

अंतिम संस्कार कर गांव वापस लौट रहे ग्रामीणों की टैक्सी शुक्रवार को अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जिसमें एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी। जबकि एक युवती समेत 13 ग्रामीण घायल हो गए थे। वहीं, इसमें से एक घायल दयाल सिंह ने शनिवार को एम्स ले जाते समय दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि अभी भी कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। एक घायल जयवीर सिंह का ऑपरेशन महंत इंद्रेश अस्पताल में चल रहा है। अन्य का उपचार उपजिला अस्पताल





कर्णप्रयाग में चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक, नारायणबगड़ ब्लॉक के कफोली गांव में बृहस्पतिवार को एक महिला की मौत हो गई थी। जिसका अंतिम संस्कार करने ग्रामीण शुक्रवार सुबह नलगांव पिंडर नदी किनारे पहुंचे। अंतिम संस्कार के बाद वापस लौटते हुए नलगांव से एक किमी आगे कफोली की ओर टैक्सी अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी।

ग्रामीण जीएस खत्री ने बताया कि रघुवीर खाई से सही सलामत सड़क तक आए।

### 7.10 करोड़ से होगा छात्रावास का निर्माण

**ऋषिकेश, एजेंसी।** कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने राजकीय पॉलीटेक्निक रानीपोखरी में छात्रावास और चाहरदीवारी का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि नाबार्ड योजना के अंतर्गत छात्रावास और चाहरदीवारी आदि कार्य को किया जाएगा। जिसकी लागत 710.49 लाख रुपये है। यह निर्माण कार्य एक वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा। इस कार्य के होने से इस संस्था में एआईसीटीई के मानकों की प्राप्ति होगी। छात्रावास सुविधा होने से दूरस्थ ग्रामीण खासकर पहाड़ी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। युवा शक्ति को रोजगार के जोड़ने के लिए तकनीकी शिक्षा जरूरी है। राजकीय पालीटेक्निक रानीपोखरी में पुरानी कोर ब्रांच सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के अलावा इंजीनियरिंग की एक नई शाखा मेकाट्रोनिक्स शुरू की गई है। पॉलीटेक्निक संस्थाओं में लैंग्वेज लैब की स्थापना की गई है। निदेशक तकनीकी शिक्षा आरपी गुप्ता ने कहा कि अवस्थापना सुविधाओं के लिए सरकार द्वारा संस्थानों को कुल 25 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है।

### उपभोक्ता अधिकार दिवस पर लोगों को किया जागरूक

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विवि के पं. ललित मोहन शर्मा ऋषिकेश परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बदरीनाथ मार्ग स्थित संत कबीर चौरा आश्रम में आयोजित विशेष शिविर में आश्रम संचालक महंत कपिल मुनि ने अध्यात्म और योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही एनएसएस के सभी स्वयंसेवियों को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर बधाई दी। साथ ही इस संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

# अब सभी परिवारों का बिजली का बिल आएगा जीरो, केजरीवाल सरकार की दिल्ली सोलर पॉलिसी लागू

## सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक दिल्ली में इस्तेमाल होने वाली कुल बिजली में 50 फीसद बिजली सोलर एनर्जी से आए- आतिशी

- पॉलिसी के तहत सोलर पैनल लगवाने वाले घरेलू उपभोक्ताओं का जीरो और कमर्शियल-इंडस्ट्रीयल का आधा हो जाएगा बिजली का बिल
- अब पॉलिसी के तहत सोलर पैनल लगाने वालों का 400 यूनिट से अधिक बिजली खपत होने पर भी बिल जीरो आएगा





नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्लीवालों के बिजली का बिल जीरो आने का रास्ता साफ हो गया। सीएम अरविंद केजरीवाल के अथक प्रयासों की बदौलत दिल्ली सोलर पॉलिसी 2023 लागू कर दी गई। सरकार ने पॉलिसी की अधिसूचना जारी कर दी है। अब दिल्ली के लोग पॉलिसी के तहत अपने घर की छतों पर सोलर पैनल लगवाकर अपना बिजली का बिल जीरो कर सकते हैं। साथ ही, इससे हर महीने अच्छी आमदनी भी कर सकते हैं। पॉलिसी के तहत सोलर पैनल लगवाने वालों का 400 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने पर भी बिल जीरो आएगा, जबकि कमर्शियल और इंडस्ट्रीयल उपभोक्ताओं का बिजली बिल आधा हो जाएगा। इसके अलावा, सोलर पैनल लगवाने में आने वाला खर्च अगले चार साल में रिकवर हो जाएगा। बता दें कि 29 जनवरी को सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सोलर पॉलिसी की घोषणा की थी। सरकार ने इसकी फाइल एलजी को भेजी थी। करीब एक महीने के इंतजार के बाद एलजी से मंजूरी मिली और अब यह पॉलिसी लागू कर दी गई है।

पॉलिसी की अधिसूचना जारी होने पर दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी का कहना है कि दिल्ली सोलर पॉलिसी बहुत ही शानदार पॉलिसी है। इस पॉलिसी के लागू होने से न केवल दिल्ली वालों को फायदा होगा, बल्कि प्रदूषण भी कम होगा। सोलर पॉलिसी के तहत हर यूनिट बिजली उत्पादन करने पर दिल्ली सरकार रूफटॉप सोलर लगवाने वाले उपभोक्ताओं को पैसे देगी। इससे न सिर्फ उपभोक्ताओं का बिजली का बिल जीरो आएगा, बल्कि वो अपने छत पर लगे रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट से पैसे भी कमा सकते है। हमारा लक्ष्य है कि 2027 तक दिल्ली में इस्तेमाल होने वाली कुल बिजली में 50 फीसद बिजली सोलर एनर्जी से आए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार पावर जेनरेशन असेसमेंट का भी प्रावधान करेगी। इसके लिए सरकार कुछ संस्थाओं से टाइअप करेगी। ये संस्थाएं सैटेलाइट के माध्यम से पूरी दिल्ली में कहां कितनी क्षमता है, उसका आंकलन कराएगी। इससे यह फायदा होगा कि उपभोक्ता को यह आंकलन नहीं करना पड़ेगा कि उसके घर की छत पर कितनी पावर जेनरेट की जा सकती है। दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में कैंप लगाएंगे, ताकि लोगों को सरकार के पास न आना पड़े, बल्कि सरकार ही उनके पास जाए।

**सोलर पॉलिसी 2016 के तहत दिल्ली में 1500 मेगावॉट सोलर पावर उपलब्ध**

दिल्ली सोलर पॉलिसी 2023 से पहले दिल्ली सरकार ने दिल्ली सोलर पॉलिसी 2016 जारी की थी, जो पूरे देश में सबसे प्रोग्रेसिव पॉलिसी मानी गई। एक तरह से सोलर पॉलिसी 2016 ने दिल्ली में सोलर पॉवर की मजबूत बुनियाद रखी। इसके तहत दिल्लीवालों ने अब तक अपने घर की छतों पर 250 मेगावॉट क्षमता के सोलर पैनल लगवाए हैं। सोलर पॉलिसी 2016 के तहत डिस्कॉम ने 1250 मेगावॉट सोलर पावर बाहर से खरीदी है। इस तरह, सोलर पॉलिसी 2016 के तहत दिल्ली के अंदर अब तक करीब 1500 मेगावॉट सोलर पावर स्थापित हुई है।

**सोलर पॉलिसी से वायु प्रदूषण को कम करने में मिलेगी मदद**

केजरीवाल सरकार वायु प्रदूषण को कम करने को लेकर कई पहलों पर काम कर रही है। इसमें एक कदम दिल्ली सोलर पॉलिसी भी है। सरकार का मानना है कि सोलर पॉलिसी से वायु प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिलेगी। सरकार ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए ईवी पॉलिसी भी बनाई है, जो देश की सबसे प्रोग्रेसिव ईवी पॉलिसी है और आज दिल्ली को ईवी कैपिटल ऑफ इंडिया कहा जाता है। दिसंबर 2023 में दिल्ली में कुल खरीदे गए वाहनों में से करीब 20 फीसद इलेक्ट्रिक व्हीकल्स थे, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा है।

**400 यूनिट से अधिक बिजली खपत पर भी बिल आएगा जीरो**

दिल्ली सोलर पॉलिसी 2023 की कई खासियतें भी हैं। मसलन, इसके तहत जो लोग अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाएंगे, उनका बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। दिल्ली सरकार पहले से ही हर परिवार को 200 यूनिट बिजली फ्री देती है। इनका बिल जीरो आता है। वहीं, 201 से 400 यूनिट तक बिजली इस्तेमाल करने पर आधा बिल आता है और 400 यूनिट से अधिक बिजली इस्तेमाल करने पर पूरा बिल आता है। इस पॉलिसी के तहत सोलर पैनल लगवाने पर 400 यूनिट से अधिक बिजली इस्तेमाल करने वालो का भी बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। दिल्ली सोलर पॉलिसी 2024 लागू होने के बाद दिल्ली के सभी आवासीय सेक्टर के लोगों का बिजली बिल जीरो हो सकता है। चाहे आप 800, 1000 या 2000 यूनिट बिजली इस्तेमाल करें, बिल जीरो आएगा।

# आबकारी घोटाला: दिल्ली की अदालत ने बीआरएस की नेता के. कविता की हिरासत पर फैसला सुरक्षित रखा

● कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा - परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली की एक अदालत आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की हिरासत के अनुरोध संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर शनिवार को अपना आदेश सुनाएगी। एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया और 10 दिन की हिरासत मांगी। अदालत में पेश किए जाने के दौरान कविता ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया और कहा, हम इसे (मामले को) अदालत में लड़ेंगे।

केंद्रीय एजेंसी कविता (46) को कल शाम हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार करके दिल्ली ले आई थी। सुनवाई के दौरान, वकील नितेश राणा के साथ कविता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विक्रम चौधरी ने न्यायाधीश से कहा कि उनकी गिरफ्तारी अवैध थी। वकील ने संघीय धनशोधन रोधी एजेंसी पर कविता को गिरफ्तार करते समय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि शीर्ष अदालत ने एजेंसी की ओर से जारी समन के खिलाफ दायर 19 मार्च को कविता की याचिका पर सुनवाई से पहले कविता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया था। ईडी ने अदालत को बताया, हमने के. कविता के खिलाफ पर्याप्त सबूत, गवाहों के बयान हैं। एजेंसी ने कविता पर मामले में सबूत नष्ट करने का आरोप भी लगाया। एजेंसी ने अदालत को बताया, हमने के. कविता से सामना कराने के लिए कई गवाहों को बुलाया है। न्यायाधीश ने दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

# किशनगढ़ थाना पुलिस ने 10 घंटे के अंदर तीन लापता को ढूंढा, लापता में दो बच्चे और 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला थी शामिल



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के किशनगढ़ थाने की पुलिस टीम तीन लापता लोगों का पता लगाने में कामयाब रही. इन लापता लोगों में दो बच्चे, जिसमें एक सात साल की बच्ची, 4 साल का बच्चा और एक 65 वर्षीय महिला शामिल है. पुलिस ने इन तीनों लापता लोगों को उनके परिवार को सौंप दिया.

दक्षिण पश्चिम जिला के किशनगढ़ थाने में तीन लापता लोगों को लेकर मामला दर्ज कराया गया. मामला दर्ज होने के साथ ही किशनगढ़ थाने की पुलिस ने अपना काम शुरू कर दिया. तसल्ली की बात ये रही कि 10 घंटों के अंदर ही पुलिस ने इन तीनों को ढूंढ निकाला. पुलिस ने जब इन तीनों लापता लोगों को उनके परिवार के हवाले किया तो उनके परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा.

दक्षिण पश्चिम के डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि 14 मार्च को 7 वर्षीय लड़की के लापता होने के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी. महिला शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी बेटी लापता है. उन्होंने किशनगढ़ गांव में अपनी बेटी को ढूंढने की पूरी कोशिश की, लेकिन उसका पता नहीं चला. मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए टीम ने किशनगढ़ गांव की सभी सड़कों और पार्कों में तलाशी ली और आसपास में लगे दर्जनों सीसीटीवी फुटेज एकत्रित किए. टीम ने घर घर जाकर तलाशी ली और पूछताछ की. पुलिस टीम ने 1 घंटे के भीतर गौशाला मंदिर पार्क से लापता बच्ची को ढूंढ लिया. दूसरी घटना पुलिस स्टेशन किशनगढ़ में एक महिला बिलसिन रोतारे पत्नी सरथेंद्र रोतारे उम्र 65 वर्ष और 4 साल के लड़के के अपने घर से लापता होने के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी. शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी मां अपने 4 साल के बेटे के साथ सुबह 11 से लापता है, जो ओडिशा की है. उसको हिंदी भाषा नहीं आती है. उन्होंने गांव किशनगढ़ में उन्हें ढूंढने की पूरी कोशिश की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका. टीम ने किशनगढ़ गांव की सभी सड़कों बाजारों अस्पतालों और पार्कों में तलाशी शुरू कर दी. तलाशी और पूछताछ के बाद 10 घंटे के भीतर पुलिस कर्मचारियों ने खोज निकाला.

# कैंसर की नकली दवाओं के मामले में चार और आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने नकली कैंसर की दवाई के मामले में विभिन्न अस्पताल में छापेमारी करते हुए काम करने वाले चार और लोगों को गिरफ्तार किया है. दिल्ली क्राइम ब्रांच डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि कुछ दिन पहले ही गिरफ्तार किए गए नीरज चौहान ने आरोप लगाया था कि उसने अस्पताल के कर्मचारियों से मूल दवा की भरी हुई शीशियां खरीदी थी. फिलहाल क्राइम ब्रांच की टीम में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित सिंह बिष्ट (उम्र 36 वर्ष निवासी न्यू मोती नगर दिल्ली), जितेंद्र (उम्र 33 वर्ष निवासी वजीराबाद दिल्ली), मजीद खान (उम्र 34 वर्ष निवासी गुरुग्राम हरियाणा) और साजिद (उम्र 33 वर्ष निवासी सुभाष चौक गुरुग्राम) के रूप में की गई है. दरअसल, इस मामले में दिल्ली क्राइम ब्रांच की पुलिस टीम ने नकली कैंसर दवा बेचने का रैकेट चलाने वालों का भंडाफोड़ करते हुए दिल्ली और गुड़गांव स्थित अस्पतालों के कर्मचारियों सहित सात लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया था.

हालांकि, इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी और उनसे पूछताछ के बाद इस गिरोह के सिंडिकेट में चार आरोपियों की और गिरफ्तारी की गई है. गिरफ्तार आरोपी कैंसर की महंगी दवाओं की शीशियों में नकली पदार्थ भर देते थे और उन्हें एक लाख से 3 लाख रूपए में बेच देते थे कीमोथेरेपी यूनिट में है डे केयर प्रभारी है रोहित सिंहः आरोपी रोहित सिंह दिल्ली के एक प्रतिष्ठित अस्पताल की कीमोथेरेपी यूनिट में डे केयर प्रभारी के रूप में कार्यरत है. वह नीरज को भरी हुई दवाइयों की भरी शीशियां सप्लाई कर रहा था. उसने मरीज की खुराक से शीशियां बचा लीं और उसे नीरज को बेच दिया. उसे कीट्रूडा के लिए 65 हजार और ओपडीटा के लिए 35 हजार मिल रहे थे. उनके पास जनरल नर्सिंग में डिप्लोमा है और पिछले 10 वर्षों से अस्पताल में कार्यरत है. मार्केटिंग के लिए अस्पताल जाने के दौरान नीरज ने उनसे संपर्क किया. उसे द्वारका से गिरफ्तार किया गया है.

ऑन्कोलॉजी बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट में कार्यरत है आरोपी जितेंद्रः दूसरा आरोपी जितेंद्र गुरुग्राम के एक प्रतिष्ठित अस्पताल में ऑन्कोलॉजी विभाग के बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट में कार्यरत है. जब वह नीरज को कीट्रूडा और ओपडाइप्टा की तीन भरी हुई शीशियां देने आया तो उसे रंगेहाथ पकड़ लिया गया. उसे कीट्रूडा के लिए 60 हजार और ओपडीटा के लिए 30 हजार मिल रहे थे. उसने करनाल से डी फार्मा में डिप्लोमा किया है. वह फार्मासिस्ट के पद के लिए साक्षात्कार के लिए एक अस्पताल में गया, जहां नीरज चौहान ऑन्कोलॉजी में तैनात था और फिर उन्होंने संपर्क साझा किया और बाद में वह इस अवैध व्यापार में शामिल हो गया. कीमो डे केयर यूनिट में कार्यरत है आरोपी माजिद खानः आरोपी माजिद खान गुरुग्राम में एक प्रतिष्ठित अस्पताल में वरिष्ठ स्टाफ नर्स इंड कीमो डे केयर यूनिट के रूप में काम कर रहे थे. हाल ही में वह पटना के एक अस्पताल में शामिल हुआ और एक सप्ताह के बाद वह दिल्ली आ गया. उसे 14 मार्च को जयपुर से गिरफ्तार किया गया और उसके घर की तलाशी से 3 भरी हुई कीट्रूडा शीशियाँ बरामद की गईं. बाद में उसने खुलासा किया कि वह एक साजिद से खाली और भरा लेता था. माजिद को कीट्रूडा के लिए 60 हजार और भरी हुई शीशी के लिए 30 हजार ऑपडिटा और खाली शीशी के लिए 5 हजार मिलते थे. उसके पास जनरल नर्सिंग में डिप्लोमा है और नीरज खाली शीशी और पैकेजिंग के लिए उसके पास गया था. वह प्रत्येक भरी हुई शीशी पर 4 हजार से 5 हजार और खाली शीशी पर 2 हजार कमा रहा था. ऑन्कोलॉजी विभाग में नर्सिंग स्टाफ के रूप में कार्यरत है आरोपी साजिदः आरोपी साजिद गुरुग्राम के एक अन्य प्रतिष्ठित अस्पताल में ऑन्कोलॉजी विभाग में नर्सिंग स्टाफ के रूप में कार्यरत हैं. वह माजिद को कीट्रूडा और ओपडाइप्टा सप्लाई करता था उसे उसके घर से पकड़ा गया तथा तलाशी लेने पर 3 खाली शीशी और दो ओपडीटा पैकेजिंग बरामद हुई. उसे कीट्रूडा के लिए 55 हजार और ओपडीटा के लिए 25 हजार मिल रहे थे. उसके पास जनरल नर्सिंग में डिप्लोमा है और पिछले 5 वर्षों से अस्पताल में काम कर रहा हैं. पैसों के लेन-देन का पता लगाने के लिए, आरोपी व्यक्तियों के 14 बैंक खाते, जिनमें 92.81 लाख रुपए है वह फ्रीज कर दिए गए हैं.

# नौकरी दिलाने के बहाने ब्लैकमेल करने वाला धरा

नई दिल्ली। शाहदरा पुलिस ने शुक्रवार को एक्सटॉर्शन के मामले में आरोपी परवीन उर्फ विशू को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल एक मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 14 मार्च को शाहदरा पुलिस को एक्सटॉर्शन की शिकायत मिली थी। महिला ने बताया कि परवीन नामक व्यक्ति ने उन्हें 25 हजार प्रति माह के हिसाब से मेकअप आर्टिस्ट की नौकरी दिलाने की बात कही। इसी बहाने आरोपी पीड़िता से लगातार बात करने लगा और प्रेम प्रस्ताव दे डाला। इसके बाद पीड़िता को सुपर मॉडल बनाने के नाम पर वीडियो कॉल करना शुरू किया और अश्लील हरकतें करने को कहने लगा। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता की कुछ अश्लील तस्वीरों का स्क्रीनशॉट ले लिया। इसके बाद पीड़िता से स्क्रीनशॉट डिलीट करने के बदले 10 हजार रुपये मांगने लगा। इस पर पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की सीडीआर और अन्य जानकारी निकाली। 15 मार्च को जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वह मूलरूप से हरियाणा के फतेहाबाद जिले का रहने वाला है।

# संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं ने जंतर मंतर पर किया प्रदर्शन, लगाई न्याय की गुहार

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की घटना में पीड़ित महिलाओं ने शनिवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया. इस दौरान उन्होंने आरोपी टीएमसी नेता और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. पोस्टर- बैनर के माध्यम से उन्होंने यह बताने की कोशिश की कि पश्चिम बंगाल में हालात कैसे हैं. उन्होंने बताया कि आरोपी टीएमसी नेता वहां बीते कई सालों से महिलाओं का यौन शोषण कर रहा था. उन्होंने कहा कि संदेशखाली में महिलाओं का शोषण और उत्पीड़न आम बात हो गई थी. हम इस मामले में सरकार की तरफ से कड़ी कार्रवाई चाहते हैं. इस मौके पर कई बीजेपी नेता पहुंची और वहां मौजूद महिलाओं का समर्थन किया. यहां पहुंची बीजेपी नेता लोपामुद्रा बनर्जी ने कहा कि संदेशखाली इस वक्त अपनी पीड़ा से कराह रहा है. टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उसके साथियों द्वारा महिलाएं सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुईं. इन पीड़िताओं का आरोप है कि संदेशखाली में वही होता है, जो शाहजहां शेख और उसके साथी चाहते हैं. वहीं, दिल्ली बीजेपी नेता प्रियल भारद्वाज ने कहा कि बड़ी हैरानी होती है कि पश्चिम बंगल में महिला मुख्यमंत्री होते हुए भी इन महिलाओं को दिल्ली के जंतर-मंतर पर न्याय मांगने आना पड़ा. महिलाओं का इतना उत्पीड़न होने के बावजूद ममता बनर्जी के मुंह से एक शब्द भी नहीं निकला, क्योंकि उनकी ही पार्टी का नेता यह सब कर रहा है. बता दें, संदेशखाली में हिंसा के बाद आरोपी शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया है.

# भुगतान की राशि वापस करने के बहाने ठगने वाला दबोचा

नई दिल्ली। उत्तरी जिला पुलिस की साइबर यूनिट ने शुक्रवार को एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। वह सुगो डेटिंग ऐप पर भुगतान की गई राशि वापस करने के बहाने लोगों को धोखा दे रहा था। आरोपी को पुलिस ने तब दबोचा, जब यह पता चला कि इसने एक 23 वर्षीय लड़के से 3.18 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। आरोपी मयंक बिष्ट गाजियाबाद के वैशाली में रहता था। पुलिस ने बताया कि दिल्ली के बुराड़ी निवासी प्रशांत कुमार की शिकायत पर उत्तरी जिला पुलिस की ऑपरेशन यूनिट ने मामला दर्ज किया था। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि सुगो एप्लिकेशन पर एक लड़की से उसकी दोस्ती हुई थी। ऐप पर मैसेज भेजने के लिए वह क्वॉइन खरीदता था। इस दौरान शिकायतकर्ता ने करीब 30,000 रुपये के क्वॉइन खरीदे। बाद में शिकायतकर्ता के सुगो मित्र ने उसे 30,000 रुपये को वापस करने में मदद की पेशकश की और आरोपी मयंक का नंबर दिया। शिकायतकर्ता ने मयंक से संपर्क किया तो मयंक बिष्ट ने शिकायतकर्ता को कई खाते दिए और अलग-अलग मद में करीब 3,18,024 रुपये जमा करवा लिए। बाद में पीड़ित को ठगी का पता लगा। इसके बाद आरोपी मयंक को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी मयंक ने खुलासा किया कि उसे शिकायतकर्ता से व्हाट्सऐप पर एक संदेश मिला था, जो अपने निवेश किए गए पैसे की वापसी के लिए था। इसलिए उसने उसकी मासूमियत का फायदा उठाया और उसे रुपये ट्रांसफर करने का लालच देकर रकम ऐंठता रहा।

# डंकी रूट से मलेशिया भेजने वाला एजेंट गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



अवैध तरीके से डंकी रूट के जरिए युवक को मलेशिया भिजवा रहे एजेंट को पुलिस ने पंजाब से बीते शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान वरिन्द्र सिंह के रूप में हुई है। इस काम के लिए आरोपी ने यात्री से एक लाख रुपये लिए थे। आरोपी ने पहले यात्री को घूमने के लिए थाईलैंड भेजा और वहां से डंकी के रास्ते मलेशिया भेजने वाला था, लेकिन इससे पहले ही थाईलैंड पुलिस ने उसे पकड़ लिया। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार बीते 8 फरवरी को थाईलैंड से अभी नामक यात्री को डिपोर्ट कर आईजीआई एयरपोर्ट भेजा गया था। छानबीन में पता चला कि वह 7 मार्च 2023 को घूमने के लिए थाईलैंड गया था। उसके पासपोर्ट पर मलेशिया इमिग्रेशन की फर्जी मुहर लगी हुई थी। उसके मलेशिया आने-जाने का कोई रिकॉर्ड नहीं था। इसके चलते आईजीआई थाने में मामला दर्ज कर यात्री को गिरफ्तार किया गया। उसने पूछताछ में बताया कि वह नौकरी के लिए मलेशिया जाना चाहता था। इस दौरान वह वरिन्द्र सिंह से मिला, जिसने उसे एक लाख रुपये में मलेशिया भेजने का वादा किया। उसने बीते वर्ष पर्यटक वीजा पर तीन महीने के लिए उसे थाईलैंड भिजवा दिया। वहां उसके पासपोर्ट पर मलेशिया की फर्जी मुहर लगाकर डंकी के रास्ते मलेशिया भेजने का प्रयास किया, लेकिन थाईलैंड पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उससे मिली जानकारी पर पंजाब के फतेहगढ़ साहिब से वरिन्द्र को गिरफ्तार कर लिया गया।

# 40 की उम्र के बाद प्रत्येक वर्ष आंखों की जांच जरूरी : एम्स

नई दिल्ली। 40 साल की उम्र के बाद लोगों को हर साल आंखों की नियमित जांच करानी चाहिए। बिना जांच कराए ग्लूकोमा या काला मोतिया चुपके से नेत्र हीनता की वजह बन सकता है। एम्स में डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में डॉक्टरों ने यह बात कही। एम्स के डॉक्टर तरुण दादा ने कहा कि काले मोतिया का इलाज दवाइयों, ऑपरेशन और लेजर से संभव है। काले मोतिया का इलाज शुरू होने पर डॉक्टर की सलाह के बिना इलाज बंद नहीं करना चाहिए। नियमित जांच और उचित उपचार से काला मोतिया से होने वाली नेत्रहीनता से बचा जा सकता है। डॉक्टरों का कहना है कि जिनके परिवार में पहले से काला मोतिया है, उनको आशंका अधिक हो जाती है। ऐसे परिवार को साल में एक बार जांच जरूर करवानी चाहिए। काले मोतिया को दृष्टि के चोर के रूप में जाना जाता है। इसमें आमतौर पर आंख के अंदर दबाव बढ़ जाता है। दबाव के कारण ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान होता है। जिससे देखने का दायरा सीमित होने लगता है।

### ये लक्षण नजरंदाज न करें

- आंख और सिर में दर्द
- जलते हुए बल्ब के चारों ओर रंगीन घेरा दिखना
- नजदीक के चश्मे का नंबर बार-बार बदलना
- शुरूआती काले मोतिया में सामने की वस्तुएं स्पष्ट, लेकिन साइड की धुंधली दिखेंगी

# केजरीवाल ने रेहड़ी-पटरी वालों को दी बड़ी खुशखबरी, दुकान लगाने के लिए एमसीडी देगी जगह

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली नगर निगम की आप सरकार ने रेहड़ी पटरी वालों को इज्जत के साथ अपना काम करने के लिए बड़ा फैसला किया है। एमसीडी अब इनका सर्वे कराएगी और दुकान लगाने के लिए जगह देगी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवालों को यह खुशखबरी देते हुए बताया कि पूरी दिल्ली में सभी रेहड़ी-पटरी पर दुकान लगाने वालों का सर्वे कराया जाएगा और उनको दुकान लगाने के लिए अच्छी व्यवस्था की जाएगी। ये लोग भी हमारे भाई-बहन हैं और उनको अच्छी व्यवस्था देना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि वो लोग भी इज्जत के साथ अपना काम कर सकें। इस सर्वे के बाद ये लोग बिना किसी परेशानी के अपनी दुकान लगा सकेंगे। इसके बाद पुलिस, कमेटी या अफसर उनको परेशान नहीं कर सकेंगे।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक वीडियो जारी कर कहा कि जब से दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, हम एक के बाद एक बड़े निर्णय ले रहे हैं। निगम की आप सरकार ने अब तक कई बड़े निर्णय लिए हैं और बहुत सारे काम किए हैं। अब निगम की आप सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लिया है। दिल्ली के रेहड़ी-पटरी वाले सभी भाई-बहनों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। हम समझते हैं कि सड़क के किनारे रेहड़ी पटरी लगाकर काम करना कितना मुश्किल होता है। रेहड़ी पटरी वालों को कभी पुलिस परेशान करती है, कभी कमिटी तो कभी अफसर आकर परेशान करते हैं। हम चाहते हैं कि आपको इन सभी परेशानियों से छुटकारा मिले और इज्जत की जिंदगी मिले। रेहड़ी पटरी वाले भी इज्जत के साथ अपना काम कर सकें और अपनी दुकान लगा सकें। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि रेहड़ी पटरी पर दुकान लगाने वाले भी हमारे भाई-बहन हैं और वो बेहद गरीब परिवार से आते हैं। वो अपने घर का खर्चा चलाने के लिए छोटे-मोटे काम करने के लिए मजबूर हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन लोगों को भी अच्छी व्यवस्था दें ताकि वो भी अपने परिवार को भरण पोषण अच्छे से कर सकें और इज्जत के साथ अपना काम-धंधा कर सकें।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि सभी रेहड़ी-पटरी की दुकानों का एक सर्वे कराया जाएगा। जहां पर रेहडी पटरी की दुकानें हैं, उनका सर्वे होगा कि कितने दुकानदार किस एरिया में हैं, कौन कहां बैठता है, किस-किस तरह की दुकानें लगती हैं। इसके बाद उनके लिए सम्मान जनक अपनी दुकान लगाने का इंतजाम करेंगे। इस सर्वे मे कुछ महीने लगेंगे। फिर वो अपनी दुकान बिना किसी परेशानी के लगा सकेंगे और उनसे कोई रिश्वत नहीं मांग सकेगा। साथ ही, पुलिस वाला, कमेटी वाला और अफसर उनको परेशान नहीं कर सकेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था करेंगे कि आसपास की बाकी दुकान वालों को भी कोई परेशानी नहीं होगी, सफाई का भी ध्यान रखा जाएगा और तरकीब से सबको इस तरह बैठाया जाएगा, ताकि किसी को भी कोई परेशानी नहीं होगी। रेहड़ी पटरी पर काम करने वाले सब लोग हमारे अपने भाई बहन हैं। उनका ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी हैं। सब्जी से लेकर घर में इस्तेमाल होने वाली छोटी-छोटी सारी चीजे हम रेहड़ी पटरी वालों से लेकर आते हैं। हम उनके लिए और आम पब्लिक के लिए भी सहूलियत के हिसाब से अच्छी व्यवस्था बनाएंगे।

# आप उमीदवार कुलदीप का हर्ष मल्होत्रा पर निशाना, पैराशूट कैंडिडेट की लैंडिंग नहीं होने देंगे



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

लोकसभा चुनावों की सरगर्मियों की बीच उम्मीदवार जनता को रिझाने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं. पूर्वी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने कृष्णा नगर में जनसभा की, इस जनसभा में उन्होंने जनता के बीच केजरीवाल सरकार की उपलब्धियों को गिनाया. उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने जितना काम किया है उतना कभी नहीं हुआ. इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी के पूर्वी दिल्ली से लोकसभा उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा को पैराशूट प्रत्याशी बता दिया. कुलदीप कुमार ने कहा कि बीजेपी को पूर्वी दिल्ली में कोई प्रत्याशी नहीं मिला इसलिए हर्ष मल्होत्रा को पैराशूट कैंडिडेट बनाकर उतार दिया. इस मौके पर स्थानीय विधायक एस के बग्गा, आम आदमी पार्टी शाहदरा जिला उपाध्यक्ष जुगल अरोड़ा समेत स्थानीय आम आदमी पार्टी के नेता और काफी तादाद में कार्यकर्ता मौजूद थे. इस मौके पर कुलदीप कुमार कहा कि उन्हें अपार जन समर्थन मिल रहा है, अरविंद केजरीवाल के कार्यों से दिल्ली के लोग संतुष्ट है, वह चाहते हैं कि अरविन्द केजरीवाल का प्रतिनिधि संसद में भी पहुंचे, उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता अब अरविंद केजरीवाल के हाथ को और मजबूत करेगी. दिल्ली की सभी 7 सीटों परगठबंधन का उम्मीदवार जीतेगा. कुलदीप कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर 5 साल में अपने प्रत्याशी को बदल देती है, ताकि जनता उनसे कामों का हिसाब ना मांगे मांग सके. कुलदीप कुमार ने कहा कि बीते 10 साल में पूर्वी दिल्ली में बीजेपी के महेश गिरी 5 साल सांसद रहे, 2019 में बीजेपी ने गौतम गंभीर को प्रत्याशी बनाया. अभी गौतम गंभीर पूर्वी दिल्ली के सांसद है, लेकिन वो जनता के बीच नहीं रहते, पूर्वी दिल्ली के लोगों के लिए वह उपलब्ध नहीं रहते, जनता उनसे परेशान है, इसलिए बीजेपी ने उनका टिकट काटकर नए प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया है. वहीं जुगल अरोड़ा ने कहा की दिल्ली की सातों सीटों पर इंडिया गठबंधन के उमीदवार ही जीतेंगे.


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

शुद्धिपत्र

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 95 / 2023–2024 दिनांक 21.02.2024, क्र. सं. 05**

**निविदा संख्या 77239070RGC खुलने की तिथि 02.04.2024**

उपरोक्त संदर्भित निविदा की अनुबंध–एच से संबंधित वाणिज्यिक अनुपालन शर्त को निविदा से हटा दिया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 15.03.2024 **841/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

शुद्धिपत्र

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 95 / 2023–2024 दिनांक 21.02.2024, क्र. सं. 06**

**निविदा संख्या 77239062RGC खुलने की तिथि 02.04.2024**

उपरोक्त संदर्भित निविदा की अनुबंध–एच से संबंधित वाणिज्यिक अनुपालन शर्त को निविदा से हटा दिया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 15.03.2024 **840/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त खबरें

### स्थानांतरण पर सीओ को दी गई विदाई

पुरैनी,मधेपुरा पुरैनी के अंचल अधिकारी ताबिश हसन ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान अंचल अधिकारी विकास कुमार को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। मालूम हो कि एक महीना पहले पुरैनी में पद ग्रहण किया था विभागीय अनुसार अंचलाधिकारी विकास कुमार का तबादला बांका जिला हो गया है,वहीं विकास कुमार के स्थान पर अंचल अधिकारी के रूप में ताबिश हसन ने बीते दिन पदभार ग्रहण किया। मौके पर बीडीओ अरुण कुमार सिंह, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी गौतम कुमार, जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष गौरी यादव, अंचल के लिपिक चंद्रशेखर झा, नाजीर चंद्र मोलेश्वर दर्वे, राजस्व कर्मचारी ओम प्रकाश कुसियत, राजेश कुमार, रवि कुमार, संदीप कुमार, पवन कुमार, फूल कुमार, मोहम्मद जसीमुद्दीन, कन्हैया कुमार, आशीष कुमार, ललन कुमार, संजय कुमार, गुलशन कुमार, अर्जुन कुमार, इंद्र कुमार मौजूद थे।

# मधेपुरा के प्रसिद्ध बाबा भोले की नगरी सिंहेश्वर में आज राजकीय महोत्सव के रूप में मनाया गया सिंहेश्वर महोत्सव

## कार्यक्रम का उद्घाटन मधेपुरा डीएम, सुपौल सांसद, और स्थानीय राजद विधायक ने दीप प्रज्वलित कर किया

प्रात: किरण, संवाददाता



● सिंहेश्वर महाशिवरात्रि मेला को मिले राजकीय पहचान,डीएम ने बिहार सरकार के पर्यटन विभाग को लिखा पत्र

मधेपुरा के प्रसिद्ध बाबा भोले की नगरी सिंहेश्वर में मनाया गया तीन दिवसीय राजकीय सिंहेश्वर महोत्सव, जिसका उद्घाटन मधेपुरा डीएम विजय प्रकाश मीना और सुपौल सांसद दिलेश्वर कामत व स्थानीय राजद विधायक चंद्रहाश चौपाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिले के एडीएम अरुण कुमार सिंह समेत कई वरीय अधिकारी के अलावे स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बता दें कि बिहार सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हीं धूमधाम से जिला प्रशासन ने तीन दिवसीय सिंहेश्वर महोत्सव कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत की है बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में दूरदराज से कई मैथिली व अन्य कलाकारों का आगमन भी हो रहा है।जो अपने अपने कलाओं का दर्शकों के बीच जलवा बिखेरेंगे। वहीं कार्यक्रम के दौरान जहां मधेपुरा डीएम विजय प्रकाश मीना ने अपने अतिथि सुपौल सांसद दिलेश्वर कामत को मिथिला परंपरा के अनुसार अंग वस्त्र और बाबा भोले की स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया तो वहीं मधेपुरा एडीएम अरुण कुमार सिंह ने स्थानीय राजद विधायक को अंग वस्त्र और बाबा भोले नाथ की स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया। इस कार्यक्रम के मौके पर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को संबोधित करते हुए डीएम विजय प्रकाश मीना ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मधेपुरा के प्रसिद्ध बाबा भोले नाथ की नगरी सिंहेश्वर में राजकीय महोत्सव के रूप में सिंहेश्वर तीन दिवसीय महोत्सव मनाया जा रहा है उन्होंने कहा कि निश्चित हीं बाबा सिंहेश्वर नाथ महिमा अपरंपार है यहां की मान्यता सैकड़ों वर्षों पुरानी है बताया जा रहा है कि भगवान विष्णु के द्वारा सिंहेश्वर में बाबा भोले नाथ की स्थापना की गई थी यहां ब्रह्मा विष्णु महेश विराजमान है तीन दिशा में मंदिर का स्वरूप दिखता है, साथ डीएम ने कहा कि सिंहेश्वर में आदि काल से महा शिवरात्रि के मौके एक माह तक मेला लगता जहां बिहार हीं नहीं बल्कि परोसी देश नेपाल से भी श्रद्धालू आते हैं और बाबा भोले पर जलाभिषेक कर मेला का भरपूर लुप्त उठाते हैं उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के तरफ से बिहार सरकार को पत्र प्रेषित किया गया है इस मेला को राजकीय मेला का रूप देकर पर्यटन विभाग से मंजूरी दिलवाया जाय ताकि बाबा भोले नाथ की मंदिर का और अत्यधिक सौंदर्य करण हो सके।

# लोजपा (आर) के सुप्रीमो को जिला कोर कमिटी ने दी बधाई




प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई लोकसभा के सांसद चिराग पासवान से दिल्ली में मिलकर जमुई लोजपा( आर) कोर कमिटी के नेताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा का दिल जीता है और 2014 से भाजपा के साथ कदम से कदम मिलाकर चला है उनके कुशल नेतृत्व में एन डी ए गठबंधन में रहते हुए लोकसभा चुनाव 2024 लड़ेंगे और सीटों पर जो सहमति बनी है वो काबिले तारीफ है कोर कमिटी के नेताओं ने अपने लोकप्रिय सांसद से आग्रह भी किया कि जमुई लोकसभा से ही चुनाव लड़ें जीत सुनिश्चित है अबकि बार एन डी ए को 400 से पार सीटों पर विजयी दिलाने का भरोसा जतायो कोर कमिटी में तारापुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी चंदन सिंह,जिला अध्यक्ष जीवन सिंह, मोतीउल्लाह, सुभाष चन्द्र बोस उर्फ सुभाष पासवान एवम अन्य नेता शामिल थे।

# प्रेमी ने सहयोगी के साथ नाबालिग लड़की को बुर्का पहना कर किया भागाने का प्रयास

● जीआरपी ने शक के आधार पर जमुई स्टेशन से किया गिफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई जिले से प्रेम-प्रसंग में शादी के लिए एक नाबालिग हिंदू लड़की को दो मुस्लिम लड़कों द्वारा भगाकर कोलकाता ले जाने का मामला सामने आया है शक होने के आधार पर रेल पुलिस ने नाबालिग लड़की प्रेमी के अलावा एक और युवक को जमुई स्टेशन पर हिरासत में लिया है बाद में लड़की के परिवार वालों को सूचना देने के बाद रेल पुलिस ने तीनों को चंद्रदीप थाना के हवाले सौंप दिया जानकारी के अनुसार जमुई जिले के चंद्रदीप थाना इलाके के एक गांव की लड़की का प्रेम-प्रसंग गांव के ही एक युवक मोहम्मद ताज के साथ बीते 4 सालों से चल रहा था` परिवार वालों की नाराजगी के बाद प्रेमी ताज अपने एक दोस्त सैफ के साथ लड़की को बुर्का पहना कर गांव से जमुई स्टेशन लाया था, जहां से सभी ट्रेन पड़कर कोलकाता जाने वाले थे देर रात स्टेशन पर लड़की और दो युवकों को रेल पुलिस ने जब देखा तो शक हुआ और छानबीन में ये बातें सामने आई नाबालिग लड़की के मामले में परिवार वालों ने चंद्रदीप थाना में अपहरण का केस दर्ज कराया है

बताया जा रहा है कि शुक्रवार की देर रात प्लेटफार्म नंबर एक पर दो युवक और लड़की को काफी देर तक बैठे देखा गया. लड़की बुर्के में थी, जो बंगाल जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रही थी. गस्ती में लगे जीआरपी जवान ने जब उनसे पूछताछ की तो दोनों गोल मटोल जवाब देने लगी. नाबालिग लड़की के पिता ने बताया कि मेरी बेटी स्कूल में परीक्षा देने गई थी, परीक्षा के बाद वह नहीं मिली, तब उसकी काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला. बाद में वह थाना जाकर केस दर्ज करवाया, मेरी बच्ची का अपहरण हो गया था. उसके साथी ने बताया कि आपकी बच्ची स्कूल में नहीं है, हम स्कूल के आसपास ही थे, हमें पता ही नहीं चला. शुक्रवार रात जमुई स्टेशन पर वह बुर्के में मिली,अंदाजा है कि वह बुर्के में ही निकली थी।

# विद्यालय सहित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया गया



प्रात: किरण संवाददाता

पुरैनी,मधेपुरा प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालय सहित आंगनबाड़ी केंद्रो पर पर राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया गया इस दौरान मुफ्त में बच्चों को कृमि की एक गोली खिलाई गई। मौके पर बड़ी हाट समीप उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहुंच कर प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, पीएचसी प्रभारी राजेश कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक अरुण कुमार नें शिक्षक सहित बच्चों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इनके निगरानी में प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सहित सभी सहायक शिक्षकों नें बच्चों को लाइन में खड़ा कर बारी-बारी से कृमि की दवाई वितरण कर एक गोली खिलाई गई बीडीओ अरुण कुमार बीएचएम अरुण ने सभी शिक्षकों से कहा कि शत प्रतिशत बच्चों को एक टैबलेट खिलाया जाना है। पीएचसी प्रभारी ने अलबेंजोल टैबलेट के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि टेबलेट खाने से पेट साफ तथा कृमि मर जाते हैं पाचन तंत्र मजबूत होने से सही समय पर भूख लगती है स्वास्थ तथा मानसिक पूर्ण रूप से विकास होती है इसीलिए सभी बच्चों को कृमि की दवाई खाना चाहिए। मौके पर सहायक शिक्षक सुबोध सिंह सुधीर, अजीत श्रीवास्तव, सुधीर कुमार पौद्दार, अनुपमा शर्मा, नवीन कुमार, चंद्र किशोर कुमार, संजीव कुमार सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# नगरपरिषद जमुई में महिलाओं के लिए शौचालय व मूत्राशय की असुविधा

## डेढ़ किलोमीटर की दूरी में नहीं है महिलाओं के लिए शौचालय को मूत्राशय की सुविधा

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई : शहर के अति व्यस्ततम जगह बोधवन तालाब से लेकर लव कुश गैस एजेंसी तक काफी व्यस्ततम शहर है। यह लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर की दूरी में सड़क के दोनों किनारे दुकानें सजी हुई है। छोटी बड़ी 100-200 दुकान से कम नहीं होगा। गैरेज, फर्नीचर दुकान, थोक मंडी, खुदरा एवं होलसेलर की दुकानों के साथ साथ छोटी बड़ी गाड़ियां मरम्मती की दुकान, कपड़े की दुकान आदि है । लोगों को सुबह से शाम तक इस इलाके में आना जाना लगा रहता है जो खरीद बिक्री से लेकर वाहन मरम्मती के लिए भी इस इलाके में दिनभर रहते हैं लेकिन इस इलाके में कोई सुविधा नहीं है। जबकि यह इलाका जमुई नगरपरिषद वार्ड नंबर 25, 26, 27, 28, 29 और 30 के कुछ भाग भी है। इस इलाके में महिलाएं वार्ड मेंबर भी है। 6 वार्ड सड़क के दोनों साइड होने के साथ-साथ कुछ भाग ग्रामीण भी है जो इदपे पंचायत का भाग है। इतनी बड़ी वार्ड मेंबर के फौज व पंचायत के मुखिया रहने के बाद भी सड़क किनारे कहीं भी शौचालय व मूत्राशय की व्यवस्था नहीं है और ना ही अभी तक बन पाना है`यह जमुई शहर के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। अगर इंदपे पंचायत की बात करें तो जमुई जिले में वन टू फाइव में कोई आता है तो इंदपे पंचायत आता है। इस पंचायत में जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री आते हैं। वार्ड की अगर बात करें तो वार्ड पार्षद भी 29 और 30 में महिला प्रतिनिधि हैं, उनकी भी कार्यकाल 1 साल बीत चुकी है लेकिन यह दोनों भी महिला शौचालय बनाने के लिए इच्छुक नहीं दिखे। सभी वार्ड मेंबर नाले और सड़क बनाने में अपनी पूरी एनर्जी लगा रहे हैं लेकिन महिला शौचालय के नाम जीवा पर लाना शर्म समझते हैं। बाजार करने गांव से लेकर शहर के लोग जब आते हैं। उन्हें जब शौच व मूत्राशय की आवश्यकता होती है उस समय उन्हें काफी जलील होना पड़ता है। व्यवसायी अपने घर व कहीं उसे ले जाकर हल्का करवाते हैं ।शौचालय व मुत्राशय शहर में नहीं रहने से आम लोगों से लेकर दुकानदार को भी काफी परेशानी होती है लेकिन व्यवसायी करें तो क्या करें। इस बिंदु पर कोई भी नगर परिषद के जन प्रतिनिधि हो या सदर विधायक कोई भी ध्यान नहीं देता। भले ही सब अपनी पीठ खुद थापा लेता है। सभी विकास की ढोल पीट रहा है लेकिन सरजमीं पर जमुई शहर के 30 वार्ड में शौचालय की व्यवस्था नहीं है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। अगर नगर परिषद की कामों की 10 साल की लेखा-जोखा की जांच की जाए तो नगर परिषद के काम में बहुत जोल है । नगर परिषद के अधिकारी से लेकर वार्ड सदस्य काम के लिए मारामारी तो करते हैं लेकिन किस जगह क्या काम होनी चाहिए इस पर किसी का ध्यान नहीं है। जमुई के लोगों को डिलक्स शौचालय की मांग है। 30 वार्ड में 10 शौचालय कम से कम दिया जाए। महिला व पुरष डीलक्स शौचालय का उपयोग कर सके। इससे पहले शौचालय के नाम पर लूट हो चुकी है लेकिन सब के सब बेकार रहा। पैसे निकाले गए काम के नाम पर, फाइल मोटी हुई, सरजमीन कुछ और है। बाजार करने आए जमुई के सुधा देवी ने कहा कि शौचालय की कोई व्यवस्था शहर में है ही नहीं तो शौचालय जाएंगे कहां। इधर-उधर कर लेते हैं। बाजार में तो इज्जत आबरू का कोई ठिकाना है ही नहीं। वही शीला देवी ने बताया कि बाजार आने से पहले घर पर ही शौचालय से निबट लेते हैं। साथ ही एक घंटा पहले पानी पीना बंद कर देते हैं कि बाजार जाना है। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारी, वार्ड मेंबर, शहर के 30 वार्ड मेंबर विधायक से मांग किया कि शौचालय व मूत्राशय की सुविधा करें। उन्होंने यह भी कहा कि तात्कालिक व्यवस्था नही कर, बड़े शहरों की तरह हर सड़क किनारे शौचालय और मूत्राशय का व्यवस्था करें, जो आम लोगों उस सुविधा का उपयोग कर सके। उन्होंने यह भी कहा कि 2014 में मूत्राशय बनाया गया था जो बालू की दीवार साबित हुआ और बिल निकलते ही कुछ दिनों में खत्म हो गया।

# कृषि प्रदर्शनी में सब्जी, फल और औषद्यीय पौधों की खेती करने वाले किसान पुरस्कृत



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा : महाशिवरात्रि पर सिंहेश्वर में कृषि विभाग की ओर से कृषि प्रदर्शनी सह किसान मेला का आयोजन आठ से 16 मार्च तक किया गया। कृषि प्रदर्शनी में अपने फसलों के साथ भाग लेने वाले बेहतर किसानों का चयन कर पुरस्कृत किया गया। चयनित किसानों को जिला कृषि पदाधिकारी पूनम कुमारी और आत्मा के उप परियोजना निदेशक मनोज कुमार के द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी पूनम कुमारी ने बताया कि प्रदर्शनी में किसानों के द्वारा सब्जी,फल, फूल और औषद्यीय पौधों को लाया गया था। इसमें 24 तरह के सब्जियों की प्रदर्शनी किसानों के द्वारा लगाई गई थी। वहीं नौ तरह के फलों को प्रदर्शनी में लाया गया था। दो तरह के फूल की प्रदर्शनी लगाई गई थी। इसके अलावे पांच तरह के औषद्यीय फसलों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। इस प्रदर्शनी में बेहतर प्रदर्शन करने 40-40 किसानों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया गया। इसके अलावे दो किसानों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रदर्शनी में किसानों को किया गया वोट देने को जागरूक कृषि विभाग की ओर से आयोजित कृषि प्रदर्शनी में शामिल किसानों को जहां आधुनिक तरीके से कृषि कार्य करने को बढ़ावा दिया गया। वहीं लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से मतदान करने को लेकर जागरूक किया गया। इसको लेकर किसानों को शपथ भी दिलाई गई। मालूम हो मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा ग्रामीण इलाकों में किसानों को वोट देने के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। मौके आत्मा के पंकज कुमार सहित कई मौजूद थे।

# पोषण पखवाड़ा का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

घैलाढ़,मधेपुरा बाल विकास परियोजना कार्यालय के तत्वावधान में चल रहे पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम शनिवार को झिटकिया पंचायत के वार्ड नंबर 1 जयपुरा में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 36 पर मनाया गया। बता दे की 9 मार्च से 23 मार्च 2024 तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान पोषक क्षेत्र की महिलाओं आंगनबाड़ी केंद्र पर मौजूद रही। सभी महिलाओं ने पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर ह्यसबके सहयोग से सही पोषण-देश रोशनह्ण का नारा होगा साकार कहम सबका एक ही नारा, पोषण है अधिकार हमारा पर्यवेक्षिका कुमारी निभा ने बताया कि पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत झिटकिया पंचायत के वार्ड नंबर 1 जयपुरा में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 36 पर सेविका बेबी भारती द्वारा रंगोली बनाकर पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले सुविधा को लेकर जागरूक किया गया क इस मिशन के तहत कुपोषण को भगाने एवं एनीमिया जैसी बीमारियों से संबंधित कई आवश्यक सुझाव भी दिए गए साथ ही इस अभियान के तहत संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ककार्यक्रम के प्रारंभ में सबों ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ ली कि वे अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, भयमुक्त होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ लेने के दौरान सेविका- सहायिका सहित सभी महिलाओं ने देश के लिए मतदान, मतदान करना एक बड़ी जिम्मेदारी,मधेपुरा है तैयार, मतदान करेंगे सब इस बार आदि नारे लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सेविका बेबी भारती ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा एवं पहला लोकतंत्र है। लोकतंत्र की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि सभी नागरिक मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि हमें जाति, धर्म, लिंग, भाषा, प्रांत आदि संकीर्णताओं से ऊपर उठकर मतदान करना चाहिए।

# जप्त देसी शराब का हुआ विनष्टीकरण



प्रात: किरण, संवाददाता

राजापाकर । राजापाकर थाना परिसर में शनिवार को दो कांड 16/24 एवं 31 /24 में जप्त 101 लीटर देसी शराब का विनष्टीकरण किया गया है।इस मौके पर उपस्थित राजापाकर अंचल अधिकारी सह मजिस्ट्रेट गौरव कुमार एवं पी एस आई आरती कुमारी मौजूद रहे। अंचल अधिकारी सह मजिस्ट्रेट गौरव कुमार ने बताया है कि आज इस जप्त देसी शराब की मात्रा 101 लीटर है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को टोला सेवक एवं ताली मरकजों की बैठक



प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। टोला सेवक एवं ताली मरकजों की बैठक उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में की गई। बैठक का विषय मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उनका योगदान था। सर्वप्रथम स्वीप की नोडल पदाधिकारी ललिता कुमारी डीपीओ ,आईसीडीएस बैठक का उद्देश्य सभी को बताया। उनके द्वारा बताया गया की वैशाली जिले का मतदान प्रतिशत मात्र 56.16% है, जिसे शत प्रतिशत करने की आवश्यकता है। तत्पश्चात डीपीओ एजुकेशन के द्वारा किस तरह से टोला सेवक और तालिम मरकजों के द्वारा वोटिंग प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है ,उन्हें बताया गया । एक-एक बच्चों के अभिभावक से संपर्क कर उनके घरों तक जाकर ,उनके बीच बैठकर उन्हें मतदान के महत्व के बारे में जानकारी देने एवं उन्हें प्रेरित कर मतदान करने के लिए तैयार करें।

# आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन सहायिका के भरोसे

प्रात: किरण संवाददाता

मुरलीगंज मधेपुरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र को सेविका द्वारा मनमाने ढंग से संचालित करने का मामला आए दिन सुनने को मिल रहा है। जगह जगह पोषक क्षेत्र के लोग भी इस बात की चर्चा कर रहे हैं। जिस पर विभागीय पदाधिकारी को गंभीर होने की आवश्यकता है। जिससे बाल विकास परियोजना का उद्देश्य चरितार्थ हो सकता है। बता दें कि सिंगयान पंचायत के अमरपुरा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 119 शनिवार को करीब 12 बजे सहायिका के सहारे बच्चों की पढ़ाई और देखभाल हो रही रही थी। सेविका देवता सिंह केंद्र पर नहीं थी। पूछे जाने पर बताया कि सेविका मेडम अपने घर पर है। आंगनबाड़ी केंद्र में मात्र नौ बच्चे मौजूद थे। लगभग साढ़े 12 बजे तक बच्चों को भोजन नहीं मिल पाई थी। बच्चों ने बताया कि सेविका मेडम आज नही आयी है। अन्य दिन भी कभी कभार आते हैं। सहायिका सविता देवी ने बताई कि सामग्री नही होने के कारण भोजन नही बनाए। गौरतलब हो कि इस बीच कुछ देर बाद सेविका अपने घर से आंगनबाड़ी केंद्र आ रही थी। बच्चों के भोजन नहीं बनने के सवाल पर कहा कि मुढ़ी लेकर जा रहे है। बच्चों को खिलाएंगे। जबकि शनिवार को भोजन में खिचड़ी देने का निर्देश है। इस दौरान कुछ स्थानीय लोग भी पहुंचे। सेविका द्वारा मनमाने ढंग से केंद्र संचालन की बात कही जा रही थी। देखा जाए तो विभागीय निर्देश के ठीक विपरीत वस्तु स्थिति बनी हुई थी। इस बावत सीडीपीओ आशीष नंदन ने कहा कि जो भी समस्या है जांच की जाएगी।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता




मधेपुरा ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में शनिवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं सेहत केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत महाविद्यालय के मुख्य द्वार (रतनचंद द्वार) से लेकर भूपेंद्र नारायण मंडल चौक तक रैली निकाली गई। रैली के प्रारंभ में सबों ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ ली कि वे अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, भयमुक्त होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। रैली के दौरान ह्यदेश के लिए मतदानह्ण, ह्यमतदान करना एक बड़ी जिम्मेदारी अबकी बार 18 की बारीह्ण, ह्यमधेपुरा है तैयार, मतदान करेंगे सब इस बारह्ण आदि नारे लगाए गए। मतदान सबसे बड़ा पर्व कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा एवं पहला लोकतंत्र है। लोकतंत्र की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि सभी नागरिक मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि हमें जाति, धर्म, लिंग, भाषा, प्रांत आदि संकीर्णताओं से ऊपर उठकर मतदान करना चाहिए। हमें भयमुक्त होकर कार्य करना चाहिए और किसी भी प्रकार के प्रलोभन में नहीं फंसना चाहिए। मतदान का का प्रतिशत बढ़ाने के लिए हो रहे हैं लगातार प्रयास इस अवसर पर मुख्य अतिथि दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि बिहार ने दुनिया को लोकतंत्र का संदेश दिया है। हमारे यहां इंग्लैंड एवं अमेरिका में लोकतंत्र आने के वर्षों पहले गणतंत्र कायम था। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से विभिन्न महाविद्यालयों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि ज्यादा-से-ज्यादा युवा मतदान में भाग लें। कार्यक्रम के संयोजक गणित विभागाध्यक्ष ले. गुड्डु कुमार ने कहा कि महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर डॉ. शिवनंदन कुमार, डॉ. मिथिलेश कुमार अरिमर्दन, डॉ. ए. के. मल्लिक, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. अमिताभ कुमार, डॉ. शंकर कुमार मिश्र, डॉ. खुशबू शुक्ला, डॉ. विजया कुमारी, डॉ. मोहित गुप्ता, शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान, पायल कुमारी अग्रवाल, यशस्वी राज, निशा कुमारी, मधुर कुमारी, वर्षा कुमारी, अंजली कुमारी, बबली कुमारी, सुमन भारती, आरोही कुमारी, पूजा कुमारी, पायल कुमारी अग्रवाल, यशस्वी राज, निशा कुमारी, मधुर कुमारी, वर्षा कुमारी, अंजली कुमारी, बबली कुमारी, आरोही कुमारी, पूजा कुमारी आदि उपस्थित थे।

# बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण के मुद्दे पर जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता




हाजीपुर। वैशाली प्रखण्ड अंतर्गत वैशाली प्रखंड मुख्यालय में डॉक्टर महानंद सिंह फाउंडेशन प्रशिक्षण केंद्र परिसर मे आयोजक संस्था वैशाली समाज कल्याण संस्थान एंव कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय सहयोगी संस्था औलिया अध्यात्मिक अनुसंधान केन्द्र औलिया दरबार वैशाली के सहयोग से बाल विवाह बाल ब्यापार बाल बाल मजदूरी के मुद्दे पर जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना कार्यालय वैशाली की महिला पदाधिकारी मुस्त्री खातून जी के द्वारा किया गया सर्व प्रथम कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए, संस्थान के सी. ई.ओ कौशल किशोर विकल जी बच्चे के मौलिक अधिकार के बारे मे जानकारी साझा करते हुए कहा की आज प्रत्येक पंचायत मे बाल संरक्षण के लिय जनसुनवाई कार्यक्रम की आयोजन करने की जरूरत है, जिसमे स्थानीय जनप्रतिनिधी स्थानीय प्रबुद्धजन सरकार के तंत्र के साझा प्रयास से पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति का गठन के उपरांत निरंतर उसका संचालन होना चाहिए, और बाल विवाह ,बाल श्रम, बाल यौन शोषण के विरुद्ध जन सुनवाई करने की जरूरत है ताकि गाव पंचायत स्तर पर बच्चो की समस्या को दूर किया जा सके, वही कार्यक्रम मे प्रखण्ड के जीविका कार्यालय से सोनम कुमारी के द्वारा महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं के बारे मे जानकारी दिया गया, साथ जिला बाल संरक्षण इकाई से आये पदाधिकारीयो ने परवरिश योजना मुख्य मंत्री कन्या विवाह योजना के बारे मे जानकारी साझा किया।वही औलिया अध्यात्मिक अनुसंधान केन्द्र औलिया दरबार के राम कृष्णा जी ने विचार व्यक्त करते हुय वैशाली समाज कल्याण संस्थान एव कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा की यह बहुत सुंदर कार्यक्रम है बाल विवाह बाल श्रम बाल यौन शोषण के मुद्दे पर मेरा पुरा प्रयास होगा की समाज इस कुरुतियो से मुक्त हो और इस दिशा मे हर स्तर से मुझे जहा भी सहयोग की जरूरत होगी हम सम्भव मदद प्रदान करेंगे। संस्थान के कार्यकारी निदेशक आँचल सिंह ने उपस्थित बच्चो के बीच विचार व्यक्त करते हुए कहा की जिस प्रकार से सड़क पर चलकर हम लंबी दूरी को तय कर लेते है उसी प्रकार शिक्षक के बताये मार्ग पर चलकर हम अपने जीवन मे बहुत उचाई तक जा सकते है, वही उपस्थित जन समूह के बीच बाल विवाह बाल, श्रम बाल बाल यौन शोषण से विमुक्ति का संकल्प दिलाते हुए समाज से इस बुराई को खात्मा के लिए संकल्प लिया । कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं को आगामी लोक सभा चुनाव में अपने वोट का उपयोग करने के लिया जागरूक किया गया । इस कार्यक्रम मे संस्थान के कर्मी प्रियंसिक राज सिद्धांत कुमार दीपक कुमार के द्वारा योगदान दिया गया।

**सम्पादकीय**

## किसानों की बात सुनें

फिलहाल उम्मीद करनी चाहिए किसान संगठनों के प्रति सरकार के रुख में बदलाव सिर्फ चुनावी कारणों से नहीं है। लेकिन अगर ऐसा हुआ, तो फिर यही कहा जाएगा कि वर्तमान के टकराव को कुछ समय के लिए महज टाला भर गया है। यह स्वागतयोग्य है कि दिल्ली पुलिस ने संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) को रामलीला मैदान में महापंचायत लगाने की इजाजत दी। इसे प्रशासन के रुख में एक बड़े बदलाव के रूप में लिया जाएगा। इस सिलसिले में यह याद करना उचित होगा कि 2020 में भी किसान संगठन तीन कृषि कानूनों पर विरोध जताने के लिए दिल्ली आ रहे थे। मगर सरकार ने उन्हें राजधानी में प्रवेश नहीं करने दिया। नतीजा यह हुआ कि राष्ट्रीय राजधानी के तीन सीमा-स्थलों पर किसानों ने डेरा डाल दिया, जो 13 महीनों तक चला। पिछले महीने एसकेएम से निकले एक छोटे गुट ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य और किसान कर्ज माफी की मांग पर जोर डालने के लिए दिल्ली की तरफ कूच किया, तब उन्हें पंजाब-हरियाणा की सरहद पर स्थित शंभू बॉर्डर पर रोक दिया गया। वहां पुलिस ने जो सख्त कार्रवाइयां कीं, उसकी रिपोर्टिंग अब दुनिया भर में हो चुकी है। इस पृष्ठभूमि में एसकेएम को रामलीला मैदान तक जाने की इजाजत मिलना एक सुखद घटना महसूस हुई है। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन करना नागरिकों का अधिकार है। प्रशासन ने इस बार इस मूलभूत सिद्धांत को स्वीकार किया है। इससे संभावित टकराव से बचा जा सका है। साथ ही इससे वह स्थिति बनी है, जिसमें किसानों की शिकायतों और उनकी मांगों पर सकारात्मक ढंग से राय-मशविरे की गुंजाइश बनती है। अब उचित यह होगा कि किसान मजूदर महापंचायत में जो चर्चा हुई, सरकार उस पर गंभीरता से ध्यान दे। उसे लोकतांत्रिक विचार-विमर्श की भावना का प्रदर्शन करते हुए किसान और मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की पहल करनी चाहिए। किसानों की मांगों को मानने में उसके सामने क्या अड़चनें हैं, उसे वह किसान संगठनों को प्रत्यक्ष रूप से बता सकती है। दोनों पक्षों की अपनी विवशताओं के बीच मिलन बिंदु कहां हो सकता है, अगर नजरिया सकारात्मक हो, तो उसे ढूंढना असंभव नहीं है। फिलहाल उम्मीद करनी चाहिए सरकार के रुख में बदलाव सिर्फ चुनावी कारणों से नहीं है। लेकिन अगर ऐसा हुआ, तो फिर यही कहा जाएगा कि वर्तमान के टकराव को कुछ समय के लिए महज टाला भर गया है।

## डर कर काम करता है सरकारी तंत्र

योगेंद्र योगी

सरकारी मशीनरी डंडे के जोर से काम करती है। इसका उदाहरण चुनावी बांड के खुलासे से हो गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने इस मामले को टरकाने के प्रयास किए, किन्तु सुप्रीम कोर्ट के सामने दाल नहीं गल सकी। बांड के जरिए चुनावी चंदा देने वाले उद्योगपतियों के नाम और राशि छिपाने के एसबीआई के सारे प्रयासों पर सुप्रीम कोर्ट ने पानी फेर दिया। एसबीआई की मंशा थी कि इस चंदे के मामले का खुलासा जून महीने के बाद किया जाए ताकि लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद इस मामले को आने वाली केंद्र सरकार संभाल सके। एसबीआई ने इस बांड खुलासे की अवधि को लंबा खींचने के लिए कई तरह के बहाने बनाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में साफ कह दिया कि यदि निर्धारित तारीख तक इसकी जानकारी चुनाव आयोग को नहीं दी गई और चंदे का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय चुनाव आयोग ने 14 मार्च को चुनावी बॉन्ड से जुड़े डेटा को जारी किया था। चुनावी बॉन्ड यानी इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा डेटा वही डेटा है जिसे चुनाव आयोग के साथ 12 मार्च को एसबाआई ने शेयर किया था। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर 2 लिस्ट जारी किए गए हैं। इसमें कुल 763 पन्ने हैं जिनमें चुनावी बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों और लोगों के नाम शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के सामने एसबीआई ने घुटने टेक दिए। जिस विवरण को जुटाने के लिए जून माह तक समय मांगा जा रहा था, उसे एसबीआई ने चंद दिनों में ही पूरा कर दिखाया। इससे जाहिर है कि कार्रवाई के भय से सरकारी तंत्र तूफान की गति से काम कर सकता है। सरकारी मशीनरी में लगी जंग तभी हटती है, सुप्रीम कोर्ट जैसे आदेशों की पालना करनी होती है। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब किसी सरकारी विभाग ने कोर्ट के भय के मारे घोड़े की गति से काम किया है।

कोयला घोटाले की स्टेटस रिपोर्ट के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो इसका दूसरा बड़ा उदाहरण है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कानून मंत्री और पीएमओ की दखलअंदाजी को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। नाराजगी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख शब्दों में कहा था कि सीबीआई के कई मास्टर हैं और जांच एजेंसी पिंजड़े में कैद तोते जैसी है। सरकार को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जब सीबीआई स्वतंत्र ही नहीं है तो वो निष्पक्ष जांच कैसे कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीबीआई वो तोता है जो पिंजरे में कैद है जबकि सीबीआई एक स्वायत्त संस्था है और उसे अपनी स्वायत्तता बरकरार रखनी चाहिए। सीबीआई को एक तोते की तरह अपने मास्टर की बातें नहीं दोहरानी चाहिए। एसबीआई ने भी सीबीआई की तरह व्यवहार किया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट को सख्ती दिखाने पर विवश होना पड़ा। एसबीआई फिर भी होशियारी दिखा रही है। अदालत ने बैंक से पूछा है कि बॉन्ड नंबरों का खुलासा क्यों नहीं किया। बैंक ने अल्फा न्यूमिरिक नंबर क्यों नहीं बताया। अदालत ने एसबीआई को बॉन्ड नंबर का खुलासा करने का आदेश दिया है। अदालत का आदेश है कि सील कवर में रखा गया डेटा चुनाव आयोग को दिया जाए, क्योंकि उनको इसे अपलोड करना है। अदालत ने कहा कि बॉन्ड खरीदने और भुनाने की तारीख बतानी चाहिए थी। दरअसल यूनिक आईडी हर एक बॉन्ड का यूनिक नंबर होता है। इसके जरिए आसानी से यह पता लगाया जा सकेगा कि आखिर किस कंपनी या व्यक्ति ने किस पार्टी को चंदा दिया है। चंदा देने वाले और चंदा पाने वालों की सभी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेगी। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि बॉन्ड नंबरों से पता चल सकेगा कि किस दानदाता ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है। केंद्र सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम शुरू से ही विवादों में घिरी रही है। इस स्कीम के तहत जनवरी 2018 और जनवरी 2024 के बीच 16518 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए थे और इसमें से ज्यादातर राशि राजनीतिक दलों को चुनावी फंडिंग के तौर पर दी गई थी। इस राशि का सबसे बड़ा हिस्सा केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को मिला था।

इन बॉन्ड्स पर पारदर्शिता को लेकर कई सवाल उठ रहे थे और ये आरोप लग रहा था कि ये योजना मनी लॉन्डरिंग या काले धन को सफेद करने के लिए इस्तेमाल हो रही थी। इलेक्टोरल बॉन्ड्स की वैधता पर सवाल उठाते हुए एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), कॉमन कॉज और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी समेत पांच याचिकाकताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। एडीआर के संस्थापक और ट्रस्टी प्रोफेसर जगदीप छोकर ने कहा कि यह फैसला काबिले-तारीफ है। इसका असर यह होगा कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम बंद हो जाएगी और जो कॉरपोरेट्स की तरफ से राजनीतिक दलों को पैसा दिया जाता था जिसके बारे में आम जनता को कुछ भी पता नहीं होता था, वो बंद हो जाएगा। इस मामले में जो पारदर्शिता इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम ने खत्म की थी वो वापस आ जाएगी। इस मामले से बतौर याचिकाकर्ता जुड़े रहे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी कहते हैं कि यह स्कीम असंवैधानिक थी और लेवल प्लेइंग फील्ड (समान अवसर) को खत्म करती थी। येचुरी ने कहा कि शुरू से ही उनकी और उनकी पार्टी की राय यह थी कि इलेक्टोरल बॉन्ड राजनीतिक भ्रष्टाचार को वैध बनाने का साधन है। सीताराम येचुरी कहते हैं कि सही तो यही होगा कि पैसा वापस किया जाए क्योंकि यह स्कीम ही असंवैधानिक है। लेकिन हम चाहते हैं कि जिन कंपनियों ने यह पैसा राजनीतिक दलों को दान किया, यह उन्हें वापस न जाए। ये पैसा सरकारी खाते में जमा होना चाहिए और चुनावों के स्टेट फंडिंग की योजना को शुरू किया जाना चाहिए। बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ये निर्णय एक बहुत ही प्रामाणिक उद्देश्य के लिए लाया गया था। चुनाव में पारदर्शिता हो फंडिंग में, इसके लिए लाया गया था। चुनाव में कैश का प्रभाव कम हो उसके लिए भी लाया गया था। इस बात को समझना बहुत जरूरी है। हमारे जितने चंदा देने वाले लोग हैं उनकी अपेक्षा थी कि उचित होगा कि हमारे लिए भी एक गोपनीयता रखी जाए। उन्होंने कहा कि कोई सरकार हार गई और उनके विरोधी दूसरी जगह आए तो वो चंदा देने वालों के खिलाफ हो जाते हैं। इसलिए कोई ईमानदारी से बिजनेस कर रहे हैं तो वो अपना काम करें। इलेक्टोरल बॉन्ड खत्म होने से चुनाव की फंडिंग पर बहुत कम फर्क पड़ता है क्योंकि चुनावी फंडिंग का ज्यादातर हिस्सा नकदी में आता है। यह फैसला केवल फंडिंग की पारदर्शिता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

# भाजपा शासन और भारतीय प्रजातंत्र व संविधान को खतरे

**यह संख्या किसी चुनाव विशेषज्ञ की राय या किसी वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर आधारित नहीं है. यह प्रचार केवल राजनैतिक उद्देश्य से किया जा रहा है. चार सौ पार की जरूरत क्यों है? इसका स्पष्टीकरण देते हुए भाजपा के कर्नाटक से सांसद और पार्टी के वरिष्ठ नेता अनंत कुमार हेगड़े ने बताया कि संविधान को बदलने के लिए पार्टी को 400 सीटों की जरूरत होगी. कांग्रेस ने संविधान को विकृत कर दिया है. उसका मूल स्वरूप बदल दिया है. उसने संविधान में अनावश्यक चीजें (शायद उनका मतलब धर्मनिरपेक्षता व समाजवाद से था) ठूंस दी हैं. ऐसे कानून बनाए गए हैं जो हिन्दू समुदाय का दमन करते हैं. ऐसे में अगर इस स्थिति को बदला जाना है, अगर संविधान को बदला जाना है, तो वह उतनी सीटों से संभव नहीं है जितनी अभी हमारे पास है. भाजपा ने इस बयान से दूरी बना ली. उसने कहा कि वह अपने सांसद के वक्तव्य का अनुमोदन नहीं करती. ऐसी खबरें भी हैं कि यह बयान देने के कारण हेगड़े को पार्टी के टिकिट से भी वंचित किया जा सकता है. ऐसा होता है या नहीं यह तो समय बतलायेगा मगर एक बात पक्की है. वह यह कि भाजपा के लिए इस तरह के बयान और दावे कोई नई बात नहीं हैं. अनंत कुमार हेगड़े ने यही बात 2017 में भी कही थी जब वे भाजपा की केन्द्र सरकार में मंत्री थे. मगर फिर भी उन्हें 2019 के आम चुनाव में टिकिट दिया गया. कांग्रेस सांसद राहुल गाँधी और कई अन्य का मानना है कि भाजपा को 400 सीटें उसी उद्देश्य के लिए चाहिए, जिसकी बात हेगड़े कर रहे हैं.**





**राम पुनियानी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं**

सत्ताधारी भाजपा के नेता इन दिनों चार सौ पार की बात कर रहे हैं. उनका मानना है कि आने वाले आम चुनाव में भाजपा 370 से ज्यादा सीटें जीतेगी और उसके गठबंधन साथी 30 से ज्यादा. और इस प्रकार एनडीए 400 पार हो जायेगा. यह संख्या किसी चुनाव विशेषज्ञ की राय या किसी वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर आधारित नहीं है. यह प्रचार केवल राजनैतिक उद्देश्य से किया जा रहा है. चार सौ पार की जरूरत क्यों है? इसका स्पष्टीकरण देते हुए भाजपा के कर्नाटक से सांसद और पार्टी के वरिष्ठ नेता अनंत कुमार हेगड़े ने बताया कि संविधान को बदलने के लिए पार्टी को 400 सीटों की जरूरत होगी. कांग्रेस ने संविधान को विकृत कर दिया है. उसका मूल स्वरूप बदल दिया है. उसने संविधान में अनावश्यक चीजें (शायद उनका मतलब धर्मनिरपेक्षेता व समाजवाद से था) ठूंस दी हैं. ऐसे कानून बनाए गए हैं जो हिन्दू समुदाय का दमन करते हैं. ऐसे में अगर इस स्थिति को बदला जाना है, अगर संविधान को बदला जाना है, तो वह उतनी सीटों से संभव नहीं है जितनी अभी हमारे पास हैं.

भाजपा ने इस बयान से दूरी बना ली. उसने कहा कि वह अपने सांसद के वक्तव्य का अनुमोदन नहीं करती. ऐसी खबरें भी हैं कि यह बयान देने के कारण हेगड़े को पार्टी के टिकिट से भी वंचित किया जा सकता है. ऐसा होता है या नहीं यह तो समय बतलायेगा मगर एक बात पक्की है. वह यह कि भाजपा के लिए इस तरह के बयान और दावे कोई नई बात नहीं हैं. अनंत कुमार हेगड़े ने यही बात 2017 में भी कही थी जब वे भाजपा की केन्द्र सरकार में मंत्री थे. मगर फिर भी उन्हें 2019 के आम चुनाव में टिकिट दिया गया.

कांग्रेस सांसद राहुल गाँधी और कई अन्य का मानना है कि भाजपा को 400 सीटें उसी उद्देश्य के लिए चाहिए, जिसकी बात हेगड़े कर रहे हैं. राहुल गाँधी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर हिन्दी में लिखा, भाजपा सांसद का यह बयान कि पार्टी को संविधान बदलने के लिए 400 सीटों की जरूरत होगी, दरअसल, नरेन्द्र मोदी और उनके संघ परिवार के गुप्त एजेण्डा की सार्वजनिक उद्घोषणा है. नरेन्द्र मोदी और भाजपा का अंतिम उद्देश्य बाबासाहेब के बनाए संविधान को नष्ट करना है. संघ परिवार न्याय, समानता, नागरिक अधिकार और प्रजातंत्र जैसी संकल्पनाओं से नफरत करता है.

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यह आरोप भी लगाया कि समाज को बांटकर, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर रोकें लगाकर और स्वतंत्र संस्थाओं को पंगु कर संघ परिवार भारत के महान प्रजातंत्र को एक संकीर्ण तानाशाही में बदल देना चाहता है और एक षड़यंत्र के तहत विपक्ष को समाप्त किया जा रहा है प्रजातांत्रिक मूल्यों, जिनमें समानता का मूल्य शामिल है, को कमजोर करने के लिए भाजपा की रणनीति द्विस्तरीय है. उसका पितृसंगठन आरएसएस शुरू से ही संविधान के खिलाफ रहा है. भारत का संविधान लागू होने के बाद आरएसएस के गैर-आधिकारिक मुखपत्र द आर्गनाईजर ने लिखा... हमारे संविधान में प्राचीन भारत में हुए अनूठे संवैधानिक विकास का कोई उल्लेख नहीं है. मनुस्मृति में वर्णित कानून आज की तारीख में भी दुनियाभर के लिए विशेष आदर का विषय हैं. वे लोगों को स्वभाविक रूप से उनका पालन करने और उनके अनुरूप आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं. लेकिन हमारे संवैधानिक पंडितों के लिए इसका कोई मतलब नहीं है.

भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने सन् 1998 में सत्ता में आने के बाद जो पहला काम किया वह था संविधान की समीक्षा के लिए एक आयोग की नियुक्ति. इस आयोग (वेंकटचलैया आयोग) की रिपोर्ट लागू नहीं की जा सकी क्योंकि संविधान के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ का जबरदस्त विरोध हुआ. भाजपा अपने बल पर 2014 से सत्ता में है और तब से उसने कई बार संविधान की उद्देशिका का प्रयोग, उसमें से धर्मनिरपेक्ष व समाजवादी शब्द हटाकर किया है.

सन 2000 में आरएसएस के मुखिया बनने के बाद के. सुदर्शन ने बिना किसी लागलपेट के कहा था कि भारत का संविधान पश्चिमी मूल्यों पर आधारित है और उसके स्थान पर एक ऐसा संविधान बनाया जाना चाहिए जो भारतीय पवित्र ग्रन्थों पर आधारित हो. सुदर्शन ने कहा कि संविधान भारत के लोगों के लिए किसी काम का नहीं है क्योंकि वह गवर्नमेंट ऑफ इण्डिया एक्ट 1935 पर आधारित है. उन्होंने यह भी कहा कि हमें संविधान को पूरी तरह से बदल डालने में संकोच नहीं करना चाहिए.

अभी पिछले साल अगस्त में लाईवमिंट में प्रकाशित अपने एक लेख में प्रधानमंत्री की आर्थिक परामर्शदात्री परिषद के मुखिया डॉ. विवेक देबराय ने भी संविधान को बदलने की जरूरत बताई थी. इस प्रकार भाजपा संगठन और सरकार के प्रमुख कर्ताधर्ता समय-समय पर संविधान को बदलने की बात करते रहते हैं और भाजपा और सरकार, आधिकारिक रूप से कहती रहती है कि वह इन विचारों का अनुमोदन नहीं करती.


इसके साथ ही अपनी सरकार के पिछले एक दशक के शासनकाल में भाजपा ने भारतीय संविधान के मूलभूत मूल्यों को क्षति पहुँचाने का हर संभव प्रयास किया है. प्रजातांत्रिक राज्य के सभी स्तम्भों और संवैधानिक संस्थाओं सहित सभी एजेन्सियों पर सरकार का नियन्त्रण है. सरकार का मतलब है एक व्यक्ति. चाहे वह ईडी हो, सीबीआई हो, आयकर विभाग या चुनाव आयोग हो - सभी एक व्यक्ति के नियंत्रण और निर्देशन में काम कर रहे हैं. जहाँ तक न्यायपालिका का प्रश्न है उसे भी अलग-अलग स्तरों पर अलग-अलग तरीकों से कमजोर कर दिया गया है. वरना आखिर क्या कारण है कि उमर खालिद के तीन साल से जेल में होने के बावजूद कोई अदालत उसकी जमानत की अर्जी पर विचार करने को तैयार नहीं है. जहाँ तक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सवाल है वह लगभग गायब हो चुकी है. मुख्यधारा का मीडिया सरकार के प्रशंसक कापोर्रेट घरानों के नियंत्रण में है और सभी बड़े टीवी चैनल और अखबार सरकार के भोंपू बन गए हैं. स्वतंत्रता से सोचने वाले और आजादी से बोलने वालों के लिए बहुत कम जगह बची है और यह तब जब हम सब जानते हैं कि बोलने की आजादी प्रजातांत्रिक समाज का प्रमुख स्तम्भ है. अनेक अंतर्राष्ट्रीय सूचकांकों के अनुसार भारत में धार्मिक स्वतंत्रता कमजोर होती जा रही है. अमरीका के धार्मिक स्वतंत्रता वॉचडॉग के अनुसार भारत विशेष चिंता का विषय है. वी-डेम के अनुसार प्रजातंत्र के सूचकांक पर भारत का नंबर 104 है और वह नाईजर और आईवरी कोस्ट के बीच है. यह गिरावट पिछले दस सालों में ही आई है. सरकार अपनी एजेंसियों और अपने निर्णयों के जरिये प्रजातांत्रिक स्वतंत्रताओं का गला घोंट रही है. बहुत समय नहीं हुआ जब लालकृष्ण आडवाणी ने कहा था कि भारत में अघोषित आपातकाल लागू है. देश में हिन्दू राष्ट्रवाद के लड़ाके हर तरह की आजादी को कुचल रहे हैं. सरकारी तंत्र भी यही कर रहा है. सरकार दर्शकदीर्घा में है और इन तत्वों को उसका साफ संदेश है कि वे अल्पसंख्यकों और समाज के कमजोर वर्गों के प्रजातांत्रिक अधिकारों का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन कर सकते हैं और उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा.

अगर हम अपने आसपास देखें तो पायेंगे कि हर धार्मिक राष्ट्रवादी संस्था

# भाजपा को भारी पड़ सकता है अपने दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के टिकट काटना!

**निशंक की जगह पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत जो हरिद्वार क्षेत्र में कभी सक्रिय नही रहे, को टिकट देना भाजपा को भारी पड़ सकता है। हालांकि हरिद्वार सीट पर कांग्रेस ने अभी अपने पत्ते नही खोले है, लेकिन यदि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत या फिर जैसा कि चर्चा चल रही है निर्दलीय खानपुर विधायक उमेश कुमार कांग्रेस में शामिल होकर चुनाव लड़ते है तो दोनो ही स्तिथियों में भाजपा के लिए कड़ी टक्कर होगी। जहां तक गढ़वाल सीट का सवाल है वहां भी कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल और भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के बीच इस कदर कांटे की टक्कर रहेगी कि हार जीत के दावे करना मुश्किल है। कांग्रेस ने अल्मोड़ा सीट पर एक बार फिर भाजपा के अजय टम्टा के सामने प्रदीप टम्टा पर दांव खेला है। भाजपा ने अपने सीटिंग सांसद अजय टम्टा को उम्मीदवार बनाया है, वहीं सन 2019 में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे प्रदीप टम्टा को एक बार फिर अपना प्रत्याशी बनाया गया है। प्रदीप टम्टा राज्य बनने के बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में 2002 से सोमेश्वर सीट से विधायक भी रहे है, साथ ही वे अल्मोड़ा से 15वी लोकसभा के कांग्रेस सांसद रहे है, इसके बाद सन 2016 में उन्हें कांग्रेस ने राज्यसभा भेजा था। पौड़ी सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार गणेश गोदियाल जो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे है, को अपना प्रत्याशी बनाया है।**





**डॉ श्रीगोपाल नारसन**
**लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

भाजपा ने उत्तराखंड में हरिद्वार से मौजूदा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक व गढ़वाल से मौजूदा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का टिकट काटकर सबको हैरत में डाल दिया है। निशंक की जगह पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत जो हरिद्वार क्षेत्र में कभी सक्रिय नही रहे, को टिकट देना भाजपा को भारी पड़ सकता है। हालांकि हरिद्वार सीट पर कांग्रेस ने अभी अपने पत्ते नही खोले है, लेकिन यदि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत या फिर जैसा कि चर्चा चल रही है निर्दलीय खानपुर विधायक उमेश कुमार कांग्रेस में शामिल होकर चुनाव लड़ते है तो दोनो ही स्तिथियों में भाजपा के लिए कड़ी टक्कर होगी। जहां तक गढ़वाल सीट का सवाल है वहां भी कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल और भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के बीच इस कदर कांटे की टक्कर रहेगी कि हार जीत के दावे करना मुश्किल है। कांग्रेस ने अल्मोड़ा सीट पर एक बार फिर भाजपा के अजय टम्टा के सामने प्रदीप टम्टा पर दांव खेला है। भाजपा ने अपने सीटिंग सांसद अजय टम्टा को उम्मीदवार बनाया है, वहीं सन 2019 में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे प्रदीप टम्टा को एक बार फिर अपना प्रत्याशी बनाया गया है। प्रदीप टम्टा राज्य बनने के बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में 2002 से सोमेश्वर सीट से विधायक भी रहे है, साथ ही वे अल्मोड़ा से 15वी लोकसभा के कांग्रेस सांसद रहे है, इसके बाद सन 2016 में उन्हें कांग्रेस ने राज्यसभा भेजा था।

पौड़ी सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार गणेश गोदियाल जो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे है, को अपना प्रत्याशी बनाया है। गणेश गोदियाल सन 2002 में कांग्रेस के टिकट पर थली सेंड से और सन 2012 में श्रीनगर सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर विधानसभा पहुंचें थे। इसके साथ-साथ पार्टी हाईकमान ने गणेश गोदियाल को जुलाई 2021 से अप्रैल 2022 तक प्रदेश कांग्रेस के मुखिया की जिम्मेदारी भी दी थी। इसीलिए भाजपा ने पौड़ी सीट पर राज्यसभा सांसद व पार्टी प्रवक्ता रहे अनिल बलूनी को उनके सामने चुनाव मैदान में उतारा हैं।

गढ़वाल से पूर्व विधायक जोत सिंह गुंसोला कांग्रेस के उम्मीदवार है, जहां भाजपा ने अपनी सीटिंग सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह पर एक बार फिर भरोसा जताया है। कांग्रेस ने जोत सिंह गुंसोला को टिकट देकर उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा का ईनाम दिया है। जोत सिंह गुंसोला वर्ष1988 और वर्ष 1997 दो बार मसूरी पालिका परिषद के चेयरमैन रहे है, वहीं कांग्रेस की तरफ से 2002 से 2012 तक दो बार मसूरी विधानसभा से विधायक भी रहे है। गुंसोला वर्तमान में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष पद पर विराजमान है। उत्तराखंड में हर बार की तरह इस बार भी बीजेपी और कांग्रेस के बीच ही कड़ी चुनावी टक्कर देखने को मिलेगी। दोनों पार्टियां राज्य की जनता को लुभाने में जुटी हुई हैं। बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए की सत्तारूढ़ सरकार ने 2014 और 2019 दोनों मेगा चुनावों में सभी 5 लोकसभा सीटें जीतीं थी। बीजेपी लगातार दावा कर रही है कि राज्य की जनता को उनकी पार्टी पर पूरा भरोसा है। वही कांग्रेस ने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में वापसी की दिशा में कई छोटे कदम उठाए, जिसने 18वीं लोकसभा चुनावों में उत्तराखंड को राष्ट्रीय दलों के लिए परीक्षण का मैदान बना दिया है। बीजेपी अभी भी राज्य और केंद्र दोनों में मजबूत स्थिति का दावा कर रही है। उत्तराखंड राज्य में आम चुनाव की चुनाव अवधि पहली तिमाही की होती हैं। हर बार की तरह देखा जाए तो उत्तराखंड के लिए लोकसभा चुनाव कार्यक्रम अप्रैल के महीने में मिल सकता है। छोटा राज्य होने के कारण उत्तराखंड के खाते में बहुत कम संख्या में लोकसभा सीटें हैं, इसलिए राज्य में आम चुनाव एक ही चरण में कराए जाते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी एक बार में ही चुनाव कराने का परिदृश्य होगा, उत्तराखंड एक ही चरण में मतदान कराने के लिए पूरी तरह तैयार भी है। उत्तराखंड में लोकसभा की पांच सीटो में से एक सीट अनुसूचित जाति के लिए अल्मोड़ा आरक्षित है। बीजेपी ने 2014 और 2019 दोनों लोकसभा चुनावों में सभी पांच सीटें जीती थीं। कांग्रेस अपने नवगठित इंडिया गठबंधन की मदद से आगामी मेगा चुनावों में अपनी किस्मत बदलने का प्रयास करेगी, वही भाजपा फिर से पांचों सीटे जीतने का दावा कर रही है। लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड कांग्रेस भले ही प्रदेश की पांचों लोकसभा सीट जीतने का दावा कर रही हो, लेकिन धरातल पर अभी भी नेताओं के बीच एकता का अभाव है। वही प्रदेश कांग्रेस के सक्रिय नेता चुनाव लड़ने से जहां बचते नजर आ रहे हैं वही लगातार दूसरी बार विधानसभा चुनाव बड़े अंतराल से हारने के बाद इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की साख दांव पर लगी है। ऐसे में इस चुनाव के बाद उत्तराखंड में कांग्रेस के वजूद की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। फिलहाल लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राजनीतिक पार्टियां दमखम से तैयारी में जुटी हुई है, ताकि प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों पर काबिज हो सके। चुनावी तैयारी के बीच उत्तराखंड की राजनीति में इन दोनों उथल पुथल भी देखा जा रहा है, एक तरफ भाजपा ने पांचों लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। दूसरी तरफ कांग्रेस के मनीष खंडूड़ी, शैलेंद्र रावत और अशोक वर्मा जैसे कई दिग्गज नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। कांग्रेस अभी भी हरिद्वार व गढ़वाल लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान नहीं कर पाई है। कांग्रेस आलाकमान को प्रत्याशियों के चयन में काफी समय लगना कांग्रेसियों की बेचैनी बढ़ा रहा है। नेताओं द्वारा चुनाव न लड़ने की इच्छा जाहिर करने की एक वजह चुनाव का मंहगा होना भी है।

# कानून बनाने से नहीं होता, समस्याओं और अपराधों पर नियंत्रण

सनत जैन

अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस भारत में भी बड़े जोर शोर के साथ मनाया गया। उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों। उन्हें समय पर न्याय मिले। उपभोक्ता अधिकारों को लेकर कानून भारत में भी प्रचलित है। इस कानून के तहत 90 दिन के अंदर फोरम के लिए शिकायत का निराकरण करना आवश्यक होता है। जिला उपभोक्ता फोरम, स्टेट फोरम और राष्ट्रीय फोरम पर उपभोक्ताओं के मामले सुने जाते हैं। विभिन्न स्तर पर उपभोक्ताओं और कंपनी और तथा सेवा देने वालों के विवाद का निराकरण होता है। कानून में प्रावधान होने के बाद भी जिला उपभोक्ता अदालतों में कई वर्षों तक मामले लटके रहते हैं। राज्य सरकारों द्वारा जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति समय पर नहीं की जाती है। जिसके कारण जिला उपभोक्ता अदालतों में हजारों की संख्या में शिकायतें, कई महीने और वर्षों तक पेंडिंग बनी रहती हैं। उनकी वर्षों सुनवाई ही नहीं हो पाती है। उपभोक्ता फोरम के चक्कर लगाते रहते हैं। उनकी शिकायतों का कोई निराकरण नहीं हो पाता है। उदाहरण के तौर पर मध्य प्रदेश में 30528 शिकायतें जिला उपभोक्ता फोरम में लंबित है। चूंकि समय पर न्याय नहीं मिलता है। छोटे-मोटे मामलों में लोग शिकायत ही नहीं कर रहे हैं। राज्य उपभोक्ता फोरम में लगभग 10001 मामले भोपाल, इंदौर और जबलपुर बेंच में लंबित है। इसमें कई मामले 10 साल से अधिक से आयोग में लंबित हैं। राज्य उपभोक्ता फोरम में मुश्किल से दो या तीन मामलों की ही सुनवाई हो पाती है। बाकी के प्रकरणो मैं तारीख देकर आगे बढ़ा दिया जाता है। लगभग सभी प्रदेशों में उपभोक्ता फोरम की यही हाल है। जिला उपभोक्ता फोरम में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति को लेकर राज्य सरकारें सजग नहीं होती है। महीनों और वर्षों तक फोरम के पद खाली पड़े रहते हैं। उपभोक्ता फोरम में 90 दिन के अंदर शिकायतों पर फैसला करना होता है। फोरम मे 90 दिन में सुनवाई भी शुरू नहीं हो पाती है। इस तरह के कानून से उपभोक्ताओं को लाभ नहीं मिल रहा है। उल्टे फोरम के चक्कर लगाते-लगाते उपभोक्ता न्याय पाने की आशा ही छोड़ देता है। भारत में कानून बनाने में सरकार, चाहे वह केंद्र की हो, या राज्य की सरकार हो। सरकारें कानून बड़ी तेजी के साथ बनाती है। उसके नियम निश्चित रूप से नागरिकों के हितों मे बने होते हैं। भारत की न्याय व्यवस्था और कानून के बारे में बात करें, न्यायालयों से कई वर्षों तक नागरिकों को न्याय नहीं मिल पाता है। जिसके कारण अब लोग तारीख पर तारीख, तारीख पर तारीख से परेशान होकर, न्याय व्यवस्था से परेशान हैं। यौन उत्पीड़न रोकने के लिए सरकार ने काफी कड़े कानून बनाए। कानून बन जाने के बाद ऐसा लग रहा था, कि अब यौन उत्पीड़न के अपराध कम होंगे। जब से कड़े कानून बनाए गए हैं। उसके बाद अपराधों की संख्या घटने के स्थान पर निरंतर बढ़ती जा रही है। कड़े कानून बन जाने के बाद, अब अपराधी यौन अपराध के साथ-साथ अपराध छुपाने के लिए हत्या जैसे अपराध भी करने लगे हैं। खाद्य पदार्थों की मिलावट को रोकने के लिए सरकार ने नियम और कानून बनाए हैं। खाद्य पदार्थों की मिलावट तो कम नहीं हुई। मिलावट की जांच के नाम पर सरकारी तंत्र ने अपनी वसूली जरूर तेज कर दी। महीनों और सालों तक मिलावट के शक में जो सैंपल एकत्रित किए जाते हैं। उनकी जांच ही नहीं हो पाती है। मामले न्यायालयों में पेश किए जाते हैं। जहां पर बड़ी-बड़ी कंपनियां जुमार्ना देकर बच जाती हैं। गरीब गुरबों को जरूर जेल जाना पड़ता है। खाद्य पदार्थों का असंगठित क्षेत्र का रोजगार पूरी तरह से खत्म हो रहा है। वहीं कॉर्पोरेट का व्यवसाय लगातार बढ़ता चला जा रहा है। हाल ही में अमूल दूध और मदर डेयरी के दूध के सैंपल की जांच हुई। दोनों कंपनियों के दूध में मिलावट पाई गई।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या के 12 साल पुराने मामले में तीन लोगों को उम्रकैद

मेरठ जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति की हत्या के जुर्म में तीन लोगों को आजीवन कारावास सजा सुनायी है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कल्पना चौहान की अदालत ने शुक्रवार को खैबर, हुसैन और हसन को दोषी ठहराया और उन्हें उम्रकैद की सजा सुनायी। अदालत ने उनपर 30-30 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। एसएसपी के अनुसार 26 अगस्त 2012 को इन तीनों ने दुश्मनी के कारण शाहरुख को उसके घर से ले जाकर उसकी हत्या कर दी थी और फिर उसके शव को छिपा दिया था। बाद में पुलिस ने शव बरामद किया था। सजवाण ने बताया कि इस घटना के संबध में लिसाडी गेट थाने में मामला दर्ज किया गया था तथा जांच के बाद आरोपपत्र दाखिल किया गया था।

### पुलिस भर्ती परीक्षा मामले में एक डॉक्टर गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने शनिवार को एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया। शनिवार को एसटीएफ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, बिहार के डॉ. शुभम मंडल को एसटीएफ की मेरठ इकाई ने पकड़ा है। बयान में कहा गया, मंडल उस आरोपी गिरोह का हिस्सा था जिसने अहमदाबाद के एक गोदाम में रखे परीक्षा प्रश्नपत्र को लीक किया था। मंडल को मेरठ की एसटीएफ इकाई ने बुलाया था और पूछताछ के बाद उसने उसे गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी पुलिस द्वारा तीन साजिशकताओं की गिरफ्तारी की घोषणा के एक दिन बाद हुई, जो प्रश्नपत्रों की ढुलाई करने वाली कंपनी के पूर्व कर्मचारी थे। तीनों ने कंपनी के कुछ मौजूदा कर्मचारियों के साथ मिलकर फरवरी के पहले सप्ताह में उत्तर प्रदेश भर्ती के प्रश्नपत्र को लीक करने के काम को अंजाम दिया था। पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान पाया गया कि प्रश्न पत्र तब लीक हुआ था जब इसे एक प्रिंटिंग प्रेस से स्ट्रॉन्ग रूम में ले जाया जा रहा था और इसे गुजरात के अहमदाबाद में एक गोदाम में रखा गया था। पुलिस के अनुसार मंडल सरकारी भर्ती परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का हिस्सा था। पुलिस के मुताबिक इस मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या अब 55 हो गयी है। राज्य में 17 और 18 फरवरी को आयोजित कांस्टेबल भर्ती की परीक्षा रद्द करनी पड़ी क्योंकि प्रश्न पत्र लीक हो गया था। दोनों तिथियों पर पूरे उत्तर प्रदेश में 48 लाख से अधिक उम्मीदवार परीक्षा के लिए उपस्थित हुए थे। इस घटना के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने जांच और दोबारा परीक्षा के आदेश दिए थे और बाद में रेणुका मिश्रा को उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। इस मामले में मेरठ में दर्ज प्राथमिकी में मंडल का नाम जोड़ा जाएगा।

### शादी का झांसा दे दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में थाना टीला मोड़ पुलिस ने शुक्रवार रात एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक साल से पीड़िता को झांसा देता रहा और पिछले सप्ताह उसने दूसरी युवती से शादी कर ली। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दी। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पसौंडा में रहने वाले जीशान अब्बासी है, जो मोबाइल रिचार्ज करता है। एक साल पहले पीड़िता आरोपी के पास रिचार्ज कराने आई थी।

# पिछली सरकारों ने कर्फ्यू लगाया जबकि डबल इंजन सरकार ने कांवड़ यात्राएं आयोजित की : योगी

**लखनऊ, एजेंसी**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पिछली सरकारों पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने कर्फ्यू लगाया जबकि डबल इंजन सरकार ने ह्यकांवड़ यात्राएं आयोजित कीं। मुख्यमंत्री ने जिले में 513 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा, हम बिना शिक्षा और स्वास्थ्य पर चर्चा किये विकास की बात कैसे कर सकते हैं। पिछली सरकारों ने भी ऐसा ही किया था। एक अन्य पुलिस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते सात साल में कोई दंगा नहीं हुआ, संगठित अपराध समाप्ति की ओर हैं, सभी बड़े पर्व, त्योहार और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्व के आयोजन सकुशल संपन्न हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अतिविशिष्ट महानुभावों का आगमन और अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भी पूरी भव्यता और उल्लास से साथ संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों की मेहनत और कार्यों का परिणाम है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की पुलिस व्यवस्था दुनिया में एक नजीर बन रही है। ये बातें शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में कर्तव्य को सर्वोपरि मानते हुए अपराध को नियंत्रित करने, कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और सामाजिक सौहार्द की स्थापना करने में सराहनीय भूमिका का निर्वहन किया है। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि डॉ भीमराव अम्बेडकर यूपी पुलिस अकादमी में नागरिक पुलिस के आधारभूत कोर्स 2023-24 के उपरांत 8362 उपनिरीक्षक और प्लाटून कमांडर आज से पुलिस का हिस्सा बनने जा रहे हैं तथा उनमें 1618 महिला पुलिस उपनिरीक्षक भी हैं। इससे पहले एक अन्य कार्यक्रम में विपक्षियों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, उन्होंने व्यापारियों और बेटियों को असुरक्षित कर दिया था। राज्य को चारों ओर से कर्फ्यू और दंगों ने घेर लिया था और युवाओं के सामने पहचान के संकट की समस्या खड़ी हो गई थी। उद्यमियों ने राज्य छोड़ना शुरू कर दिया था। विकास कार्यों में भाई-भतीजावाद का प्रवेश हो गया था और धीरे-धीरे असीमित संभावनाओं वाला इस राज्य की पहचान खो गयी थी। आदित्यनाथ ने कहा, पिछली सरकार ने कर्फ्यू लगाया, हमने कांवर यात्रा शुरू की। उन्होंने कमाई लूटी और हमने युवाओं को रोजगार दिया। हमने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करके 500 वर्षों के इंतजार को भी समाप्त कर दिया है। इससे पहले पुलिस के कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) तिलोत्तमा वर्मा, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, अपर पुलिस महानिदेशक राजीव सभरवाल, विधानपरिषद सदस्य चौधरी भूपेन्द्र सिंह, महापौर मुरादाबाद विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली सिंह, विधायक रितेश गुप्ता, पुलिस अकादमी से जुड़े अधिकारीगण, प्रशिक्षु और अभिभावक मौजूद रहे।

## श्री वेंक्टेश्वरा में किसान सम्मान समारोह एवं किसान स्वास्थ्य संगोष्ठी-2024 का आयोजन



**प्रात : किरण संवाददाता**

अमरोहा/गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय, विम्स मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पीटल एवं वी.जी.आई. मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में वेस्ट यू.पी. के अमरोहा, मेरठ, हापुड़, सम्भल, बिजनौर एवं मुरादाबाद आदि के 322 से अधिक ग्राम प्रधानों एवं प्रगतिशील किसान भाईयों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के प्रमुख सलाहकार पद्मश्री डॉ. भारत भूषण त्यागी ने किसान भाईयों को मौसमी फसलो गन्ना, गेंहू व सरसो को विभिन्न प्रकार की बिमारीयों से बचाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा करते हुए किसानों की आय को दोगुना करने के तरीकों को विस्तार से समझाया। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के डॉ. लालबहादुर शास्त्री केन्द्रीय सभागार में आयोजित वेंक्टेश्वरा किसान सम्मान समारोह एवं किसान स्वास्थ्य संगोष्ठी-2024 का शुभारम्भ वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोड़ा कुलपति डॉ. ए.के. शुक्ला, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव एवं कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया।अपने सम्बोधन मे समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि भारत जैसे दुनियाँ के सबसे शक्तिशाली लोकतांत्रिक देश की पूरी अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है एवं देश का सम्मानित अन्नदाता किसान भाई इसकी अन्तरआत्मा हैं। शिक्षा एवं स्वास्थ्य दोनो आमजनमानस की बुनियादी जरूरतें हैं। हम पश्चिमी यू.पी. के लोगों को अच्छी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विश्वस्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाऐं देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हम आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते है, एवं आपको सम्मानित करते हुए आज हम स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि आदरणीय समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि की दूरदर्शी सोच अन्त्योदय तक स्वास्थ्य सेवाओं को आगे बढ़ाते हुए विम्स हॉस्पिटल ने किसान स्वास्थ्य बीमा की तर्ज पर वेंक्टेश्वरा किसान स्वास्थय कार्ड लॉंच किया है। वेंक्टेश्वरा किसान स्वास्थ्य कार्डधारक सभी किसान भाई विम्स हॉस्पीटल में विभिन्न प्रकार के उपचार, ऑपरेशन एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश में सबसे कम दरो पर विश्वस्तरीय मशीनों एवं अनुभवी चिकित्सकों द्वारा करा सकते है। किसान हेल्थ कार्ड अपना आधार कार्ड दिखाकर संस्थान से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। इसके बाद विभिन्न जनपदों से आये लगभग 382 सम्मानित किसान भाईयों एवं ग्राम प्रधानों को संस्थान प्रबन्धन ने शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्री वेंक्टेश्वरा किसान सम्मान समारोह एवं किसान स्वास्थ्य संगोष्ठी-2024ह्यह्य को वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. बलराज सिंह, निदेशक, कृषि विभाग उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. रामकुमार, जिला कृषि अधिकारी बबलू सिंह, जिला उद्यान अधिकारी प्रवेश कुमार ने भी सम्बोधन किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे, मारूफ चौधरी, अरूण कुमार गोस्वामी, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. आशिया वाहिद, डॉ. माता प्रसाद, डॉ. लक्ष्मीकांत, कौशल कुमार, उदित तिवारी, संजीव पाल, शरद चौधरी, आनन्द नागर, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## राजकीय महाविद्यालय गंगेश्वरी मे नशा मुक्ति अभियान चलाया गया




**प्रात : किरण संवाददाता**

रहरा। राजकीय महाविद्यालय गंगेश्वरी में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति अभियान चलाया। उच्च प्राथमिक विद्यालय रेहरा में चल रहे इस शिविर में स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया है।प्रतिदिन किसी एक सामाजिक बुराई के विरुद्ध स्वयंसेवक मलिन बस्ती रेहरा में संवाद संगोष्ठी एवं रैली आदि के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाते हैं। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल में तथा मलिन बस्ती रेहरा में स्वच्छता अभियान चलाया तत्पश्चात सभी ने मिलकर कार्यक्रम अधिकारी डॉ पूनम शर्मा के नेतृत्व में हम होंगे कामयाब गीत का गायन किया। आज का मुख्य विषय मद्यपान निषेध था। घर-घर जाकर स्वयंसेवकों ने लोगों को नशा न करने का संकल्प दिलाया साथ ही विभिन्न प्रकार के नशों से होने वाली जानलेवा बीमारियों से परिचित कराया! क्षेत्र की महिलाओं को भी यह संकल्प दिलाया गया कि कि वह वह समाज से नशे को दूर करने में अपना पूर्ण योगदान देगी। शिविर के दूसरे सत्र में अर्थशास्त्र अध्यापिका डॉक्टर वंदना भारद्वाज जी ने छात्र-छात्राओं को मद्यपान निषेध विषय पर व्याख्यान दिया तथा साथ ही उन्होंने स्वयंसेवकों को सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए अपनी अहम भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया।डॉक्टर दिलीप कुमार जी ने स्वयंसेवकों के द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को सराहा तथा उन्हें इसी भांति लोकहित कार्य करने के लिए प्रेरित किया।छात्र एवं छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये! इस प्रकार आज के पंचम दिवस के शिविर को सफल बनाने में तोताराम, विजेंद्र कुमारी, धर्मेंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा।

## समाधान दिवस में युवक ने वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में आत्महत्या का प्रयास किया

**बलिया, एजेंसी**

बलिया जिले की बांसडीह तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में अपनी मां के साथ पहुंचे एक युवक ने वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में अपने ऊपर चाकू से प्रहार कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। बाद में उसे घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार बांसडीह तहसील में शनिवार को जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया जहां पिंडहरा गांव का सनोज गोंड (19) अपनी मां के साथ पहुंचा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक समाधान दिवस में मनोज को यह कहते हुये सुना गया कि इस बार इंसाफ नहीं मिला तो वह आत्महत्या कर लेगा। अधिकारी कुछ कहते, उससे पहले ही मनोज ने चाकू निकालकर खुद पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी स्वतंत्र कुमार सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने मनोज को रोका और उसे बांसडीह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक उसे मामूली चोट आई है और उसका इलाज चल रहा है। पुलिस उपाधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि मनोज का भूमि सम्बन्धी विवाद था , जिसका निस्तारण किया जा चुका है लेकिन वह (मनोज) समझौता स्वीकार नहीं कर रहा है। उन्होंने बताया कि मनोज उग्र स्वभाव का है तथा मानसिक रूप से भी असंतुलित है। वह बांसडीह कोतवाली पर भी हंगामा कर चुका है। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने उप जिलाधिकारी और पुलिस उपाधीक्षक को मौके पर जाकर मामले के निस्तारण का निर्देश दिया है।

## आज नो कर्फ्यू-नो दंगा है, क्योंकि यूपी में सब चंगा है : योगी आदित्यनाथ

**रामपुर, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यरनाथ ने शनिवार को कहा कि प्रदेश में 2017 के पहले कर्फ्यू एवं दंगे होते थे जबकि आज यहां नो कर्फ्यू, नो दंगा है, क्योंकि यूपी में सब चंगा है। योगी आदित्यनाथ ने रामपुर के लिए 610 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद यहां महात्मा गांधी स्टेडियम (फिजिकल ग्राउंड) में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सारे पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जा रहे हैं, गुरु पर्व हो या होली, ईद हो या दीपावली-क्रिसमस, सभी खुशहाली से मनाए जा रहे हैं। लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा, हमने सर्किट हाउस का निर्माण कराया है, इसका नाम संत शिरोमणि रविदास जी के नाम पर होगा, जिन्होंने कर्म की साधना को महत्व दिया था। योगी ने कहा, हर कोई अपने तरीके से पर्व-त्योहार मनाने के लिए स्वतंत्र है। यहां सुरक्षा है तो समृद्धि भी है। आज बेटियों एवं व्यापारियों की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा सकता, यदि किसी ने कोशिश की तो यमराज उसे अगले चौराहे पर दबोच डालेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षा और सुविधा भी दे रही है, सरकार जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है और जब ऐसी सरकार होती है तो देश विकास की नई बुलंदियों को छूता हुआ दिखाई देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले किसानों को बिजली नहीं मिलती थी, इस साल किसानों को फ्री नलकूप में सिंचाई के लिए 26 सौ करोड़ रुपये बजट में दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जो नौजवान पहले देश-दुनिया में नौकरी के लिए जाता था, आज उसे प्रदेश में नौकरी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधियों ने जो प्रयास किया, उसका परिणाम है कि रामपुर विकास की नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार रामपुरी चाकू (रामपुर की पहचान) को धार देगी, जो सबकी सुरक्षा के लिए भी काम कर सके और घर में सब्जी भी काट सके। योगी ने कहा, समृद्धि आएगी तो कोई जेब काटने की नौबत नहीं करेगा, हम हर हाथ को कार्य देंगे और रोजगार देंगे, फिर वायलिन के स्वर रामपुर में गूंजते दिखाई देंगे। रामपुर घराना फिर से संगीत के घराने के रूप में पहचान बनाएगी।

## पीएम श्री विद्यालय का उद्घाटन एवं बाल वाटिका का शिलान्यास

**प्रात : किरण संवाददाता**




हसनपुर। पीएम श्री विद्यालय दौलतपुर कलां में भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री अभिनव कौशिक एवं प्रधान अध्यापक प्रदीप भाटी ने प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया( पीएम श्री ) विद्यालय का शनिवार को उद्घाटन एवं बाल वाटिका का शिलान्यास किया।रंगारंग कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक एल,प्रबंध समिति अध्यक्ष ने बच्चों को मिष्ठान खिलाकर प्रवेश कराया छात्राओं द्वारा अनेक शैक्षिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अभिनव कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया ह्लपीएम श्रीह्व कार्यक्रम के तहत विद्यालय 21वीं सदी की आधुनिक शिक्षा के साथ उत्कृष्टता के प्रतीक होंगे। कौशिक ने विश्वास जताया कि पीएम श्री योजना के तहत क्षेत्रीय शिक्षा की क्षमता बढ़ेगी और क्षेत्र के बच्चों को इस पहल से लाभ होगा। उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार, शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना भी की इस बात पर प्रकाश डाला कि राज्य देश मैं शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी तौर पर उभर रहा है।नई शिक्षा नीति में कौशल और प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने और मातृभाषा पर जोर देने का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री पीएम श्री योजना का उद्देश्य छात्रों को ज्ञानात्मक विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान करना और 21वीं साड़ी के प्रमुख कौशल से लैस समग्र और सर्वांगीण व्यक्तियों का निर्माण करना है। विद्यालय के प्रधान अध्यापक एवं ब्लॉक मंत्री प्रदीप भाटी ने संबोधित करते हुए कहा पीएम श्री एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसका लक्ष्य सरकार द्वारा प्रबंधित किए जा रहे चुनिंदा मौजूद विद्यालयों को मजबूत करके देश भर में माडल विद्यालयों विकसित करना है।विद्यालय में बाल वाटिका कार्यक्रम की शुरूआत हुई। बाल वाटिका प्ले स्कूल की तर्ज पर विद्यालय में खोला गया है इसमें 3 से 7 साल के बच्चों का नामांकन होगा। भारत का भविष्य देश के नौ न्यायालय के हाथों में है नन्हे बच्चों की शिक्षा जितनी अच्छी होगी देश का भविष्य भी उतना मजबूत होगा नई शिक्षा नीति में खेल आधारित शिक्षा तथा कौशल आधारित शिक्षा पर जोर दिया गया है। पीएम श्री विद्यालय में स्मार्ट क्लास बाल वाटिका भाषा लैब दिव्यांग शौचालय आईसीटी लब एवं अन्य योजनाओं का क्रियाकलाप शीघ्र पूरा होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निपुण भारत मिशन पर भी जोड़ दिया गया। निपुण भारत मिशन के माध्यम से सक्षम वातावरण का निर्माण किया जाएगा जिसके माध्यम से आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के ज्ञान को छात्रों को दिया जा सके। निपुण योजना के माध्यम से वर्ष 2026-27 तक प्रत्येक बच्चे को तीसरी कक्षा के अंत तक पढ़ने लिखने एवं अंकगणित को समझने की कला आनी चाहिए। इस अवसर पर राकेश शर्मा गुरमीत सिंह संजय कुमार मोनिका रानी कुलदीप प्रधान नीतू भाटी महेंद्र राजेंद्र आदि शिक्षक एवं अभिभावक ,गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रमजान के जुमे को मस्जिदों में देश में खुशहाली की दुआएं कराई गई

**प्रात : किरण संवाददाता**



स्योहारा। रमजान के पहले जुमे को लोगों ने मस्जिदो में नमाज अदा कर मुल्क और कौम तथा सभी इंसानों की तरक्की व खेरो आफियत के लिए दुआ की गई। इस दौरान उलेमाओं ने लोगों से रमजान मुबारक महीने का खास तौर पर एहतमाम और एहतराम करने और कुरान की तिलावत, नमाज और इबादत जिंदगी में हमेशा करने को कहा। शुक्रवार को रमजान के पहले जुमे को नगर की जामा मस्जिद मौलाना इम्तियाज कासमी, हाजी वाली मस्जिद मुफ्ती उबैद जैदी, तकिये वाली कारी हारुन, मियाँ वाली मस्जिद में मुफ्ती असीम, कुरैशियान मस्जिद में हाफि ज शमशाद, माहिगिरान मस्जिद, हाथे वाली मौलाना फैजान, क्लालान मस्जिद, थाने वाली मस्जिद, शाही मस्जिद मौलाना शाहिद, मिरासियान मस्जिद , जना वाली मस्जिद, रहमानिया मस्जिद मुफ्ती मोहम्मद उवैस, के अलावा शहर व आस पास की सभी मस्जिदो में नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना इम्तियाज कासमी द्वारा नमाज के बाद मुल्क की तरक्की, अमनो आमान, बीमारी से तमाम इंसानों की हिफाजत की अल्लाह से दुआ कराई गई। उन्होंने कहा कि रमजान के मुबारक पूरे महीने जैसे सब ने पांचों वक्त की नमाज जमात के साथ अदा की जा रही है वैसे ही साल के बारह महीने अदा करनी है। इस मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चों अनीक जमाल, आबान दानिश, मौ.अनाफ, अनुशा फातमा, जफिया रहमान, जायना रहमान, इनाया रहमान, सफीरा रहमान, आदि ने अल्लाह की बारगाह में दोनों हाथ उठाकर दुआ की।

## सड़क हादसे में जेएस हिंदू पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य समेत दो की मौत

**प्रात : किरण संवाददाता**

अमरोहा। तड़के मॉर्निंग वॉक पर निकले जेएस हिंदू पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र बहादुर बरतरिया को तेज रफ्तार बाइक की चालक ने टक्कर मार दी। बाद में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी। हादसे में डॉ. वीरेंद्र बहादुर बरतरिया (64) और बाइक सवार अशरफ (35) की मौत हो गई। जबकि अशरफ का साथी हैदर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया गया है। मृतक डॉ. वीरेंद्र बहादुर बरतरिया कृष्ण कुंज कॉलोनी के रहने वाले थे। उनके परिवार में पत्नी और बच्चे हैं। रोज की तरह डॉ. वीरेंद्र बहादुर बरतरिया शनिवार की सुबह करीब छह बजे घर से टहलने के लिए निकले थे।जैसे ही वह बंबूगढ़ चौराहे से जोया की तरफ बढ़े, तभी पीछे से आ रही बाइक के चालक ने रौंद दिया। टक्कर लगते ही पूर्व प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र बहादुर अचेत अवस्था में सड़क पर गिर पड़े। जबकि टक्कर मारने के बाद कुछ दूर चलकर बाइक भी अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। जिस पर सवार अमरोहा नगर के मोहल्ला अहमदनगर तकिया हुसैन शाह निवासी अशरफ और हैदर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई। पीआरबी की मदद से तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां डॉक्टरों ने पूर्व प्राचार्य वीरेंद्र बहादुर बरतरिया और अशरफ को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल हैदर को हायर सेंटर रेफर कर दिया। उसकी हालत भी नाजुक बनी हुई है। देहात थानाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामले में मृतक पूर्व प्राचार्य के बेटे शुभम बरतरिया की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में पुलिस कार्यालय में खुद को आग लगाने वाले व्यक्ति की मौत

**शाहजहापुर, एजेंसी**

करीब दस दिन पहले कथित तौर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में खुद को आग लगाने के बाद गंभीर रूप से झुलसे 45 वर्षीय व्यक्ति की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने शनिवार को बताया कि जिले के कांट कस्बे में रहने वाले तारिक अली ने पांच मार्च को कुछ लोगों के उकसाने पर पुलिस कार्यालय में घुसकर खुद को आग लगा ली थी। कुमार ने बताया कि इसके बाद उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां से उसे लखनऊ के केजीएमसी मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया, इलाज के दौरान शुक्रवार शाम तारिक की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि लखनऊ में ही मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उन्होंने शनिवार को बताया कि इस मामले में तारिक को उकसाने वाले सलमान, के. के. दीक्षित के अलावा योगेंद्र यादव को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है, अन्य आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के मुताबिक पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक व्यक्ति ने पांच मार्च को पैरों पर कोई तरल पदार्थ डालकर आग लगा ली थी, हालांकि पुलिस कर्मियों ने तत्काल कम्बल डालकर आग पर काबू पा लिया, जिसके बाद उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज मे भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया था कि कांट कस्बे में तारिक (45) ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपने ऊपर कोई तरल पदार्थ डालकर आग लगा ली जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने आग को बुझाया, इस घटना में पीड़ित के पैर झुलस गए। पुलिस के मुताबिक तारिक का जिले के सदर बाजार थाना क्षेत्र के नगरिया बहाव निवासी उमेश तिवारी से दो छोटी मालवाहक गाड़ियों की बिक्री के बाद लेनदेन का विवाद है। मीणा ने बताया था कि तारिक और उमेश एक दूसरे को जानते हैं और उनके कारोबारी संबंध हैं। उन्होंने कहा था कि तारिक का दो छोटी लोडर गाड़ियों के स्वामित्व को लेकर उमेश तिवारी के साथ न्यायालय में विवाद है तथा दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक तारिक ने बताया था कि उसकी दो छोटी मालवाहक गाड़ियां उमेश तिवारी ने छीन ली हैं, और वह उसकी गाड़ियां वापस नहीं कर रहा है।

## अमेठी जिले में कांग्रेस पार्टी को बीजेपी ने दिया बड़ा झटका

**अमेठी, एजेंसी**

एक तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालकर भारत को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ उनकी पार्टी के ही नेता उनसे टूटते जा रहे हैं, वह अपने ही नेताओं और कार्यकताओं को नहीं जोड़ पा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आज अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर थी। इस दौरान विशेश्वरगंज के काली मैदान में जन समूह को संबोधित करने से पहले अमेठी जिले के कांग्रेस के 14 नेताओं ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया, जिसमें अमेठी संसदीय क्षेत्र के थौरी से राजेश्वर प्रताप सिंह प्रमुख हैं। राजेश्वर प्रताप सिंह उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में 10 वर्षों तक प्रदेश महासचिव के पद पर रह चुके हैं। राजेश्वर सिंह के पिता भी ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य रह चुके हैं। राजेश्वर सिंह ने कहा कि राहुल गांधी अमेठी में 10 लोगों को भी नाम से नहीं जानते हैं। वह भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अमेठी आए लेकिन नेताओं और कार्यक्रमों से दूरी बना कर रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पद पर अग्रसर है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटी, नागरिकता संशोधन कानून का लागू हुआ। जिस पर देश भर से निगाहें टिकी हुई थी, 500 वर्षों बाद भगवान राम लाल टेंट से हटकर अपने भव्य मंदिर में पहुंचे। यही नहीं, पूरे देश के साथ-साथ अमेठी में भी विकास हो रहा है। हम लोग केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी के कार्यों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने सभी कांग्रेसियों को के गले में पटका डालकर बीजेपी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता लेने वालों में पूर्व ब्लाक प्रमुख शुकुल बाजार दद्दन सिंह, रमेश सिंह, संजय सिंह, अनुराग सिंह, अमित सिंह, सत्यम सिंह, कुलवंत सिंह, आलोक सिंह, धर्मवीर मौर्य, अरविंद अग्रहरि, धर्मेंद्र सिंह, रमेश कुमार चौबे और अजय तिवारी प्रमुख रूप से है। इन सभी कांग्रेसी नेताओं में केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। कांग्रेसी नेताओं के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस पार्टी में हड़कंप मचा हुआ है। आज शामिल होने वाले नेताओं ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस पार्टी को संसदीय क्षेत्र के कई स्थानों से बूथ एजेंट भी नहीं मिल पाएंगे।

## आदर्श आचार संहिता का पालन कराते हुए प्रशासन ने उतरवाये होर्डिंग्स एवं बैनर

**प्रात : किरण संवाददाता**



स्योहारा। आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पर पूरे देश मे चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता लागू कर दी है। निष्पक्ष चुनाव कराने के उद्देश्य से प्रशासन ने इसके नियमो का पालन कराने के लिए कार्रवाई शुरू की। इसी क्रम में स्योहारा में आदर्श आचार सहिंता के नियमों का तत्काल प्रभाव से गम्भीरता के साथ धामपुर तहसील प्रशासन, नगर पालिका परिषद एवं थाना स्योहारा पुलिस की सयुंक्त टीम ने पालन कराया। आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन कराने की कार्रवाई करते हुए स्योहारा के नायब तहसीलदार राजकमल सिंह, स्योहारा नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल, स्योहारा थाना प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने अपनी अपनी टीमों के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए पूरे शहर में लगे राजनैतिक पार्टियों से सम्बंधित लोगो के होर्डिंग्स एवं बैनर उतरवाये। इसकी शुरूआत थाना चौराहे से शुरू करते हुए फवारा चौक ,मुरादाबाद रोड ,पेट्रोल पंप चौराहा, मिल चौराहा से होते हुए नया बस स्टैंड स्टेशन रोड तक लगे होर्डिंग एवं बैनर उतरवाने की कार्यवाही की।इस मौके पर लेखपाल विजेंद्र सिंह, लेखपाल विनीत गुर्जर लेखपाल सहायक पिंकी कुमार, वरिष्ठ लिपिक देवेंद्र कुमार, लिपिक मौहम्मद शान, कांस्टेबल हेमंत कुमार , हेड कांस्टेबल विपिन कुमार आदि सहित नगर पालिका परिषद के कर्मचारी गण साथ रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### फगुआ के हवा में काराकाट नगर पर धूल के चादर, श्वांस लेना हुआ दुस्वार

काराकाट (रोहतास):काराकाट नगर पंचायत काराकाट (गोड़ारी) में दिन भर उड़ने वाली धूल के चलते लोगों का जीना मुहाल हो गया है।नगरवासियों को अब अपने नगर में श्वांस लेना भी मुश्किल हो गया है।लोग रोड़ पर उड़ते धूल के कारण कई खतरनाक बीमारियों के चपेट में आ रहे है।डॉक्टरों का कहना है कि लोग धूल के कणों से आस्थमा, आंखों में परेशानी जैसे दर्जनों बीमारियों के चपेट में आ रहे है।जहां सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों और बच्चों को है।उनमें निमोनिया और ब्रानकाइटिस की बीमारी बढ़ रही हैं।अस्थमा के मरीजों का दम घुट रहा है। आम लोगों की आंखों में जलन के साथ पानी बहने की समस्या बढ़ी है।लोग चर्म रोग की चपेट में भी आ रहे हैं।हर रोज इन समस्याओं से पीड़ित मरीज अस्पताल में पहुंच रहे हैं।नगर पंचायत के अधिकारियों की लापरवाही के चलते पूरा काराकाट नगर पंचायत गोडारी धूल के चादर में जीने को मजबूर हैं।नगर में रोड़ निर्माण के लिए की गई खुदाई के बाद अब चारों तरफ सड़कों पर धूल ही धूल उड़ रही है। बावजूद इसके नगर पंचायत के अधिकारी व जनप्रतिनिधि लापरवाह बने हुए हैं। लंबे समय से बनी इस समस्या के चलते अब लोग तेजी से बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

### बूथों का भौतिक सत्यापन, सुविधाओं का लिया जायजा

संझौली(रोहतास)।लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को बीडीओ मोहम्मद सयैद सरफराजूद्दीन व थानाध्यक्ष मुकेश कुमार द्वारा बूथ पर मतदान कर्मियों व मतदाताओं को कोई असुविधा ना हो इसे लेकर करीब आधा दर्जनों बूथों का भौतिक सत्सापन किया और निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। बीडीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव को ले मतदान कर्मियों को बूथ पर किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसे लेकर बूथों का निरीक्षण किया गया।इस क्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाजीतपर, प्राथमिक विद्यालय कोनी, सामुदायिक भवन चवरिया सहित अन्य का निरीक्षण कर पेयजल की व्यवस्था, साफ सफाई, कर्मियों के रहने की व्यवस्था, कुर्सी टेबल इत्यादि की व्यवस्था का जायजा लेकर दिशा निर्देश दिया गया।बीडीओ ने आगे बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी बूथों पर पेयजल की व्यवस्था ठीक-ठाक पाया गया।साथ ही मतदान कर्मियों के रहने की व्यवस्था व विद्यालय में मौजूद कुर्सी टेबल के अलावा अन्य सुविधा दुरुस्त करने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान अधिकांश बूथों पर व्यवस्था ठीक ठाक पाया गया,थोड़ी सी जो भी कमी है उसे चुनाव पूर्व ठीक कर लिया जाएगा।

### काराकाट में नए सीओ ने पदभार संभाला

काराकाट(रोहतास): काराकाट में नए अंचलाधिकारी के रूप में डॉ. रितेश कुमार ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया । निवर्तमान सीओ शशिकांत शुक्ला ने नए सीओ को पदभार सौंपा । काराकाट सीओ शशिकांत शुक्ला ने गत 14 फरवरी को ही काराकाट सीओ का पदभार संभाला था ।उनका ट्रांसफर भागलपुर जिला के बांका सीओ पद पर हुआ है जबकि नए सीओ छातापुर सुपौल से ट्रांसफर होकर आए हैं ।काराकाट प्रखंड में बहुत दिन बाद सीओ मिले थे उसके बाद बहुत जल्द ही यहां से ट्रांफर हो गए ।मगर नए सीओ को पाकर आम जनता को राहत मिली।देखने की बात यह है की जनता के हित में काम होता है या फिर राम भरोसे ही काराकाट प्रखंड चलेगा यह तो समय ही बतायेगा।

### बिहार सरकार में मंत्री बनने पर मुखिया ने दी बधाई

नोखा (रोहतास) रोहतास व कैमूर प्रक्षेत्र एमएलसी संतोष कुमार सिंह के मंत्री बनने पर नोखा प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष दयानंद सिंह बधाई दी। मुखिया ने उनसे मुलाकात उपरांत उन्हें बुके और अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए बताया कि एमएलसी संतोष सिंह के मंत्री बनने के बाद प्रदेश में विकास की बयार बहेगी।

### बसपा प्रत्याशी ने जनसंपर्क अभियान किया तेज

कैमूर।सासाराम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी संतोष कुमार अपने क्षेत्र में दौड़ा तीव्र गति से शुरू कर दिया है।बसपा संस्थापक मान्यवर काशी राम के 90 वां जयंती प्रदेश कार्यालय पटना में मनाने के बाद सैकड़ो समर्थक कैमूर वापस आने पर ग्रामीण क्षेत्रों में एक ही नारा बुलंद कर रहे है काशीराम का सपना पूरा करेंगे बहन अपना। संतोष कुमार मोहनिया विधानसभा क्षेत्र के चौरसिया एवं मोहनिया बाजार में जनसंपर्क अभियान चलाया।उन्होंने क्षेत्र वासियों को बहुजन महापुरुषों के विचारधारा पर चलने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में सासाराम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से विजय होकर केंद्र में बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में सरकार बनाने का संकल्प लिया और मतदाताओं से आव्हान किया कि नीला झंडा हाथी निशान पर बटन दबाकर एनडीए एवं इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के मांग किया।

# भोजपुर के दो बड़े बालू कारोबारियों के आवास पर ईडी की रेड

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भोजपुर जिले के दो बड़े कारोबारियों पर ईडी ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। भोजपुर में बालू के सबसे बड़े कारोबारियों के घर अहले सुबह ईडी की टीम पहुंचकर छापेमारी किया। जिन दोनों बालू कारोबारियों के घर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है वो बिहार के सबसे बड़े बालू कारोबारी के रूप में जाने जाते हैं और इनका बड़े रसुखदार और कई राजनेताओं से भी गहरे संबंध है। केन्द्रीय जांच एजेंसी ईडी की टीम आरा के आनंद नगर मुहल्ला निवासी कृष्ण मोहन सिंह और कोईलवर प्रखंड के धनडीहा गांव निवासी पुंज सिंह के आवास सहित कई जगहों पर एक साथ छापेमारी किया। ये दोनों बड़े बालू कारोबारी बिहार के बड़े बालू कंपनी ब्रॉडसन के पूर्व डायरेक्टर और पार्टनर भी रह चुके है। बालू सिंडिकेट में जुड़े धनबाद के बड़े बालू कारोबारी पुंज सिंह उर्फ पूरण सिंह के घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की।पुंज सिंह उर्फ पूरण सिंह आदित्य मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में डायरेक्ट के पद पर तैनात हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम बालू कारोबारी पुंज कुमार सिंह और कृष्ण मोहन सिंह के कई ठिकानों पर रेड किया है। इसी कड़ी में बिहार के भोजपुर जिले के कोईलवर के धनडीहा स्थित श्रीराम वाटिका में भी ईडी की टीम ने छापेमारी किया तो वहीं नगर थाना क्षेत्र के आंनद नगर मोहल्ले में कृष्ण मोहन सिंह के यहां भी छापेमारी किया गया। सूत्रों की माने तो यह मामला 250 करोड़ से अधिक के राजस्व चोरी का बताया जा रहा है। अब इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम एक्शन में आई है और अलग -अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अहले सुबह शुरू हुई छापेमारी देर शाम तक जारी रही हालांकि छापेमारी में क्या मिला इसकी पुष्टि ईडी की टीम ने नही की। बता दें कि इसी सप्ताह ईडी की टीम ने बड़े बालू कारोबारी और राजद के चतरा लोकसभा के प्रत्याशी सुभाष यादव के घर छापा मारा था जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया गया था।राधाचरण साह उर्फ सेठजी,डॉ अशोक,सुभाष यादव के बाद अब पुंज सिंह और कृष्णमोहन सिंह के घर ईडी ने दबिश दी है।

# जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में आपात बैठक बुलाई गई

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। बिहार प्रदेश कांग्रेस के निदेशांनुसार बूथ लेवल एजेंट बनाने को लेकर भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम जी के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय शहीद भवन आरा में प्रखंड अध्यक्षों की एक आपात बैठक बुलाई गई। वैठक में उपस्थित प्रखण्ड अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए भोजपर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम ने अपील किया कि यथाशीघ्र बूथ लेवल एजेंट बनाकर जिला कांग्रेस किमिटी कार्यालय को जमा करें। जिन-जिन प्रखण्ड अध्यक्षों व नगर अध्यक्षों ने बूथ कमिटी एजेंट बना लिया है वे भी जल्द से जल्द पार्टी कार्यालय में जमा कर दे। साथ ही साथ अपनी-अपनी किमिटी भी जल्द जमा कर दें। अंत मे बैठक में उपस्थित सभी कांग्रेसियों से आग्रह किया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने की स्थिति में जिले एवम प्रखण्ड में लगे सभी वैनर-पोस्टर को स्वतः हटा लिया जाय। बैठक में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम, राकेश त्रिपाठी, नंद जी राम, गोपाल कृष्ण गोखले, अनिल कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, अब्दुल सलाम कुरैशी, रोहित सिंह, सत्य प्रकाश राय, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी डॉ अमित कुमार द्विवेदी, एआसीसी सदस्य डॉ शशि सिंह, अरुण सिंह, नागेंद्र मिश्रा, चितरंजन सिंह, बिहारी सिंह, रविन्द्र तिवारी, सहित दर्जनों कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ज्ञान ज्योति में होली मिलन सह हास्य कवि सम्मेलन की धूम

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। स्थानीय ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय में विद्यालय की वार्षिक परीक्षा के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद आज नन्हे बच्चों के लिए एक विशेष होली मिलन सह बाल हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा एक से कक्षा छः तक के छात्र छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और जमकर होली मिलन किया। विशेष आकर्षण था मटका फोड़ने का कार्यक्रम जिसमें जहां एक ओर कक्षा एक से तीन तक के बच्चों ने एक बार में माखन-मटका फोड़ा वहीं कक्षा चार से छः तक के बच्चों के लिए अलग माखन मटका फोड़ने की व्यवस्था रही।

कार्यक्रम इतना आकर्षक था कि बच्चों के साथ साथ बड़े भी इस कन्हा लीला का आनंद लेने में आगे रहे। नन्हे नन्हे बच्चों द्वारा सुन्दर कविताओं की प्रस्तुति ने प्रांगण में उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का मन मोह लिया। जिन बच्चों ने कविता पाठ किया उनमें नव्या, मान्या, अनन्या,, अक्षत, राजवीर कृष्ण, सिंह, आयुष राज, दर्शिका, प्रखर रूंगटा, आरोही सिंह, ऋषिकेश, अक्षिता, नित्या इत्यादि प्रमुख हैं राधा कृष्ण नृत्य में भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई जिसमें वीरांश वीरकर के साथ पूरी प्री नर्सरी से कक्षा तीन तक के बच्चे और श्रेष्ठ बिजय जैन के साथ कक्षा छः तक के बच्चों ने भाग लिया।

सम्पूर्ण विद्यालय प्रांगण रंगाच्छादित रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ० सीपी जैन ने बच्चों को शुभाशीष दिया तथा सभी बच्चों के साथ होली मिलन और हास्य कवि सम्मेलन का लेने भी लिया। नदेशक डॉ० आदित्य बिजय जैन ने बच्चों के उत्साह को देखते हुए गुलाल और अबीर मय हुए प्रांगण को देख अपना हर्ष व्यक्त किया। सभी कार्यक्रम बड़े ही उल्लासपूर्ण वातावरण में अनुशासनात्मक ढंग से संपन्न हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुति सांस्कृतिक कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर सुश्री जिनवाणी जैन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मंच संचालन शिक्षिका कविता कुमारी ने किया। मंच सज्जा में गुड़िया, दीक्षा, श्वेता, प्राची, शिवानी, शांति श्वेता, रेशमी, संगीता, अनुष्का, आशुतोष दीक्षित, सुशील कुमार सिंह इत्यादि का योगदान रहा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में वाइस प्रिंसिपल डॉ० सर्वेश कुमार, अरिहंत बिजय जैन, सिद्ध बिजय जैन, राकेश कुमार पाठक, नेहा, अमित कुमार वर्मा, बिजय, आनंद, सुनील शर्मा के साथ साथ हरिशंकर, जयप्रकाश, धनन्जय, हेमंती, वीरेंद्र इत्यादि के साथ साथ विद्यालय के सभी शिक्षिकाओं और शिक्षाकेतर सदस्यों का योगदान रहा।

# भोजपुर में जाम से त्राहिमाम

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जिले के आरा-छपरा फोर लेन,पटना-बक्सर फॉर लेन पर बालू लदे ट्रकों के खड़े रहने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिले के कोईलवर में बालू लदे ट्रको से लगने वाले जाम से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कोई फुलफ्रूफ प्लान नहीं बनाए जाने के कारण अक्सर आरा-छपरा हाइवे पर रोजाना घण्टो जाम लग रहा है। इस हाइवे पर लगने वाला जाम का सीधा असर पटना-आरा नेशनल हाइवे यानी फोरलेन हाइवे और सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे पर पड़ रहा है। जिससे रोजाना स्कूल और यात्री वाहनों पर ब्रेक लग रहा है। इस जाम के कारण बस या अन्य वाहनों से पढ़ने जाने वाले बच्चे सही समय से ना स्कूल जा रहे है ना ही समय से घर पहुँच रहे है। वहीं आरा, पटना कोचिंग जाने वाले छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जमालपुर निवासी अमित सिंह ने बताया कि बालू खनन शुरू होते ही आरा-छपरा हाइवे पर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग जाती है। जिस जाम के कारण बस, यात्री, एम्बुलेंस और कई जरूरी वाहन जाम में घण्टो फंसे रहते है। बालू लदे ट्रको को पास कराने वाले एंट्री गिरोह के सदस्य वाहनों को पार कराने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाते है। जो जबरन बालू लोड ट्रको को पहले निकलते है। जिस कारण जाम विकराल हो जाता है। जाम को छुड़ाने में पुलिस के पसीने छूट जाते है। इधर जाम के कारण कोईलवर में सोन नदी पर बने सिक्सलेन पुल के दक्षिणी लेन जाम होने के कारण वाहने रेंगती हुई नजर आ रही है। ट्रक ड्राइवर सुबोध कुमार ने बताया कि हमलोग दो दिनों से लाश की तरह पड़े हुए हैं कोई पूछने वाला नहीं है नेता,मंत्री को निकलना होगा तो वो आराम से निकल जायेंगे हमलोगो का दुःख प्रशासन नहीं समझता है। जो ट्रक ड्राइवर पैसा दे रहा है उसे ओवरटेक करके आगे भेज दिया जा रहा है और हमलोग 24 घंटो से जाम फंसे हुए हैं। इस जाम का जिम्मेदार जिला प्रशासन व बिहार सरकार है इनके कारण ही आये दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है।

# विभिन्न जगहों से 6 लाख रुपये की उत्पाद पुलिस ने शराब किया जब्त



आरा। जिले के पटना-बक्सर फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया टोल प्लाजा से उत्पाद विभाग की टीम ने फोरव्हीलर से शराब लेकर जा रहे दो शराब तस्करों को 4 लाख रुपये के शराब के साथ पकड़ा है ।टीम ने यह कार्रवाई शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर की है। मिली जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी कि एक बोलेरो पर भारी मात्रा में शराब ले जाया जा रहा है।

जिसके बाद कुल्हड़िया स्थित टोल प्लाजा पर दबिश बनाई गई ।इसी क्रम में एक बोलेरो बीआर01एफक्यू9139 टोल प्लाजा पर आकर रुकी। संदेह होने पर जब जांच की गई तो बोलेरो में शराब भरा पाया। इस दौरान बोलेरो पर सवार दो तस्कर भागने लगे जिन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पकड़े गए तस्करों की पहचान कैमूर जिले के रामगढ़ थानाक्षेत्र सदुलापुर के रामजी पांडेय के 23 वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार पाण्डेय और इसी जिले के कुछीला थाना क्षेत्र के मुखराव निवासी ओमप्रकाश सिंह के 25 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार सिंह के रूप में की गई ।पकड़े गए बोलेरो में ऑफिसर चॉइस ब्रांड 180मिली की 1872 पीस शराब लदी थी जो कुल 336.96लीटर थी। जब्त शराब की बाजार कीमत चार लाख रुपये बताई गई है।

# बी.एस.डीएवी. में यू.के.जी.के विद्यार्थियों के सम्मान में 'ग्रेजुएशन सेरेमनी'

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। स्थानीय बी.एस.डीएवी. प.स्कूल में यू.के.जी.के विद्यार्थियों के सम्मान में 'ग्रेजुएशन सेरेमनी' का आयोजन किया गया। समारोह का आरंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। विदित हो कि शैक्षिक सत्र- 2023-2024 के संपन्न होने के साथ हीं विद्यालय के लगभग सत्तर(70) छात्र-छात्राओं ने नर्सरी से यू.के.जी.तक की अपनी आरंभिक त्रिवर्षीय शिक्षा पूरी कर प्राथमिक कक्षा हेतु दक्षता प्राप्त कर ली है। विद्यालय की ओर से इन सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का प्राचार्या द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी उतीर्ण विद्यार्थियों को उनका 'प्रगति पत्रक'(प्रोगरेस रिपोर्ट कार्ड) प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। प्राचार्या ने बच्चों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि, "इस सत्र के संपन्न होने के साथ हीं सभी विद्यार्थी अब प्राथमिक कक्षा में प्रवेश कर चुके हैं। इनका सम्मान करते हुए खुशी हो रही है कि ये बच्चे अब एक ऐसे शैक्षिक चरण में प्रवेश कर रहे हैं जहाँ ये अपनी बहुत- सी शैक्षिक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे। अब ये नये पाठ्यक्रम व नये कौशलों को सीखेंगे। हम इनकी आगे की कक्षाओं के लिए भी एक बेहतर परिवेश उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित हैं। इन्हें बधाई!" समारोह में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। छात्र श्रीराम मिश्रा ने अपने अंग्रेजी वक्तव्य में स्मृतियाँ साझा करते हुए कहा कि जब पहलीबार कक्षा में आया था तो मम्मी के लिए रोते रहता था। ऐसे में मैम मुझे फ्रूट खाने को देती और झूले पर झुलाने ले जाती। अब यह स्कूल घर जैसा लगता है। इसी तरह सात्विक और अनुराग ने भी अपनी कक्षागत स्मृतियों को साझाकर शिक्षिकाओं तथा अभिभावकों को भावुक कर दिया। इन बच्चों ने अपनी वर्ग शिक्षिका किरण कुमारी, नीलम उपाध्याय तथा स्वाति कीर्ति आदि के प्रति सस्नेह कृतज्ञता व्यक्त की।

इस अवसर पर बच्चों द्वारा 'बी. केयरफुल' तथा 'बमबम बोले' जैसे अंग्रेजी-हिंदी गीतों पर बेहद मनोरंजक समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। कुछ बच्चों ने कहानियाँ व कविताएँ भी सुनाई। कार्यक्रम के अंत में 'हम होंगे कामयाब' गीत पर भी बच्चों ने एक सामूहिक भाव नृत्य प्रस्तुत कर अपने आगामी चुनौतियों के प्रति संघर्षरत रहने की प्रतिवद्धता व्यक्त की। समारोह में सबके आकर्षण का केंद्र रहा बच्चों तथा अभिभावकों के लिए बनाया गया 'शेल्फी प्वाइंट' । यहाँ शेल्फी के लिए भीड़ लगी रही। इस अवसर पर बच्चों तथा अभिभावकों की सामूहिक फोटोग्राफी भी हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ शिक्षिका सुनीता द्विवेदी ने की ।

# आरा जंक्शन रेलफैन क्लब की वार्षिक बैठक, रेलफैनिंग को बनाया जायेगा पॉपुलर

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। जंक्शन रेलफैन क्लब की वार्षिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी जिसमें क्लब की नई कार्यकारिणी की घोषणा हुयी साथ ही पिछले वित्तीय वर्ष में भोजपुर जिले में रेल विकास के कार्यो पर मंथन किया गया. रेलफैनिंग विधा के पहलुओं पर तकनीकी चर्चा हुयी. टाटा के लिए ट्रेन दिए जाने पर सांसद आर के सिंह के प्रति आभार प्रगट किया गया साथ ही सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सांसद को एक पत्र भेजा गया जिसमें उन सभी अधूरे कार्यों पर ध्यान आकृष्ट कराया गया जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना था मगर वे लंबित पड़े हैं।

सांसद को भेजे गए पत्र में दिल्ली और हावड़ा के लिए वाया सासाराम सुपरफास्ट ट्रेन, इंदौर तथा पटना तेजस के ठहराव, पूर्वी गुमटी पर अधूरे लाइट ब्रिज, कुल्हड़िया मालगोदाम स्थानांतरित करने तथा आरा में नए पिट और प्लेटफार्म निर्माण पर उनका ध्यान आकृष्ट कराया गया है. क्लब के संयोजक राजेश कुमार ने कहा कि दिल्ली के लिए तीन दिन बक्सर और तीन दिन वाया सासाराम ट्रेन तथा हावड़ा के लिए सुपरफास्ट ट्रेन जरूरी है क्योंकि यहाँ से यात्री संख्या में ये दोनों जगह टॉप पर हैं. दिल्ली के लिए चल रही फेस्टिवल स्पेशल जिस ट्रेन के रेगुलर करने की बात सांसद महोदय ने कही है वह ज्यादा समय लेती है. अरविन्द सिंह ने कहा कि पूर्वी गुमटी पर लाइट ब्रिज का निर्माण रोक दिया गया है और लगभग २५ गांवों की १६ हजार से ज्यादा आबादी प्रभावित है, रोजी रोटी पर असर पड़ा है मगर कोई सुध नहीं ले रहा. इसे ६ महीनों में पूरा किया जाना था मगर तीन साल हो गए. इंदौर एक्सप्रेस का ठहराव बक्सर में हुआ मगर आरा में नहीं होने से गहरी निराशा व्यक्त की गई. मीडिया संयोजक और भोजपुरी आंदोलन से जुड़े रवि प्रकाश सूरज ने कहा कि हाल में कुछ अच्छे काम हुए हैं मगर कुछ काम प्राथमिकता के आधार पर जनता की मांग पर पूरे होने चाहिए थे. अब भोजपुर के प्रवासी जनता का रूख झारखंड नहीं बल्कि दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र हैं जिनके आवागमन का माध्यम रेल है इसलिए यात्री संख्या के आधार पर इन जगहों के लिए ट्रेन खुलनी चाहिए. क्लब के छात्र सेल के संयोजक सोहित सिन्हा ने कहा कि मालगोदाम यथाशीघ्र स्थानांतरित कर यहाँ नए वाशिंग पिट और प्लेटफार्म बन जाने चाहिए थे मगर कुल्हड़िया मालगोदाम की कार्य रफ़्तार बेहद धीमी है. सांसद को पत्र सामाजिक कार्यकर्ता आशुतोष पांडेय के माध्यम से भेजा गया है।

# सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट होली के अवसर सीजन का शुभारंभ हुआ

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। सद्भावना क्रिकेट टूनार्मेंट हर साल होली के शुभ अवसर पर होता है इस साल भी सीजन 11 का शुभारंभ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हमारे गांव के मुखिया चंद्रशेखर सिंह ,प्रवीण सिंह, सुदेश्वर सिंह ,अनिल सिंह, अशोक सिंह,रंजन सिंह, कॉसलेस कुशवाहा, सुनील शर्मा, सिंह , अंशुमन सिंह उर्फ चीकू सिंह,विकाश सिंह, सुरेंद्र सिंह और हमारे देश के चौथे स्तंभ मीडिया के लोग सामूहिक फीता काटकर टूनार्मेंट का शुभारंभ किए। उसके बाद राष्ट्र गान हुआ। जिससे देशभक्ति के प्रति दर्शकों का जोश और जज्बा देखने लायक था। दर्शकों का प्यार और सहयोग भरपूर मिला जिससे शुभारंभ काफी भव्य हुआ।उद्घाटन मैच जहानाबाद और गरहनी के बीच हुआ। गरहनी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए जहानाबाद टीम को आमंत्रित किया। जहानाबाद टीम ने 10 ओवर में 101 रनों का लक्ष्य दिया था जिसमें गड़हनी 81 रन ही बना पाई ,20 रनो से मैच हार गई। मैन ऑफ द मैच के हीरो जहानाबाद के नवीन रहे। दूसरा मैच चकवत और सेमराव के बीच हुआ जिसमें सेमराव ने 107 रनों के लक्ष्य दिया था चकवत टीम को , चकवत की टीम ने 10वे ओवर में 3 विकेट से जीत दर्ज कर लिया। दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच चकवत टीम के जेशु को दिया गया। यह टूनार्मेंट हर साल होली के शुभ अवसर पर होता है इस टूनार्मेंट के मुख्य आयोजक कर्ता सुजीत सिंह (बीएसएफ) हर साल होली के अवसर पर छुट्टी लेकर आते हैं और यह टूनार्मेंट को खिलाते हैं इन्हीं के बदौलत पिछले 10 सालों से चलता आ रहा है गांव के प्रति जिस तरह का निस्वार्थ , समर्पण,प्रेम भरा है इनमे जितनी तारीफ की जाए उतनी कम ।ये सद्भावना क्रिकेट टूनार्मेंट खेलाने का मुख्य उद्देश्य ये है की गांव में आपसी प्रेम,भाईचारा,परंपरा एक सूत्र में पिरोने की एक छोटी पहल इन्होंने शुरू की है ।यह टूनार्मेंट बहुत ही चर्चित हो चुका है इस टूनार्मेंट में काफी दूर-दूर से टीम इस में भाग लेती है और खेलती है आज के मैच के अंपायर मंजीत सिंह और हरीश सिंह और स्कोरिंग का कार्यभार कल्लू ने संभाला। कमेंट्री के भार सुजीत सिंह और अंकित सिंह राजपूत और राजू ने अपने सुरीले आवाजों से दर्शकों को खूब झुमाया। उद्घाटन में उपस्थित दर्शक के रूप में बहादुर सिंह,अजय सिंह,मटुकन सिंह ,दसरथ सिंह,राहुल सिंह,रोहित सिंह,रोहित आर्यन,अजय सिंह,ऋषिराज,राहुल पांडे,बीरबल,सूरज सिंह अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में हनुमान मंदिर में हुई पूजा अर्चना

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) नगर परिषद क्षेत्र के धारूपुर गांव में परम पूज्य जीयर स्वामी महाराज के आगमन होते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिनका भव्य स्वागत व्यापार मंडल,बिक्रमगंज अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह और भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन के नेतृत्व में लोगों ने फूलों की वर्षा से करते हुए जीयर स्वामी से आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि पर भगवान श्री राम का प्राण प्रतिष्ठा हुआ था। उसी दिन के शुभ मुहूर्त में बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय शहर के धारूपुर स्थित श्री राम भक्त हनुमान जी महाराज के मूर्ति को मंदिर में स्थापित कर विधि पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा विद्वान संतु के सानिध्य में की गई थी। वही शनिवार को बिक्रमगंज शहर से गुजरने के क्रम में भाजपा नेता डॉ. मनीष रंजन के आग्रह पर धारूपुर गांव पहुंच जीयर स्वामी महाराज ने हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के साथ आरती किया। अवसर पर भक्तों के बीच प्रसाद वितरण भी किया गया। वही मौके पर कुछ क्षण के लिए प्रवचन करते हुए जीयर स्वामी ने भक्तों के समक्ष उपदेश देते हुए बताया कि मनुष्य धन से नही कर्म से महान बनता है। साथ ही जो मनुष्य आध्यात्मिक उपदेश से अपने को अलग रखता है, वह पशु के समान भी नही होता है। दूसरी तरफ उनके आगमन को लेकर पूरा गांव राममय सहित हनुमान भक्ति में डूबा था। जिस मौके पर डॉ. मनीष रंजन उपस्थित भक्तों के सेवा समर्पण में सामाजिक कार्यकताओं के साथ जुटे थें। अवसर पर भाजपा नेता सुनील सिंह, बलवंत सिंह, अरुण कुमार सिंह, सरोज सिंह, बब सिंह, विरेंद्र तिवारी, मनमोहन तिवारी, जितेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, पूर्व उप सभापति विकास सिंह, अनिल सिंह, अभय सिंह, नंदा पांडे, ललन चौरसिया, अनिल पांडे, विवेक कुमार, शशि भूषण प्रसाद, रंजीत कुमार सहित सैकड़ों भक्त आरती में शामिल थें।

# काराकाट नगर पंचायत के प्रभारी ईओ ने किया पदभार ग्रहण

प्रात: किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास)। नव गठित काराकाट(गोडारी )नगर पंचायत के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में डॉ. रमन कुमार ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि नपं. का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यहां पूर्व से शुरू विकास योजनाओं को पूर्ण करने के साथ आगे की विकास योजनाओं को क्रियान्वयन करना प्राथमिकता में शामिल है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए बेहतर व्यवस्था करने की कोशिश की जायेगी। बता दें कि काराकाट नपं. के नए प्रभारी का पदभार ग्रहण के बाद नगर के उपाध्यक्ष रविश रंजन और वार्ड संख्या आठ के पार्षद प्रतिनिधि संतोष यादव द्वारा उनका फूलमाला से स्वागत किया ।नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत विकास से कोसों दूर है इस लिए प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में डॉ.

# एसडीएम ने हरी झंडी दिखा पोषण व मतदाता जागरूकता रथ को किया रवाना

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) शनिवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर अंतर्गत आईएएस एसडीएम अनिल बसाक व डीसीएलआर संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर पोषण व मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया। जिसकी पूरी तैयारी प्रभारी सीडीपीओ शशि कुमारी, सुपरवाइजर कुसुम कुमारी, निर्मला कुमारी के नेतृत्व में किया गया था। आंगनवाड़ी सेविकाओं के द्वारा अनुमंडल कार्यालय के कैम्पस में पोषण, बाल विवाह व मतदाता जागरूकता से सम्बंधित रंगोली बनाया गया था। जो अपने आप मे एक अजूबा आकर्षण का केंद्र बना रहा। सीडीपीओ शशि कुमारी ने एसडीएम व डीसीएलआर को हरे पौधे प्रदान किए। एसडीएम ने पोषण व मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाने से पूर्व आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा बनाए गए पोषण बाल विवाह मतदाता जागरूकता से संबंधित रंगोली के मनमोहक दृश्य को देख भाव विभोर हुए और सेविकाओं के द्वारा बनाए गए पोषण व मतदाताओं को जागरूक करने व अपने मत का प्रयोग करने वाले आवश्यक दस्तावेजो के सम्बंध में जानकारी से संबंधित रंगोली का काफी सराहना किया और सभी सेविकाओं को पोषण के संबंध में शपथ दिलाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीडीपीओ शशि कुमारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष आईसीडीएस के निदेश पर पोषण माह मनाया जाता है। जिसमे बच्चों , महिलाओं, माताओ का पोषण स्तर एवं स्वास्थ्य में सुधार लाने हेतु आईसीडीएस विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करके पूरे अलग अलग तरह की गतिविधियों का आयोजन करती है तथा लोगो को इस संबंध में जागरूक भी करने का कार्य किया जाता है। आंगनवाड़ी सेविकाओं के द्वारा लोगो को पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए अनुमंडल कार्यालय से रैली निकाल शहर के सभी मुख्य मार्गो में लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से घुमाते हुए प्रखंड मुख्यालय कैम्पस में पहुंच कर इसका समापन किया गया। ।मौके पर पिरामल फाउंडेशन रोहतास प्रोग्राम लीडर कुश कुमार प्रखंड समन्वयक सरोज कुमार, सेविका गीता कुमारी, आशा कुमारी, संगीता कुमारी, गीता कुमारी, देवंती देवी, शकुंतला देवी, ज्योति देवी, आशा देवी, शीला देवी, रेखा देवी, संगीता देवी, रेणु देवी, सुशीला देवी, बैजंती देवी, ममता देवी, सरिता देवी, अमृता देवी, रीता देवी के अलावे अन्य सभी सेविकाएं मौजूद थे।

# संकल्प पत्र सुझाव यात्रा का डेहरी में आगाज



डेहरी (रोहतास) ।नगर के सभी स्थानों पर संकल्प पत्र सुझाव यात्रा का आगाज हुआ । विकसित भारत रथ संकल्प यात्रा नगर के विभिन्न स्थानों पर निकली गई ।इस यात्रा के माध्यम से पिछले एक दशक में भाजपा सरकार द्वारा की गई जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगो को बताया गया व जागरूक किया गया। डेहरी विधान सभा संयोजक अमित पटेल ने बताया की समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हर व्यक्ति को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने के साथ साथ समाज के मुख्य धारा को विकास से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ।इसी उद्देश्य के साथ शहर के प्रत्येक चौक चौराहों पर एलईडी के माध्यम से जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधित करते वीडियो दिखाया गया। उन्होंने कहा की मोदी की गरांटी मतलब गारंटी पूरा होने की गरांटी । वही विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगो के बीच सुझाव पेटी भी रखी गई थी। जिसमे नगर के लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपना अपना सुझाव पत्र डाला ।मौके पर डेहरी के पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण यादव, रोहतास जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी, डेहरी विधान सभा संयोजक अमित पटेल, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता अजय ओझा, डेहरी नगर अध्यक्ष अशोक सोनी, डेहरी नगर उपाध्यक्ष दिग्विजय उपाध्याय, शशि शेखर सिंह, अरुण कुमार, पप्पू, नगर महामंत्री कुंवर सिंह, रवि शंकर राय, डेहरी नगर मीडिया संयोजक विजय पासवान, नगर मीडिया प्रभारी रवि शर्मा, संजय गुप्ता, सुनील कुशवाहा,चंदन चौबे सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

व्यापार

सेंसेक्स
72643.43 पर बंद
निफ्टी
22023.35 पर बंद

सोना
65,545
चांदी
75,670

## संक्षिप्त समाचार

### डालमिया सीमेंट ने रणवीर सिंह को ब्रांड एम्बेसेडर बनाया

**सतना।** घर के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से यानी रूफ कॉलम फाउंडेशन (आरसीएफ) में सीमेंट के सही इस्तेमाल पर ग्राहकों का मार्गदर्शन और सहायता करने की जिम्मेदारी लेते हुए, डालमिया सीमेंट ने एक नई पहल की है। डालमिया सीमेंट अपने नए अभियान आरसीएफ स्ट्रॉन्ग तो घर स्ट्रॉन्ग के साथ अपने ब्रांड फोकस में एक बड़ा बदलाव ला रहा है। नए ग्राहक-केंद्रित संदेश का उद्देश्य घर बनाने वालों और ठेकेदारों के बीच सही सीमेंट चुनने, इसका सही तरीके से इस्तेमाल करने और अपने सपनों का घर बनाने के लिए सबसे बेहतरीन निर्माण प्रणालियों का पालन करने के बारे में जागरूकता पैदा करना है। डालमिया सीमेंट को आरसीएफ एक्सपर्ट के तौर पर प्रस्तुत करने वाले इस अभियान में सुपरस्टार रणवीर सिंह नजर आयेंगे। इसे एक व्यापक मल्टीमीडिया अप्रोच के जरिए लॉन्च किया जाएगा जिसमें सुपरस्टार रणवीर ब्रांड की तकनीकी जानकारी और अनूठी सेवा के संदेश को अधिक प्रभावी तरीके से फैलाने में सहयोग देंगे। इस अभियान को आरसीएफ स्ट्रॉन्ग तो घर स्ट्रॉन्ग के स्लोबन के जरिए आगे बढ़ाया जाएगा। इस पहल पर अपनी बात रखते हुए कंपनी के एमडी और सीईओ श्री पुनीत डालमिया ने कहा, पिछले आठ दशकों की हमारी शानदार यात्रा के दौरान डालमिया सीमेंट हमारे देश को उसकी बुनियाद से बनाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है। कंपनी ने देश में तमाम नेशनल लैंडमार्क बनाने और लाखों लोगों के लिए खुशहाल घर का सपना पूरा करने में अपना अहम योगदान दिया है। व्यक्तिगत तौर पर हम अपने घरों को संजोते हैं जिनका हमारे जीवन में गहरा मूल्य और स्थान होता है। इस प्रकार, सीमेंट और तकनीकी विशेषज्ञता के सही इस्तेमाल के साथ ऐसी पीढ़ीगत संपत्ति का निर्माण न केवल घर की मजबूती सुनिश्चित करता है, बल्कि जीवन भर के निवेश का भी प्रतिनिधित्व करता है।

### नई दिल्ली में प्रथम स्टार्टअप महाकुम्भ में चमक बिखेरेंगे एआई स्टार्टअप्स



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यहां पहली बार लगने जा रहे स्टार्टअप महाकुम्भ में एआई और एआई की अगुवाई वाले स्टार्टअप्स लोगों के बीच आकर्षण का प्रमुख केंद्र होंगे। स्टार्टअप महाकुंभ 18 मार्च 2024 से नई दिल्ली में शुरू होगा। स्टार्टअप महाकुम्भ आयोजन समिति कि सदस्य और रुकम कैपिटल की मैनेजिंग पार्टनर अर्चना जहागिरदार ने कहा, एआई सभी उद्योगों में एक प्रमुख प्रौद्योगिकीय घटक रहा है और डीपटेक, एग्रिटेक, विनिर्माण, फिनटेक एवं अन्य कई क्षेत्रों में काम कर रहे ज्यादातर स्टार्टअप इस स्टार्टअप महाकुम्भ में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, सोमवार से लगने वाला यह स्टार्टअप महाकुम्भ आकार, पैमाना और प्रभाव के लिहाज से अपनी तरह का पहला आयोजन होगा जिसमें भारत और विश्वभर से 1,000 से अधिक भारी संभावनाओं वाले स्टार्टअप्स के हिस्सा लेने की संभावना है। जहागिरदार ने कहा, हमारा मानना है कि एआई आने वाले वर्षों में पासा पलटने वाला साबित होगा और हम सही डीप टेक और एआई स्टार्टअप्स में निवेश कर रहे हैं ।

# तेजी से बढ़ रहा पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल का शेयर

## सालभर में 800 प्रतिशत चढ़ा भाव, अजय देवगन के पास हैं कंपनी के 1 लाख शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के शेयर इन दिनों फोकस में हैं। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 2 प्रतिशत तक चढ़ गए और 902.10 रुपये पर बंद हुए। बता दें कि इस शेयर में तेजी के पीछे पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के बैनर तले बनी फिल्म शैतान का सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन है। फिल्म की कमाई सिर्फ 8 दिन में 80 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। बता दें कि पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल में अजय देवगन की बड़ी हिस्सेदारी है। हाल ही में अजय देवगन के इस कंपनी के 1 लाख शेयर खरीदे हैं।

### 274 रुपये के भाव पर किए गए 1 लाख शेयर अलॉट

बता दें कि देवगन को 274 रुपये प्रत्येक शेयर की कीमत पर 1 लाख शेयर अलॉट



किए गए, जिनकी कुल राशि 2.74 करोड़ रुपये थी। 4 मार्च को कारोबारी समय के अंत तक निवेश तीन गुना बढ़कर हो गया है। देवगन ने पैनोरमा स्टूडियो और इसके निर्माता कुमार मंगत पाठक द्वारा निर्मित कई फिल्मों में काम किया है, जिनमें दिल तो बच्चा है जी, रेड और दृश्यम शामिल हैं। उन्होंने हाल ही में हम्बल मोशन पिक्चर्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ तीन पंजाबी फिल्मों, कैरी ऑन जेटिये, अरदास 3 और मंजे बिस्त्रे 3 के लिए सहयोग किया है।

### क्या है डिटेल

पैनोरमा स्टूडियोज़ ने दृश्यम फ्रैंचाइज़ी के हॉलीवुड रीमेक के लिए गल्फस्ट्रीम पिक्चर्स और फिल्म्स के साथ भी हाथ मिलाया है। चेयरमैन पाठक का टारगेट अगले तीन से पांच सालों में 10 देशों में दृश्यम का निर्माण करना है। यह एक प्रोड्यूसर और टैलेंट मैनेजर दोनों के रूप में देवगन के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों को दर्शाता है।

### शेयरों ने दिए शानदार रिटर्न

पिछले छह महीने में पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के शेयर ने 325 प्रतिशतका रिटर्न दिया है। इस साल ङ्खञ्जष्ठ में अब तक 150 प्रतिशत और सालभर में यह शेयर 800 प्रतिशत तक चढ़ चुका है।

## बदलेगा शेयर खरीदने-बेचने का तरीका, टी+0 सेटलमेंट के बीटा वर्जन को मिली मंजूरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयरों की खरीदारी और बिक्री का तरीका बदलने वाला है। दरअसल, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने टी+0 सेटलमेंट के बीटा वर्जन को लॉन्च करने की मंजूरी दे दी है। सेबी ने कहा कि हितधारकों की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने 25 शेयरों और ब्रोकरेज के लिमिटेड सेट के साथ टी+0 सेटलमेंट के बीटा वर्जन को लॉन्च करने की मंजूरी दी है। सेबी इस कार्यान्वयन की तारीख से तीन महीने और छह महीने के अंत में स्थिति समीक्षा करेगा। इसके बाद आगे फैसला लिया जाएगा। बता दें कि ज्यादातर सिक्योरिटीज अब तक टी+1 सेटलमेंट साइकल पर काम कर रहे थे। 2021 में टी+1 पेश किया गया और इसे चरणों में लागू किया गया, अंतिम चरण जनवरी 2023 में पूरा हुआ। टी+0 सेटलमेंट साइकल अब टी+1 चक्र के साथ एक विकल्प के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। इस कदम से बाजार में लिक्विडिटी बढ़ सकती है और जोखिम कम हो सकता है।

### कैसे होगा काम

टी+0 सेटलमेंट के तहत खरीदार को उसी दिन शेयर अलॉटमेंट और बेचने वालों को उसी दिन फंड मिल जाएगा जिस दिन खरीदारी की गई होगी। मान लीजिए कि आपने सोमवार के दिन शेयर बेच रहे हैं तो टी+0 के अनुसार सेटलमेंट पर उसी दिन यानी सोमवार को ही शेयरों के पैसे आपके अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएंगे। वहीं आपने शेयर खरीदे हैं तो ये शेयर भी सोमवार को ही आपके डीमैट अकाउंट में क्रेडिट हो जाएंगे। यही नियम टी+1, टी+2 और टी+3 सेटलमेंट में भी लागू होता है। वहीं, साप्ताहिक अवकाश को नहीं गिना जाता है।

### विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को राहत

सेबी ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और प्रारंभिक शेयर बिक्री यानी आईपीओ के माध्यम से पैसे जुटाने की चाहत रखने वाली इकाइयों को छूट देना शामिल है। सेबी ने कहा कि इक्विटी शेयर के सार्वजनिक/राइट्स इश्यू में एक प्रतिशत सिक्योरिटी डिपॉजिट की जरूरत को खत्म करने और अप्रत्याशित घटना के कारण ऑफर समापन तिथि के विस्तार को लचीलापन बनाने का निर्णय लिया गया है। ये उपाय आईपीओ और धन जुटाने के लिए आने वाली कंपनियों के वास्ते व्यापार करना सुगम बनाने के प्रयासों का हिस्सा हैं।

## ईवी बस निर्माता ओलेट्रा ग्रीनटेकने भी खरीदे इलेक्टोरल बॉन्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईवी बस निर्माता ओलेट्रा ग्रीनटेक के शेयर 15 मार्च को 5 प्रतिशत गिर गए और 1686.50 रुपये के इंट्रा डे लो पर पहुंच गए। कंपनी के शेयरों में यह गिरावट एक खबर के बाद आई है। दरअसल, चुनाव आयोग के दस्तावेजों से पता चला कि इसकी होल्डिंग कंपनी, मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड चुनावी बांड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार थी। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय समय सीमा से एक दिन पहले 14 मार्च को चुनावी बांड पर डेटा अपनी वेबसाइट पर डाल दिया। स्ब्धद्धरु ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदे। हैदराबाद की कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) ने अप्रैल 2023 में 140 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे। इसके अगले महीने ही कंपनी ने महाराष्ट्र सरकार की नोडल एजेंसी एमएमआरडीए द्वारा लगाई गई बोली में एलएंडटी को पछाड़कर ठाणे से बोरीवली परियोजना के लिए 14,400 करोड़ रुपये का ऑर्डर हासिल किया। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मंगलवार शाम को चुनाव आयोग को उन संस्थाओं का विवरण सौंपा, जिन्होंने अब समाप्त हो चुके चुनावी बांड खरीदे थे और राजनीतिक दलों ने उन्हें प्राप्त किया था। एसबीआई ने 2018 में योजना की शुरुआत के बाद से 30 किश्तों में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बांड जारी किए हैं। 15 मार्च को 12 बजे, बीएसई पर ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक के शेयर 5 प्रतिशत गिरकर 1,701 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। स्टॉक एक सप्ताह में 11 प्रतिशत गिर रहा है और दिसंबर 2022 के बाद से अपने सबसे खराब साप्ताहिक प्रदर्शन की ओर अग्रसर है। पिछले एक महीने में स्टॉक में 15 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस बीच, 15 मार्च को ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक का प्रतिस्पर्धी जेबीएम ऑटो 0.7 प्रतिशत बढ़कर 1,880 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

## अडानी ग्रुप के खिलाफ अमेरिका में शुरू हुई जांच!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी के अडानी ग्रुप के खिलाफ अमेरिका में जांच की जा रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, ये जांच रिश्वतखोरी के एक आरोप को लेकर शुरू की गई है। ये पूरा मामला एक एनर्जी प्रोजेक्ट से जुड़ा बताया जा रहा है। अधिकारी ये पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि अडानी समूह या इससे जुड़े लोगों ने क्या भारतीय अधिकारियों को एक एनर्जी प्रोजेक्ट में मन मुताबिक, काम करवाने के लिए रिश्वत देने में तो नहीं शामिल थे? इस जांच के दायरे में भारतीय रिन्युएबल एनर्जी कंपनी, अजोर पावर ग्लोबल लिमिटेड भी शामिल है। इससे पहले बीते वर्ष अमेरिका की एक शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडानी ग्रुप के खिलाफ एक रिसर्च पेपर जारी किया था। इसमें अडानी समूह को काफी नुकसान झेलना पड़ा था। हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडानी समूह पर अपने स्टॉक्स के प्राइस के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। हालांकि अडानी समूह ने हिंडनबर्ग की इस रिपोर्ट का सिरे से खारिज कर दिया था।

इस मामले में अडानी ग्रुप का कहना है कि वह भारत और ग्लोबल लेवल पर भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों का पालन करते हैं। ग्रुप को अपने चेयरमैन के खिलाफ किसी भी जांच की जानकारी नहीं है। इससे पहले भी अमेरिका की एक शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडानी ग्रुप पर कई आरोप लगाए थे। जिसका ग्रुप ने खंडन किया था। अडानी ग्रुप और एजूर दोनों भारत के नवीकरणीय ऊर्जा उद्योग में प्रमुख प्रतिस्पर्धी हैं और उन्होंने सौर परियोजनाओं के लिए अनुबंध हासिल किए हैं।

### पिछले वर्ष लगे थे आरोप

पिछले साल अवैध भुगतान के आरोपों के बीच समस्याओं का सामना करना पड़ा था और उसे न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज से हटा दिया गया। गौतम अडानी ने हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों सहित सभी पिछले आरोपों से इनकार किया है, उन्हें दुर्भावनापूर्ण और झूठी कहानियां करार दिया है। इसके समानांतर, भारत अडानी ग्रुप की अपनी जांच कर रहा है, जिसमें देश की शीर्ष अदालत ने नियामक जांच को तेजी से पूरा करने का आदेश दिया है।

## 1600 के पार जाएगा आजाद इंजीनियरिंग का शेयर

### एक्सपर्ट बोले- खरीदो, सचिन तेंदुलकर के पास भी हैं 4.5 लाख शेयर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आजाद इंजीनियरिंग लिमिटेड के शेयर लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर पर मार्केट एक्सपर्ट बुलिश नजर आ रहे हैं और इसे खरीदने की सलाह दे रहे हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक, जल्द ही यह शेयर 1600 रुपये के पार पहुंच सकते हैं। बता दें कि वर्तमान में आजाद इंजीनियरिंग लिमिटेड के शेयर 1,212 पर हैं। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने आजाद इंजीनियरिंग को 1600 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ खरीदने की सलाह दी है। बता दें कि इस कंपनी के शेयर में दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर समेत कई प्लेयर्स का दांव है। आजाद इंजीनियरिंग ने कई बड़ी डील की हैं। आजाद इंजीनियरिंग ने ऑयल एंड गैस कंपनी बेकर ह्यूजेस ने और पांच साल के स्ट्रैटेजिक सप्लाई एग्रीमेंट जीनियरिंग के साथ किया गया यह लॉन्ग टर्म कॉन्ट्रैक्ट है। इस ऑर्डर में ऑयल फील्ड सर्विसेज के लिए मीडियम-टू-हाई कॉम्प्लेक्स प्रिसिशन मशीन्ड कंपोनेंट्स की सप्लाई की जानी है। इससे पहले इसने तेल और गैस सेक्टर के लिए कंपोनेंट्स की सप्लाई के लिए नुओवो पिग्नोन एसआरएल के साथ एक समझौता किया था। इसके अलावा कंपनी ने हाल ही में रॉल्स रॉयस के साथ भी डील की है। बता दें कि आज़ाद इंजीनियरिंग को दिसंबर 2023 में नेट प्रॉफिट तीन गुना से अधिक हो गया और यह 16.8 करोड़ रुपये पर आ गया। हैदराबाद स्थित कंपनी ने एक साल पहले इसी तिमाही में 3.83 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू साल-दर-साल आधार पर 49 प्रतिशत बढ़कर 89.23 करोड़ रुपये हो गया। सालभर पहले कंपनी का रेवेन्यू 68.8 करोड़ रुपये था। आज़ाद इंजीनियरिंग ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीने के लिए 43.65 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। कंपनी ने एक साल पहले की अवधि में 6.35 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा कमाया था।

बता दें कि आजाद इंजीनियरिंग के शेयरों को दिसंबर 2023 में बीएसई और एनएसई पर लिस्ट किया गया था। स्टॉक ने शेयर बाजार में अच्छी शुरुआत की थी। एनएसई पर इसके शेयर 720 रुपये प्रति शेयर पर लिस्ट हुए थे। यह 524 रुपये प्रति शेयर के प्राइस बैंड से 37.40

## निहार शांति पाठशाला फनवाला लैंग्वेज लर्निंग प्रोग्राम ने मध्य प्रदेश में 6 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स की जिंदगी बदली

**भोपाल।** एक देश के रूप में, हमने शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें ग्रामीण भारत भी शामिल है। शिक्षा किसी भी समाज में प्रगति का प्रमुख अभिप्रेरक है और इस उद्देश्य को साझा करने वाले एक ब्रांड के रूप में, निहार नैचुरल्स शांति बादाम आंवला ने शिक्षा कौशल को योगदान करने के एक तरीके के रूप में पहचाना है। शिक्षा के माध्यम से प्रगति को बढ़ावा देने के ब्रांड के उद्देश्य के बारे में बताते हुये, सोमाश्री बोस अवस्थी, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, मैरिको लिमिटेड ने कहा, ''निहार नैचुरल्स शांति बादाम आंवला हेयर ऑयल ने ब्रांड के उद्देश्य को पहचानने वाले ग्राहकों के साथ जो जुड़ाव बनाया है, उस पर हमें बहुत गर्व है। वर्ष 2019 में, निहार शांति पाठशाला फनवाला की शुरूआत ग्रामीण क्षेत्रों में स्टूडेंट्स के बीच पढ़ने एवं समझने की काबिलियित को विकसित करने के प्रारंभिक उद्देश्य के साथ की गई थी। हमने अपने अनूठे इंग्लिश लिट्रेसी प्रोग्राम की पेशकश के साथ इस उद्देश्य को पूरा किया। यह शिक्षकों को एक ऐसी भाषा में साक्षरता को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है, जो उच्च शिक्षा के बेहतर अवसरों के द्वार खोलती है। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों पर इसके प्रभाव को देखना वाकई में संतोषप्रद रहा है। अकेले 2023 में, ब्रांड ने 1.4 लाख सरकारी स्कूलों के साथ साझेदारी की और 2 लाख शिक्षकों को सफलतापूर्वक शिक्षित किया। इस तरह इससे भारत के हिंदी भाषी राज्यों के 142 जिलों में 10 लाख से ज्यादा विद्यार्थी सकारात्मक रूप से प्रभावित हुये हैं।

### बदलेगा शेयर खरीदने-बेचने का तरीका, टी+0 सेटलमेंट के बीटा वर्जन को मिली मंजूरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयरों की खरीदारी और बिक्री का तरीका बदलने वाला है। दरअसल, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने टी+0 सेटलमेंट के बीटा वर्जन को लॉन्च करने की मंजूरी दे दी है। सेबी ने कहा कि हितधारकों की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने 25 शेयरों और ब्रोकरेज के लिमिटेड सेट के साथ टी+0 सेटलमेंट के बीटा वर्जन को लॉन्च करने की मंजूरी दी है। सेबी इस कार्यान्वयन की तारीख से तीन महीने और छह महीने के अंत में स्थिति समीक्षा करेगा। इसके बाद आगे फैसला लिया जाएगा।

## एवरेस्ट इंस्ट्रूमेंट्स ने तीन क्रांतिकारी डेयरी सोल्यूशन्स लॉन्च किए

### अहमदाबाद स्थित कंपनी ने भारत का पहला एफटीआईआर-आधारित दूध विश्लेषक, गैस क्रोमैटोग्राफी मशीन और सोमैटिक सेल

**अहमदाबाद, एजेंसी।** डेयरी और खाद्य परीक्षण सोल्यूशन्स में इनोवेशन के लिए विख्यात कंपनी एवरेस्ट इंस्ट्रूमेंट्स ने तीन क्रांतिकारी उत्पाद लॉन्च किए हैं। लॉन्च किए गए उत्पादों में भारत में पहला एफटीआइआर-आधारित यामा दूध विश्लेषक भी शामिल है। यामा मिल्क एनालाइजर भारत में डिजाइन किया गया पहला फूरियर ट्रांसफॉर्म इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी एनालाइजर है, जो कच्चे दूध की संरचना का तेजी से और सटीक विश्लेषण प्रदान करता है। यह उपकरण दूध में वसा, एसएनएफ और प्रोटीन सामग्री निर्धारित करने और केवल 30 सेकंड के भीतर सामान्य मिलावट का पता लगाने में सक्षम है। इस विश्लेषक की विशेषताओं के कारण यह ग्रामीण स्तर के दूध भंडारण और थोक दूध शीत केंद्रों में क्रांति ला देगा। इस उत्पाद को बाजार में लाने से इसका आयात भी कम करना होगा क्योंकि फिलहाल इसका ज्यादातर आयात किया जाता है।

एक अन्य प्रमुख उत्पाद मिल्क फैट फैटी एसिड और ट्राइग्लिसराइड्स (एवरेस्ट जीसी4500) के लिए गैस क्रोमैटोग्राफी है,



जो दूध, दूध उत्पादों और घी की गुणवत्ता को मापने के लिए महत्वपूर्ण फैटी एसिड और ट्राइग्लिसराइड्स की विस्तृत प्रोफाइलिंग प्रदान करता है। यह उपकरण पोषण मूल्य के सही मापन तथा ओथेन्टीसिटी के कारण डेयरी क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा।

वर्तमान में, फैटी एसिड विश्लेषण और ट्राइग्लिसराइड्स विश्लेषण के लिए दूध वसा के जीसी विश्लेषण के लिए अलग गैस क्रोमैटोग्राफी मशीनों का उपयोग किया जाता है। एवरेस्ट इंस्ट्रूमेंट्स ने एक ऐसी मशीन विकसित की है जो फैटी एसिड और ट्राइग्लिसराइड्स दोनों का विश्लेषण करती है। इससे मशीनों, सहायक उपकरण, इंस्टॉलेशन और स्पेयर की लागत कम हो जाएगी। इन उत्पादों को हाल ही में हैदराबाद में 50वें डेयरी उद्योग सम्मेलन में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष मिनेश शाह द्वारा लॉन्च किया गया था। एवरेस्ट इंस्ट्रूमेंट्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, अजीत पटेल ने कहा, हम दृढ़ता से मानते हैं कि इन नवाचारों में न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर डेयरी उद्योग में क्रांति लाने की क्षमता है। ये नए लॉन्च किए गए उत्पाद वैश्विक लाभ लाएंगे और हम स्पष्ट रूप से इस सफलता को दुनिया भर के उपभोक्ताओं के लिए दूध की गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा में सुधार करते हुए देखते हैं। इस उपकरण का लॉन्च हमारे लिए एक बड़ा मील का पत्थर है क्योंकि हम डेयरी उद्योग में अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। एवरेस्ट इंस्ट्रूमेंट्स के संयुक्त प्रबंध निदेशक, परिमल पटेल ने कहा, हमारे नए उत्पादों से भारतीय डेयरी उद्योग और डेयरी किसानों को काफी फायदा होगा। हम अपने ग्राहकों को पिछले 25 वर्षों से हम पर उनके अटूट विश्वास के लिए धन्यवाद देते हैं। हम डेयरी उद्योग के लिए सर्वोत्तम उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और नवाचार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एवरेस्ट इंस्ट्रूमेंट्स द्वारा लोन्च किया गया तीसरा अभूतपूर्व उत्पाद सोमैटिक सेल एनालाइज़र है, जो कच्चे दूध में सोमैटिक कोशिकाओं का पता लगाने और उनकी गिनती करने के लिए एक अत्याधुनिक समाधान है ।

## आईआईटी मद्रास ने विज्ञान को स्थानीय भाषाओं में लोकप्रिय बनाने की अपनी पहल जारी रखते हुए 2026 तक 50,000 सरकारी स्कूलों तक पहुंचने का लक्ष्य बनाया

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) की एक खास पहल है सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए स्थानीय भाषाओं में विज्ञान को लोकप्रिय बनाना और बच्चों को करियर का मार्गदर्शन देना।इस पहल को जारी रखते हुए संस्थान ने 2026 तक 7 राज्यों के अन्य 50,000 सरकारी स्कूलों के छात्रों तक पहुंचने का लक्ष्य सामने रखा है।

छात्रों से संपर्क के इस अभियान का लाभ निःशुल्क दिया जा रहा है।मकसद उन्हें एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।संस्थान अब तक तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, उत्तरप्रदेश और पश्चिम बंगाल के 9,193 ग्रामीण और सरकारी स्कूलों में 3,20,702 किताबें वितरित कर चुका है। प्रोफेसर वी. श्रीनिवास चक्रवर्ती, जैव प्रौद्योगिकी विभाग,



भूपत और ज्योति मेहता स्कूल ऑफ बायोसाइंसेज, आईआईटी मद्रास इस पहल के कॉर्डिनेटर हैं।प्रोफेसर श्रीनिवास चक्रवर्ती ने खासकर हाईस्कूल के बच्चों में विज्ञान की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए लगभग 70 पुस्तकों का तेलुगु में लेखन/अनुवाद किया है।

इस तरह की पहल की अहमियत बताते हुए प्रोफेसर वी. श्रीनिवास चक्रवर्ती, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भूपत और ज्योति मेहता स्कूल ऑफ बायोसाइंसेज, आईआईटी मद्रास ने कहा, ''लोकप्रिय विज्ञान जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल भाषा में अधिक से अधिक लोगों के समझने योग्य बनाने में एक पुल का काम करता है ।इस तरह जिन लोगों ने विज्ञान की पढ़ाई नहीं की है वे भी वैज्ञानिक खोजों की खूबसूरती और अहमियत समझ पाते हैं और फिर उसका आनंद लेते हैं।'' प्रोफेसर वी. श्रीनिवास चक्रवर्ती ने कहा, हम सहर्ष यह बताना चाहते हैं कि हम अब तक 9,193 ग्रामीण और सरकारी स्कूलों से संपर्क जोड़ने में सफल रहे हैं और छात्रों को 3,20,702 किताबें वितरित कर चुके हैं।वर्तमान में हम तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और उत्तरप्रदेश के ऐसे स्कूलों तक पहुंचे हैं।

# महिला प्रीमियर लीग की विजेता पर होगी पैसों की बरसात, मिलेगी रणजी चैंपियन से भी बड़ी राशि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 17 मार्च यानी रविवार को दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग 2024 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमें पूरे सीजन जबरदस्त फॉर्म में दिखी। दिल्ली ने पिछले सीजन की तरह इस सीजन भी शानदार क्रिकेट खेला और लगातार दूसरी बार फाइनल में आ गई। हालांकि इस बार उनकी नजरें अब ट्रॉफी पर होंगी। आरसीबी का सीजन पिछले साल काफी खराब गया था। लेकिन इस बार उन्होंने शानदार कमबैक किया और आरसीबी भी अपनी पहली डब्ल्यूपीएल की ट्रॉफी को जीतने के लिए कुछ भी करने को तैयार होगी। ऐसे में दोनों टीमों के बीच गजब का फाइनल होने की पूरी उम्मीद है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जो टीम इस साल महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतेगी। तो उसे कितनी प्राइज मनी मिलेगी? नहीं तो आइये आपको बताते हैं।




### डब्ल्यूपीएल 2024 जीतने पर टीम को मिलेगी कितनी प्राइज मनी?

महिला प्रीमियर लीग 2023 में जब मुंबई इंडियंस चैंपियन बनी थी। तो उन्हें खिताब जीतने के लिए 6 करोड़ रुपये मिले थे। वहीं रनर्स अप दिल्ली कैपिटल्स को 3 करोड़ की प्राइज मनी मिली थी। हालांकि अभी तक तो बीसीसीआई ने महिला प्रीमियर लीग की प्राइज मनी को लेकर कोई अपडेट नहीं दिया है। तो ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इस बार भी डब्ल्यूपीएल जीतने वाली टीम को 6 करोड़ की प्राइज मनी मिलेगी जबकि रनर्स अप को 3 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

### फाइनल के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं-

- **दिल्ली कैपिटल्स**– मेग लैनिंग (कप्तान), तानिया भाटिया, जेमिमा, रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, एलिस कैप्सी, मारिजान कैप, शिखा पांडे, एनाबेल सदरलैंड, जेस जॉनासन, मिन्नु मणी, पूनम यादव, अरुणदति रेड्डी, तितास साधु, राधा यादव, अश्वनी कुमारी, अपरना मोंडाल, स्नेहा दीप्ती।
- **रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर**– स्मृति मंधाना (कप्तान), ऋचा घोष, दिशा कसत, मेघाना, इंद्रानी रॉय, शुभा सतीश, सिमरन भादुर, नदीन डे क्लर्क, सॉफी डिवाइन, श्रेयंका पाटिल, एलिस पैरी, एक्ता बिष्ट, केट क्रॉस, सॉफी मोलीन्यूक्स, रेणुका ठाकुर सिंह, जियोर्जिया, श्रद्धा पोखारकर, आशा सोभाना।

पूर्व क्रिकेटर श्रीकांत का दावा

# विराट कोहली के बिना भारत टी20 विश्व कप नहीं जीत सकता



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** चर्चाएं हैं कि विराट कोहली को आगामी टी20 विश्व कप के दौरान टीम इंडिया में नहीं चुना जाएगा। आशंका है कि बीसीसीआई अब युवा प्लेयरों पर भरोसा जता रही है जोकि विंडीज और यूएसए में होने वाले विश्व कप में बढ़िया प्रदर्शन करने का दावा करते नजर आ रहे हैं। लेकिन इसी बीच पूर्व क्रिकेटर और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष क्रिस श्रीकांत ने कहा है कि विराट के बिना टीम इंडिया के लिए टी20 विश्व कप जीतना मुश्किल है।

श्रीकांत ने कहा कि इस बात की कोई संभावना नहीं है कि विराट कोहली टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगे। उसे टीम में रहना होगा। वह हमें 2022 में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ले गए और वनडे विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। इन आलोचकों और अफवाह फैलाने वालों के पास कोई काम नहीं है। इस रिपोर्ट का आधार क्या है? अगर भारत को टी20 विश्व कप जीतना है तो विराट कोहली जरूरी हैं।

बता दें कि कोहली की टी20 फॉर्मेट में फॉर्म पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। हालांकि उन्होंने विश्व कप के पिछले संस्करण में जोकि ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, में 6 मैच खेलकर 296 रन बनाए थे, लेकिन उनका पिछले 2 सालों में कम टी20 मुकाबले खेलना भी बड़ी अड़चन है। वहीं, खबर है कि बीसीसीआई प्रबंधन भी अब कोहली पर जोर नहीं डालना चाहता। कोहली फिलहाल पेरेंट्स लीव पर हैं। उनके कुछ दिनों में ही आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी बेंगलुरु के साथ जोड़ने की खबर है। टी20 विश्व कप की बात की जाए तो यह जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।

## लोकसभा चुनाव के चलते दुबई में ट्रांसफर हो सकता है आईपीएल, इस फैसले ने दिया ईशारा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन को भारत में अप्रैल और मई के महीनों में होने वाले भारतीय आम चुनावों के कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में ट्रांसफर किया जा सकता है। वैसे भी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक टूर्नामेंट के पहले 21 मैचों का शेड्यूल ही घोषित किया है। बताया जा रहा है कि अभी बीसीसीआई अधिकारी आईपीएल 2024 के दूसरे भाग को यूएई में स्थानांतरित करने की संभावना तलाशने के लिए दुबई में हैं। रिपोर्ट सामने आ रही है कि आईपीएल टीमों ने खिलाड़ियों को अपने पासपोर्ट जमा करने के लिए कहा है। यह सीधा संकेत देता है कि वीजा संबंधी कार्यों के चलते ऐसा किया जा सकता है। बीसीसीआई फिलहाल आम चुनावों की तारीख को देख रहा है। अगर शैड्यूल फिट नहीं बैठेगा तो आईपीएल यूएई में ट्रांसफर किया जाएगा। इससे पहले 2009 में लोकसभा चुनावों के कारण पूरा आईपीएल दक्षिण अफ्रीका में करवाया गया था। ऐसी ही स्थिति 2019 में बनी थी तब टूर्नामेंट का पहला भाग यूएई में करवाया गया था। यही नहीं, साल 2020 में पूरा आईपीएल कोविड के कारण संयुक्त अरब अमीरात में करवाया गया था। 2021 आईपीएल का दूसरा भाग भी ऐसा ही हुआ। कोविड हटा तो साल 2023 में पूरा आईपीएल भारतीय सरजमीं पर ही करवाया गया। बहरहाल, टूर्नामेंट का पहला मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 22 मार्च को चेन्नई में खेला जाएगा। बीसीसीआई ने फिलहाल 7 अप्रैल तक के कार्यक्रम की घोषणा की है, जिसमें सभी टीमें कम से कम चार मैच खेलेंगी और कुछ को पांच मैच भी खेलने होंगे।

## पेरिस ओलंपिक में प्रदर्शन में निरंतरता होगी सफलता की कुंजी : पी आर श्रीजेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बरसों बाद भारतीय पुरूष हॉकी टीम ओलंपिक में पदक विजेता के रूप में उतरेगी और अपेक्षाओं के दबाव को ऊर्जा का स्रोत मानने वाले अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने कहा कि टीम का फोकस प्रदर्शन में निरंतरता पर है जो ओलंपिक में कामयाबी की कुंजी साबित होता है। श्रीजेश ने कहा कि पिछली बार तक सभी बोलते थे कि हमारा हॉकी में गौरवशाली इतिहास है और हमें ओलंपिक में पदक जीतना है। इस बार हमारे पास पदक है और अपेक्षाएं बढ़ गई है और हमने उसके बाद से अच्छा प्रदर्शन भी किया है। यह सकारात्मक दबाव है और याद दिलाता है कि हम पदक जीतने में सक्षम हैं। केरल के इस गोलकीपर ने कहा कि हमारी टीम का मंत्र है कि आउटसोर्स दबाव को बाहर ही रखो, उसे भीतर लेकर मत आओ। दबाव हम खुद बनाते हैं, परिवार का, महासंघ का, दर्शकों का, मीडिया का या फिर सोशल मीडिया का। लेकिन हम उसे टीम में नहीं लाते और अपने खेल पर फोकस रखते हैं। अपनी ताकत, कमजोरियां, लक्ष्य बस इस बारे में ही सोचते हैं। अपने कैरियर में 16 अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुके पद्मश्री श्रीजेश ने कहा कि दबाव ओलंपिक का हिस्सा है लेकिन हम उसे सकारात्मक लेकर ऊर्जा का स्रोत के रूप में इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 4 साल में टीम में और कोचिंग स्टाफ में बदलाव हुआ और माहौल भी बदला है। लेकिन लक्ष्य एक ही है कि हमें ओलंपिक पदक जीतना है और वही सभी के दिमाग है। कई बार निचली रैंकिंग की टीम से हमें कड़ी चुनौती मिली है लिहाजा हम निरंतरता पर फोकस कर रहे हैं। ओलंपिक में पहले दिन से आखिरी दिन तक हॉकी के मैच होते हैं। पिछले मैच को भुलाकर तुरंत अगले मैच पर फोकस करना जरूरी होगा और यही निरंतरता काम आएगी।

# धोनी भले ही 10 प्रतिशत ही फिट हो लेकिन टीम के लिए वह पूरा सीजन खेलेंगे : अंबाति रायडू

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और इंडियन प्रीमियर लीग के दिग्गज अंबाती रायडू का कहना है कि कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई के लिए महत्वपूर्ण होंगे। रायडू जोकि आगामी टूर्नामेंट में कामेंट्री करते हुए नजर आएंगे, ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि धोनी इस पूरे सीजन में सीएसके के लिए खेलेंगे। मुझे लगता है कि अगर उसने इस सीजन में खेलने का फैसला किया है और अगर वह 10त्न भी फिट है, तो वह निश्चित रूप से पूरा सीज़न खेलेगा। उसे पता है, चोट उसे खेल से बाहर नहीं रखेगी। उसने कई चोटों के बावजूद खेला है। पिछले सीज़न के दौरान भी, वह घुटने की चोट के साथ खेल रहे थे, इसलिए मुझे नहीं लगता कि कोई भी चीज उन्हें इस पूरे सीजन में खेलने से रोकेगी।



रायडू ने आगामी सीज़न में सीएसके के लिए प्रशंसकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीएसके का सीएसके होना ही सबसे बड़ा कनेक्ट है। वे बहुत घरेलू हैं। यह आपके लिविंग रूम में बैठने जैसा है। सीएसके ऐसी ही है। वे बहुत मिलनसार हैं, यहां तक ??कि जब आप किसी होटल में ठहर रहे हों, तो भी लोग आएंगे और आपके साथ तस्वीरें खिंचवाएंगे, प्रशंसक आएंगे और आपसे मिलेंगे। वे लोगों को खिलाड़ियों से मिलने और प्रशिक्षण देखने की अनुमति देते हैं, इसलिए जुड़ाव की भावना होती है और वे प्रशंसकों को यह महसूस कराते हैं कि यह उनकी अपनी टीम है। प्रशंसकों को ऐसा लगता है जैसे वे टीम में खेल रहे हैं। वे टीम का हिस्सा हैं और यही बनाता है। सीएसके परिवार बहुत बड़ा है, और अब यह दुनिया भर में फैल गया है, उनके पास बहुत बड़ा प्रशंसक आधार है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे पहले एमएस धोनी के प्रशंसक हैं और फिर सीएसके के प्रशंसक हैं।

रायडू ने कहा कि धोनी भाई के बारे में आप कभी नहीं जान सकते। लेकिन उनके साथ जो पिछले सीजन में हुआ उससे मुझे संदेह है कि वह अभी भी ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए नहीं आएंगे। वह किसी युवा खिलाड़ी को आगे करेंगे क्योंकि (डेवॉन) कॉनवे घायल हैं। मुझे यकीन है कि अपनी बल्लेबाजी से वह खुद को एक या दो (स्थान) ऊपर प्रमोट कर सकते हैं, लेकिन शीर्ष क्रम में नहीं।

रायडू ने कहा कि क्या धोनी पूरे सीजन में कप्तान बने रहेंगे, सवाल पर कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम के साथ, वह बैकसीट ले सकता है और बीच में किसी को अपनी टीम की कप्तानी के लिए प्रमोट कर सकता है। इसलिए यह वर्ष सीएसके के लिए एक परिवर्तन वर्ष हो सकता है यदि यह उनका आखिरी वर्ष है, यदि वह कुछ और वर्षों तक खेलने का फैसला करते हैं, तो मुझे लगता है कि वह कप्तान होंगे। मैं व्यक्तिगत रूप से चाहूंगा कि वह एक कप्तान के रूप में देखें।

## पाकिस्तान दो दशक बाद घरेलू मैदानों पर करवाएगा ट्राई सीरीज, इन 2 टीमों ने भरी हामी

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान दो दशकों में पहली बार एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज करवाने की तैयारी में है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने फरवरी 2025 में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ वनडे सीरीज खेलने की घोषणा की है। यह सीरीज चैंपियंस ट्रॉफी से पहले होगी। पाकिस्तान के पास 50 ओवर के टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार है। पाकिस्तान ने आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी 2017 में जीती थी जब उन्होंने भारत को फाइनल में 180 रन से हराया था।




बहरहाल, पीसीबी के नवनियुक्त अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के अध्यक्ष लॉसन नायडू और न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के अध्यक्ष रोजर टूसे से मुलाकात के बाद इसकी घोषणा की है। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2008 में बांग्लादेश में त्रिकोणीय श्रृंखला में भाग लिया था। सीरीज में पाकिस्तान, बांग्लादेश और भारत शामिल थे। आखिरी बार पाकिस्तान ने अक्टूबर 2004 में त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी की थी तब श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीमें पाकिस्तान खेलने आई थीं।

पीसीबी प्रमुख नकवी ने कहा, पीसीबी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी के लिए भी उत्सुक है, जो पाकिस्तान के लिए अपनी धरती पर शीर्ष आठ वनडे टीमों की मेजबानी करने के लिए बहुत खुशी की बात होगी। पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच त्रिकोणीय श्रृंखला एक रोमांचक घटना होगी और यह लंबे समय के बाद है कि पाकिस्तान इस तरह के टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। मैं त्रिकोणीय श्रृंखला में भाग लेने के लिए सहमत होने के लिए एनजेडसी और सीएसए के प्रमुखों को धन्यवाद देना चाहता हूं।

पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी का मौजूदा चैंपियन है। सरफराज अहमद के नेतृत्व में, पाकिस्तान ने 2017 में इंग्लैंड में शीर्ष आठ रैंकिंग वाली टीमों का टूर्नामेंट जीता। पाकिस्तान ने फाइनल में भारत को हराया था। हालांकि उसके बाद से पाकिस्तान को भारत के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में सफलता नहीं मिली है। भारत की मेजबानी में हुए 2023 विश्व कप में पाकिस्तान सिर्फ 191 रन बनाकर 7 विकेट से हार गया था।

## धोनी को सोशल मीडिया और ब्रॉडकास्टर ने हीरो बनाया

### गंभीर के दावे से सहमत है यह भारतीय गेंदबाज प्रवीण कुमार

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर अक्सर सोशल मीडिया और ब्रॉडकास्टर पर 2011 विश्व कप जीत के लिए अकेले एमएस धोनी को हीरो बनाने के आरोप लगाते रहे हैं। अब उनके आरोपों को पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार का भी समर्थन मिल गया है। गंभीर ने क्रिकेट विश्व कप चाहे वह टी20 हो या वनडे विश्व कप, में धोनी के अलावा जहीर खान और युवराज सिंह के योगदान पर बात की थी। गंभीर ने कहा था कि इन प्लेयरों को उतना श्रेय नहीं मिला जितना मिलना चाहिए था।

गंभीर ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि भारत को नायक पूजा संस्कृति से बाहर आने की जरूरत है। चाहे कोई भी क्षेत्र हो, हमें बड़े नामों की पूजा बंद करनी होगी।

# पहली बार फाइनल में पहुंची आरसीबी, मुंबई को 5 रनों से हराया

### आरसीबी को फाइनल में पहुंचा स्मृति मंधाना ने बताया- क्या था मैच का टर्निंग प्वाइंट



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग के इतिहास में पहली बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु महिला की टीम फाइनल में पहुंच गई। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए एलिमिनेटर मुकाबले में बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को 5 रन से हरा दिया। अपनी कप्तानी में आरसीबी को फाइनल में पहुंचाकर स्मृति मंधाना खुश दिखीं। उन्होंने कहा कि क्या मैच है। अभी भी यह अहसास कम नहीं हुआ है। आधे रास्ते पर हमें लगा कि हम 20 रन पीछे रह गए हैं। लेकिन जिस तरह से हमने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण किया वह अद्भुत था। 130 का कुल स्कोर है जहां आप निश्चित नहीं हैं कि आक्रमण करना है या बचाव करना है, लेकिन आशा का आखिरी ओवर अवास्तविक था।

मैच के टर्निंग प्वाइंट पर बात करते हुए स्मृति ने कहा कि यह निश्चित रूप से हरमन का विकेट रहा। श्रेयंका का वह ओवर और यहां तक ??कि सोफी का 19वां ओवर भी, क्योंकि साजना भी एक अच्छी हिटर हैं। उस 19वें ओवर ने असल में बहुत अंतर पैदा कर दिया। वहीं, पेरी के प्रदर्शन पर स्मृति ने कहा कि अब मैं इसके बारे में क्या कहूं। वह एक किंवदंती है, जिस तरह से उसने 3 विकेट गिरने के बाद धैर्य बनाए रखा। और वापस आकर रन बनाए, शानदार थे।

स्मृति ने कहा कि पिछले मैच के बाद हमने सोचा था कि हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं। हमारे लिए आज टॉस जीतना अच्छा रहा। लेकिन 30/3 स्कोर होना खराब रहा। लेकिन हम 130 के आसपास पहुंच गए। क्रिकेट एक मजेदार खेल है और इसी ने मुझे आगे बढ़ते रहना सिखाया। मैं वास्तव में खुश हूं कि आरसीबी फाइनल में है।

मुकाबले की बात करें तो दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए एलिमिनेटर मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को 5 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। आरसीबी ने पहले खेलते हुए एलिसा पेरी के 66 रनों की बदौलत 135 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी मुंबई की शुरूआत सधी हुई रही। मध्यक्रम में नेट ब्रंट ने 23 कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 30 तो अमेलिया केर ने 27 रन बनाए लेकिन आखिरी ओवरों में गिरी विकेट के कारण वह जीत हासिल करने से चक गईं।

## सुनील गावस्कर ने बीसीसीआई को दिए कई सुझाव, मान लिए गए तो रणजी खेलने भागते आएंगे खिलाड़ी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज रहे सुनील गावस्कर ने बीसीसीआई से घरेलू क्रिकेटरों, खासकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने वालों के लिए मिलने वाली राशि को तीन गुना करने की मांग की है। उन्होंने टेस्ट क्रिकेटरों के लिए बीसीसीआई द्वारा हाल ही में की गई घोषणा का स्वागत करते हुए कहा, यह बीसीसीआई द्वारा खेलने वाले खिलाड़ियों को इनाम देने के लिए बहुत अच्छी बात है, लेकिन मैं बीसीसीआई से यह भी अनुरोध करूंगा कि टेस्ट टीम के लिए खिलाड़ी तैयार करने वाली रणजी ट्रॉफी का भी ध्यान रखा जाए।

**सैलरी बढ़ाने पर बोले गावस्कर** - टेस्ट में दस हजार रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा, अगर रणजी ट्रॉफी की फीस दोगुनी या तिगुनी कर दी जाए, तो निश्चित रूप से बहुत अधिक लोग रणजी ट्रॉफी खेलेंगे और रणजी ट्रॉफी से कम खिलाड़ी बाहर होंगे। क्योंकि अगर रणजी ट्रॉफी का मैच फीस अच्छी हो, तो अलग-अलग कारणों से कम खिलाड़ी बाहर होंगे। उन्होंने ने राहुल द्रविड़ के इस विचार का भी समर्थन किया कि बीसीसीआई की घोषणा को रेड-बॉल क्रिकेट खेलने के लिए इनाम देने के बजाय सम्मान के रूप में देखा जाए। उन्होंने कहा कि अगर रणजी खिलाड़ियों को सही मुआवजा दिया जाए, तो हाल ही में देखे गए जितने खिलाड़ी बाहर हुए हैं, उतने बाहर नहीं होंगे, खासकर इशान किशन जैसे खिलाड़ी। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि धर्मशाला में घोषणा के समय राहुल द्रविड़ ने जो कहा था, वो सही है। उन्होंने इसे इनाम देने के बजाय सम्मान के रूप में देखना पसंद किया। हर कोई एक स्लैब प्रणाली के साथ खेलना चाहेगा, हर 10 प्रथम श्रेणी मैच के बाद उन्हें इतना अधिक मिलेगा। इसलिए मैं बीसीसीआई से अनुरोध करूंगा कि वे इस पहलू पर भी गौर करें।



**मैच के बीच में रहे लंबा गैप** - सुनील गावस्कर ने रणजी मैचों के बीच लंबा अंतर रखने के विचार का भी समर्थन किया, जो कई टीमों के खिलाड़ी मांग रहे हैं। उन्होंने कहा, तीन दिन के अंतर में तो एक दिन तो ट्रैवल में ही चला जाता है। ऐसे में फिजियो से मिलने और चोट से उबरने में उनकी मदद लेने का समय नहीं मिलता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक भाजपा में बगावत, ईश्वरप्पा लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव

**शिमोगा।** कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता केएस ईश्वरप्पा ने पार्टी से बगावत करते हुए शुक्रवार को घोषणा की कि वह लोकसभा चुनाव में शिमोगा से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरेंगे। उन्होंने बेटे केई कांतेश को हावेरी सीट से टिकट नहीं दिए जाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को जिम्मेदार ठहराया। येदियुरप्पा के बेटे और मौजूदा सांसद बीवाई राघवेंद्र को भाजपा ने शिमोगा से पार्टी प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री एस बंगारप्पा की बेटी, कन्नड़ फिल्म स्टार शिवराजकुमार की पत्नी और दिवंगत अभिनेता डा. राजकुमार की पुत्रवधू गीता शिवराजकुमार को मैदान में उतारा है। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को हावेरी सीट से मैदान में उतारा है। कर्नाटक में भाजपा को खड़ा करने का श्रेय ईश्वरप्पा, येदियुरप्पा और दिवंगत एचएन अनंत कुमार को दिया जाता है। ईश्वरप्पा ने कहा कि येदियुरप्पा ने उनके बेटे को टिकट दिलाने का आश्वासन दिया था और उनकी जीत के लिए प्रचार करने का वादा किया था, लेकिन अब उन्होंने उन्हें धोखा दिया है।

### टोलीचौकी के तेल गोदाम में भीषण आग, दूर तक दिखता रहा धुएं का गुबार

**हैदराबाद , एजेंसी।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के एक तेल गोदाम में भीषण आग लगने की खबर सामने आई है। घटना टोलीचौकी के एक तेल गोदाम की है, जहां लगी आग इतनी ज्यादा भीषण थी कि कई मीटर तक उसकी लपटें दिखीं। जानकारी के अनुसार, मौके पर आग बुझाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौजूद रहीं। आग पर काबू पाने की अभी तक कोशिश जारी है।

### दक्षिण भारत में भाजपा को झटका, जतेंद्र रेड्डी ने पार्टी छोड़ थामा कांग्रेस का हाथ

**हैदराबाद, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले दक्षिण भारत में भाजपा को झटक लगा है। तेलंगाना में भाजपा को झटका देते हुए पार्टी नेता और पूर्व सांसद एपी जितेंद्र रेड्डी शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। जितेंद्र रेड्डी ने मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी, तेलंगाना के कांग्रेस प्रभारी दीपा दासमुंशी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस में शामिल होते ही पार्टी से मिला गिफ्ट कांग्रेस में शामिल होने के बाद पार्टी ने उन्हें इसका गिफ्ट भी दिया। तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार ने जितेंद्र रेड्डी को एक आदेश में राजधानी दिल्ली में तेलंगाना सरकार के विशेष प्रतिनिधि और सरकार के खेल मामलों के सलाहकार के रूप में नियुक्त किया। यह पद राज्य मंत्री के बराबर होता है। जितेंद्र रेड्डी महबूबनगर से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के टिकट के चाहते थे, लेकिन भाजपा ने यहां से डी के अरुणा को टिकट देकर मौदान में उतार दिया है।

### गोद लेने की प्रक्रिया में सहायक एजेंसियां स्थापित न होने से सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ल, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देशभर के 370 जिलों में परित्यक्त और स्वेच्छा से सौंपे गये बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया में सहायक विशेषज्ञता वाली एजेंसियों (एसएए) की स्थापना में विफल रहने पर नाराजगी व्यक्त की और चेतावनी दी कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उसके निर्देशों का पालन न करने पर कठोर कदम उठाए जाएंगे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने अफसोस जताया कि देश के 760 जिलों में से 370 में एसएए क्रियाशील नहीं हैं, जो किशोर न्याय अधिनियम के तहत एक जरूरी कानूनी आवश्यकता है। एसएए भावी दत्तक माता-पिता की गृह अध्ययन रिपोर्ट तैयार करते हैं और उन्हें पात्र पाए जाने के बाद गोद देने के लिए कानूनी रूप से उपलब्ध बच्चे को बाल अध्ययन रिपोर्ट तथा मेडिकल रिपोर्ट के साथ गोद लेने के लिए संदर्भित करते हैं। हमारे निर्देशों का पालन नहीं किया गया, तो हम कठोर कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे। पीठ ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को एसएए की स्थापना और गोद लेने की संख्या पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को सात अप्रैल तक नवीनतम डाटा उपलब्ध कराने को कहा है।

# 100 करोड़ रुपये की रिश्वत, 10 से ज्यादा बदले मोबाइल; केसीआर की बेटी कविता पर लगे कई आरोप



**नईदिल्ली, एजेंसी।**

तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर की बेटी और विधायक के कविता पर 100 करोड़ रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है, उन्होंने10 मोबाइल से ज्यादा बदले। इस केस में ईडी ने गुरुग्राम से कारोबारी अमित अरोड़ा को 30 नवंबर, 2022 में गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक, अमित ने अपने बयानों में कविता के नाम का लिया था। जांच एजेंसी ने दावा किया था कि कविता साउथ ग्रुप नाम की एक शराब लॉबी की मुख्य लीडर थीं। उन्होंने अन्य कारोबारी के माध्यम से दिल्ली में आप के नेताओं को 100 करोड़ रुपये का भुगतान किया था।इसके बाद मार्च 2023 में ईडी ने इस मामले में कविता का नाम भी शामिल किया।

ईडी का दावा है कि कवित उस साउथ ग्रुप में शामिल थीं जिसमें दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, सारथ रेड्डी, एम श्रीनिवासुलु रेड्डी, राघव मगुंटा शामिल थे। इस ग्रुप का प्रतिनिधित्व अरुण पिल्लई, अभिषेक बोइनपल्ली और बुची बाबू ने किया था।

दिल्ली में 2021-22 की लिकर पॉलिसी थोक विक्रेताओं के लिए असाधारण रूप से 12 प्रतिशत लाभ मार्जिन और खुदरा विक्रेताओं के लिए लगभग 185 प्रतिशत लाभ मार्जिन के साथ दी गई थी। ईडी के अनुसार, पॉलिसी की 12 फीसदी मार्जिन में से छह प्रतिशत थोक विक्रेताओं से आम आदमी पार्टी के नेताओं को रिश्वत के रूप में वापस वसूल किया जाना था। साउथ ग्रुप ने आप नेता विजय नायर को लगभग 100 करोड़ रुपए की रिश्वत एडवांस में दी थी।

## खिलजी की सेना ने छापा मारा

### कविता की गिरफ्तारी पर भड़के भाई केटीआर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईडी ने शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी कविता (46) को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है। इससे पहले दिन में ईडी अधिकारियों ने हैदराबाद में कविता के परिसरों पर छापेमारी की और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों के मुताबिक, तेलंगाना में बीआरएस की विधान पार्षद (एमएलसी) कविता को हैदराबाद में बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से शाम पांच बजकर 20 मिनट पर गिरफ्तार किया गया। बीआरएस द्वारा एक वीडियो शेयर किया गया जिसमें कविता के भाई और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ईडी अधिकारियों के साथ बहस करते हुए कह रहे हैं कि एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट को दिए गए वचन का उल्लंघन किया है। वीडियो में रामा राव को यह आरोप लगाते सुना जा सकता है कि तलाशी खत्म होने के बाद भी परिवार के सदस्यों को घर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। साथ ही केटीआर की टीम की ओर से जारी बयान में पीएम मोदी पर निशाना साधा है। केटीआर ने कहा, साल 1323 में अलाउद्दीन खिलजी की सेना ने छापा मारा और काकतीय सम्राट प्रताप रुद्र को पकड़ लिया और उन्हें दिल्ली ले गए। खिलजी की सेना ने विजय जुलूस निकाला। ठीक 700 साल बाद 2024 में मोदी की सना ने हैदराबाद पर आक्रमण किया और एमएलसी कविता को पकड़ लिया और दिल्ली ले गए। अब खिलजी के उत्तराधिकारी मोदी ने हैदराबाद में जुलूस निकाला है।

## देश में हर बड़े मुद्दे के बीच दिल्ली वालों ने किया खूब मतदान

### वोटिंग पैटर्न से समझें दिल्ली के वोटर्स का मूड



**नईदिल्ली, एजेंसी।**

सियासत का सबसे बड़ा केंद्र माने जाने वाली देश की राजधानी दिल्ली बड़े आंदोलन और सत्ता परिवर्तन की गवाह रही है। देशहित और जनहित के मुद्दों के उन आंदोलनों का समर्थन दिल्लीवालों ने मतदान के जरिए किया है। चुनावी आंकड़े बताते हैं कि जब भी देशहित, जनहित से जुड़े मामलों पर आंदोलनों के बाद चुनाव हुआ है, दिल्लीवालों ने जमकर वोट बरसाए। भारत-पाकिस्तान की जंग हो, आपातकाल का दौर रहा हो या फिर अन्ना आंदोलन के बाद हुआ 2014 का लोकसभा चुनाव। राजधानी के मतदाताओं ने बंपर मतदान किया।

चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि आमतौर पर दिल्ली में मतदान राष्ट्रीय औसत से पीछे रहा है। आखिरी बार 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय औसत से ज्यादा मतदान हुआ था। उस साल तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या हुई थी। उसी साल लोकसभा चुनाव में मतदान का राष्ट्रीय औसत 63.56 फीसदी था, जबकि दिल्लीवालों ने 64.48 फीसदी मतदान किया। 2014 में अन्ना आंदोलन के बाद दिल्लीवालों ने 65.15 फीसदी मतदान किया था, जो कि राष्ट्रीय औसत से महज 1.4 फीसदी ही कम था।

देश में आजादी के बाद कुल 17 लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। अब तक दिल्ली में सबसे अधिक 1977 में 71.49 फीसदी मतदान हुआ था। उस साल देश में आपातकाल की घोषणा के बाद यह चुनाव हुआ था। देशभर में आपातकाल के खिलाफ आंदोलन चल रहे थे। दिल्ली में इसे लेकर विरोध चल रहा था। उस साल हुए लोकसभा चुनाव में दिल्लीवालों ने आपातकाल के विरोध में जमकर मतदान किया। सत्ता परिवर्तन का इतिहास लिखा। आज तक मतदान का वह रिकॉर्ड दिल्लीवाले नहीं तोड़ पाए हैं।

## 100 प्रतिशत आश्वस्त हूं सीएए से एक भी व्यक्ति असम में नहीं आएगा: सीएम सरमा

**गुवाहाटी, एजेंसी।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि जैसे ही सीएए राज्य में लागू होगी वैसे ही बंद किए गए 27 लाख लोगों के 'बायोमेट्रिक' को अनलॉक किया जाएगा। दरअसल, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर एनआरसी को अपडेट करने के दौरान यह प्रक्रिया लॉक कर दी गई थी।



एनआरसी को अपडेट करने के दौरान राज्य में करीब 27 लाख लोगों के बायोमेट्रिक्स लॉक हो गए थे और उन्हें आधार कार्ड नहीं मिल पा रहे थे। सरमा ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (८स) और अन्य हितधारकों के साथ प्रक्रिया पर चर्चा करूंगा और उम्मीद है कि चुनाव के तुरंत बाद कोई समाधान निकल आएगा।

सरमा ने कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान, कानून के अधिनियमन के बाद, हम सीएए के बारे में उठाए गए संदेहों को दूर करने के लिए जमीनी काम कर रहे थे। अब यह स्पष्ट है कि 2014 के बाद आए किसी भी व्यक्ति को भारतीय नागरिकता नहीं दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि वह 100 प्रतिशत आश्वस्त हैं कि सीएए के माध्यम से एक भी व्यक्ति असम में नहीं आएगा और केवल उन लोगों को नागरिकता मिलेगी जिन्होंने एनआरसी के लिए आवेदन किया था।

सीएम ने स्वीकार किया कि बायोमेट्रिक्स को अवरुद्ध करने से राशन कार्ड और रोजगार प्राप्त करने में समस्याएं पैदा हुई और हम इस मामले को उठाएंगे और इसे हल करेंगे। उन्होंने लोगों से सीएए मुद्दे पर भावनाओं से नहीं बल्कि ठोस तर्क से निर्देशित होने का आग्रह किया। सरमा ने कहा, हमने एनआरसी प्रक्रिया के जरिए पहले ही डेटा हासिल कर लिया है और जो लोग सूची में शामिल नहीं हैं, उन्हें सीएए नहीं तो फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल के जरिए वैसे भी नागरिकता मिल जाती। सीएम ने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि लगभग छह लाख लोगों, बराक और ब्रह्मपुत्र घाटियों से तीन-तीन लाख लोगों को नागरिकता मिलेगी, न कि 20 लाख लोगों को, जैसा कि कुछ वर्गों द्वारा फैलाया जा रहा है।





## अमेरिकी कांग्रेस समिति 20 मार्च को करेगी पाकिस्तान चुनाव धांधली पर बहस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी कांग्रेस (संसद) की एक समिति ने कहा है कि वह पाकिस्तान में पिछले महीने हुए चुनावों पर 20 मार्च को बहस करेगी। इन चुनावों में धांधली का आरोप लगा है। बहस का शीर्षक है, चुनावों के बाद पाकिस्तानः पाकिस्तान में लोकतंत्र के भविष्य का परीक्षण और अमेरिका-पाकिस्तान संबंध। दो दर्जन से ज्यादा सांसदों ने पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव की निष्पक्षता को लेकर चिंता व्यक्ति की थी जिसके बाद 20 मार्च को दक्षिण एशियाई देश पर बहस की घोषणा की गई। चुनाव में धांधली के आरोप लगे हैं। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने कहा है कि जनादेश को चुरा कर नई सरकार का गठन किया गया है। खान की पार्टी समर्थित 90 से ज्यादा निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है और नेशनल असेंबली में उनकी संख्या सबसे ज्यादा है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने गठबंधन कर सरकार बनाई है। दक्षिण और पश्चिम एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू को पश्चिम एशिया, उत्तरी अफ्रीका पर उपसमिति और मध्य एशिया पर सदन की विदेश मामलों की समिति के समक्ष गवाही देने के लिए कहा गया है। सिफर (गुप्त राजनयिक संदेश) विवाद में लू की कथित संलिप्तता को देखते हुए उनकी गवाही अहम मानी जा रही है। सदन की विदेश मामलों की समिति 20 मार्च को एक प्रस्ताव पर विचार करने वाली है जो पाकिस्तान में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए समर्थन व्यक्त करता है।

## चीन की चांद पर पहुंचने की उम्मीदों को लगा झटका, कामयाब नहीं हो पाया मिशन

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन द्वारा चंद्रमा पर भेजी गई उपग्रहों की जोड़ी अपनी निर्धारित कक्षा तक पहुंचने में कामयाब नहीं हो पाई। चंद्रमा पर पहुंचने की चीन की उम्मीदों के लिए ये एक बड़ा झटका है। बता दें कि कि बुद्धवार शाम को जिचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से डीआरओ-ए और डीआरओ-बी नाम के उपग्रहों को चंद्रमा पर भेजा गया था। लॉन्च होने के बाद पहला और दूसरा चरण सामान्य रूप से संचालित हुआ। इसके बाद के चरण में उड़ान के दौरान दोनों ही उपग्रहों से नियंत्रण छूटने लगा। इस वजह से दोनों उपग्रह पूर्व निर्धारित कक्षा में सही तरीके से प्रवेश करने में विफल रहे। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया है कि इसकी वजहों को तलाशा जा रहा है।



हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने बताया कि चीन के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की योजना थी कि इन दोनों उपग्रहों को चंद्रमा की प्रतिगामी कक्षा (डीआरओ) में प्रवेश कराया जाए। वहां से दोनों साथ में उड़ान भरते और तीसरे उपग्रह डीआरओ-एल के साथ काम करते। डीआरओ-एल को फरवरी महीने में पृथ्वी और चंद्रमा के बीच लेजर-आधारित नेविगेशन प्रौद्योगिकियों का परीक्षण करने के लिए जिलॉन्ग 3 रॉकेट द्वारा पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया था। डीआरओ चंद्रमा की सतह से हजारों किलोमीटर ऊंचाई पर है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह अत्यधिक स्थिर है, जो अंतरिक्ष यान को ईंधन का उपयोग किए बिना लंबे समय तक ट्रैक पर रहने की अनुमति देता है। चीनी वैज्ञानिकों की मानें तो अनुसंधान और अन्वेषण के लिए यह काफी फायदेमंद हो सकता ।

### गाजा में युद्धविराम की संभावना, इजराइल 1000 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने पर हो सकता है सहमत

**तेल अवीव, एजेंसी।** हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम की संभावना बढ़ गई है। दोनों पक्ष अपनी पिछली मांगों से पीछे हटने को तैयार हो गए हैं। हमास जहां युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने की अपनी मांग की जगह इसे छह सप्ताह के लिए रोकने पर सहमत हो गया है, वहीं इज़राइल 1000 फ़िलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने पर लगभग तैयार हो गया है। इनमें से 100 पर हत्या सहित गंभीर अपराधों का आरोप है। युद्ध विराम के लिए पिछले दो दिनों में दोहा, काहिरा और पेरिस में वार्ताकारों के बीच कई बैठकें हुईं। इजराइली खुफिया एजेंसियों के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि कतर ने हमास नेतृत्व को सूचित किया है कि अगर वे अपनी अनुचित मांगों से पीछे नहीं हटते हैं।

## ब्रिटेन में दो मई को आम चुनाव की संभावनाएं नहीं- पीएम सुनक

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने तय समय से पहले चुनाव कराए जाने की अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दो मई को देश के आम चुनाव नहीं कराए जाएंगे। सुनक के बयान के बाद लेबर पार्टी की तरफ से शुरू हुई कयासबाजी खत्म होने की उम्मीद है। लेबर पार्टी ने कहा था कि लंदन में स्थानीय और प्रशासकों के चुनाव के साथ ही आम चुनाव भी कराए जा सकते हैं। खबरों के मुताबिक सुनक ने इस साल की शुरुआत में साल की दूसरी छमाही में चुनाव कराने पर विचार करने की बात कह चुके हैं। हालांकि, हाल के कुछ हफ्तों में मई की शुरुआत में अचानक चुनाव कराए जाने की अटकलें लगाई जाने लगीं। गुरुवार को एक चैनल के साथ इंटरव्यू के दौरान 43 वर्षीय सुनक ने कहा कि लोगों को अनुमान लगाते रहना पसंद है, लेकिन ब्रिटेन में दो मई को आम चुनाव की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि कई हफ्तों में ब्रिटेन में पुलिस और अपराध आयुक्तों, स्थानीय परिषदों, महापौरों के लिए चुनाव कराए जाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उसी समय ब्रिटेन का आम चुनाव भी होगा? सुनक ने कहा, उस दिन आम चुनाव नहीं होगा, लेकिन जब भी आम चुनाव होगा, विकल्प मायने रखेगा।

## अगले 50-60 वर्षों में आर्थिक ताकत का केंद्र बनेगा हिंद महासागर- राष्ट्रपति विक्रमसिंघे

**कोलंबो, एजेंसी।**

हिंद महासागर क्षेत्र में जबरदस्त विकास हो रहा है और यह अगले पचास से साठ वर्षों में महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र बनने जा रहा है। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रम सिंह ने शनिवार को द्वीप राष्ट्र और भारत के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों का जिक्र करते हुए यह बात कही।

श्रीलंका के 76वें स्वतंत्रता दिवस और भारत के 75वें गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए कोलंबो में श्रीलंका-भारत सोसाइटी में एक सभा आयोजित की गई थी। इसको संबोधित करते हुए विक्रमसिंघे ने कहा कि भारत, इंडोनेशिया, ईरान और सऊदी अरब जैसे देशों की हिंद



महासागर क्षेत्र में बड़ी भूमिका है और वे विभिन्न पहलुओं पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत, इंडोनेशिया, ईरान और सऊदी अरब जैसे देश विभिन्न पहलुओं पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास हो रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र अगले 50-60 वर्षों में एक महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने कहा, यह जरूरी है कि हम इस प्रयास को अभी शुरू करें। हमारे दोनों देशों के बीच मौजूदा सियासी संबंधों और विभिन्न क्षेत्रों में हमारी निकटता को देखते हुए यह जरूरी है कि हम सहयोग करें और एक साथ प्रगति करें। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच मजबूत व्यापार और आर्थिक संबंधों की जरूरत है। श्रीलंका और भारत के बीच गहरे धार्मिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। दुर्भाग्य से दोनों देशों ने आपस में व्यापार और आर्थिक संबंधों को नजरअंदाज किया है।

उन्होंने आगे कहा, यह याद रखना जरूरी है कि हमारे संबंध सांस्कृतिक संबंधों से परे भी हैं। ऐतिहासिक तथ्यों से पता चलता है कि मोहनजोदड़ो सभ्यता के समय में भी भारत से श्रीलंका के लिए जहाज रवाना हुए थे। विक्रमसिंघे ने कहा कि अनुराधापुरा के प्राचीन गांवों की खुदाई के दौरान कुछ क्षेत्रों में दक्षिण भारतीय व्यापार संगठनों द्वारा जारी संगठनों के सिक्के मिले हैं। यह पुरातात्विक साक्ष्य इस ओर इशारा करते हैं कि श्रीलंकाई रुपये और भारतीय रुपये के इस्तेमाल पर समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने से बहुत पहले से लोगों ने व्यापार लेनदेन ककरने के लिए एक आम मुद्रा का इस्तेमाल किया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129